सूर्योदय 5:17 सूर्यास्त 7:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.0 न्यू. | 27.6 अधि |
| धर्मशाला | 17.7 न्यू | 35.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73,524 |
| निफ्टी | 23,123 |
| सोना 1,51,000 | चांदी 2,63,350 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129 62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 9 जून 2026 | 26 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 161, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### टेस्ट मैच में भारत की सबसे बड़ी जीत

एजेंसी, न्यू चंडीगढ़। भारत ने न्यू चंडीगढ़ में खेले गए टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हरा दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत की पिछली सबसे बड़ी जीत पारी और 272 रन के अंतर से थी। जो 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ राजकोट में मिली थी। मैच के तीसरे दिन अफगानिस्तान की टीम दूसरी पारी में 112 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 564/8 के स्कोर पर घोषित कर दी थी। इसके जवाब में अफगानिस्तान की पहली पारी 152 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन खेलना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### टीएमसी नेता जहांगीर नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

एजेंसी, कोलकाता। प. बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने सोमवार को टीएमसी नेता जहांगीर खान को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी नेपाल बॉर्डर के पास से हुई। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता पुलिस स्टेशन में खान के खिलाफ 7 एफआईआर की गई थीं। वह नेपाल भागने की फिराक में था। अभी बंगाल पुलिस की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस जहांगीर को कोलकाता ला रही है। जानकारी के मुताबिक जहांगीर को अवैध वसूली करने के आरोप में पकड़ा गया है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में पहले यह दावा किया गया था कि जहांगीर के समर्थकों ने महिलाओं को गैंगरेप की धमकी दी थी। इसके कारण उनकी गिरफ्तारी हुई है। (अनंत ज्ञान)

### रिजल्ट पोर्टल पर उठे सवाल किए खारिज

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पोस्ट-रिजल्ट सेवाओं के पोर्टल के संचालन को लेकर सामने आई कुछ मीडिया रिपोर्टों व सोशल मीडिया पोस्टों पर सोमवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि सत्यापन व पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन विंडो 2 से 7 जून तक पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित हुई। इस दौरान 1.6 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने 3.8 लाख से ज्यादा उत्तर पुस्तिकाओं से संबंधित अनुरोध दर्ज किए। बोर्ड के अनुसार इस अवधि के दौरान सरकारी तकनीकी एजेंसियों व भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की विशेषज्ञ टीमों की निगरानी में पोर्टल का संचालन किया गया। (अनंत ज्ञान)

### 'आप' विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं : संजय

एजेंसी, नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि 'आप' अब विपक्षी (आईएनडीआईए) गठबंधन का हिस्सा नहीं है। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह सोमवार को एक बयान में इंडी ब्लॉक की बैठक पर कहा कि जहां तक पार्टी का सवाल है, पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि आआपा इंडी गठबंधन का हिस्सा नहीं है। इसलिए बैठक में उसके शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। इस दौरान संजय सिंह ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि तमिलनाडु में बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच कांग्रेस द्वारा द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) को विश्वास में लिए बिना अभिनेता विजय की पार्टी 'तमिलगा वेट्री कजगम' (टीवीके) को समर्थन देने के कारण दोनों दलों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# नशे की गिरफ्त में आईं महिलाओं का होगा उपचार-पुनर्वास : सीएम

## मशोबरा में खुला प्रदेश का पहला महिला नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र 'नव-जीवन'

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को सोमवार को एक नई दिशा मिली, जब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के समीप मशोबरा में प्रदेश के पहले महिला नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र 'नव-जीवन' का उद्घाटन किया। महिलाओं के लिए विशेष रूप से स्थापित यह केंद्र न केवल नशे की गिरफ्त में आईं महिलाओं के उपचार का माध्यम बनेगा, बल्कि उन्हें सम्मानजनक जीवन की मुख्यधारा में वापस लाने का भी सशक्त प्रयास करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिट्टे और अन्य नशीले पदार्थों का बढ़ता प्रभाव केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज और परिवारों के भविष्य से जुड़ा गंभीर मानवीय संकट है।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने शुरू से ही चिट्टे के खतरे को गंभीरता से लिया है और इसके खिलाफ बहुआयामी रणनीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि नशे की शिकार महिलाएं और युवा अपराधी नहीं, बल्कि परिस्थितियों के शिकार होते हैं, इसलिए सरकार उनके उपचार, परामर्श व पुनर्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। वहीं दूसरी ओर नशा तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी है व किसी भी स्तर पर नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार करने वाले लोग समाज के दुश्मन हैं व उनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। मशोबरा स्थित 'नव-जीवन' केंद्र में महिलाओं को सुरक्षित आवास, चिकित्सकीय उपचार, मनोवैज्ञानिक परामर्श, पुनर्वास, पुनर्स्थापना तथा परिवार आधारित सहयोग प्रणाली जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।



### टांडा में भी खुलेगा नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस दिशा में अगला बड़ा कदम कांगड़ा जिले के डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा में दूसरा सरकारी नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र स्थापित करना होगा, जिससे प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की महिलाओं और युवाओं को भी लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई बेटी या महिला नशे की गिरफ्त में आती है तो उसका असर केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार, बच्चों और आने वाली पीढ़ियों पर पड़ता है। इसी सोच के साथ सरकार उपचार और पुनर्वास के साथ-साथ सामाजिक पुनर्स्थापना की मजबूत व्यवस्था विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 15 नवंबर को शिमला से शुरू किया गया 'एंटी-चिट्टा जन आंदोलन' आज प्रदेशव्यापी सामाजिक अभियान बन चुका है, जिसमें युवा, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, स्वयंसेवी संस्थाएं और आम नागरिक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### चिट्टा तस्करों पर शिकंजा और कसेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पीआईटी-एनडीपीएस जैसे कठोर कानूनी प्रावधानों के तहत नशा तस्करों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई कर रही है। चिट्टा कारोबार से अर्जित संपत्तियों की पहचान की जा रही है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे नशे के खिलाफ इस सामाजिक लड़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाएं ताकि हिमाचल को नशामुक्त और सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर किया जा सके।

# फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का आया भूकंप, इमारतें गिरीं व 32 की मौत

एजेंसी,मनीला

फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित इमारतों में ज्यादातर दुकानें, दफ्तर और व्यावसायिक भवन शामिल हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अब तक 32 लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 5:07 बजे आया। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में था। यह सारंगानी प्रांत के मासीम कस्बे से लगभग 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और 33 किलोमीटर की गहराई पर आया। अधिकारियों का कहना है कि यह इस साल फिलीपींस में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है। भूकंप के बाद सुनामी भी आई। सबसे ऊंची लहर की ऊंचाई 1.4 मीटर (करीब 4.6 फीट) रही। एहतियात के तौर पर इंडोनेशिया और मलेशिया ने भी सुनामी की चेतावनी जारी की थी, जिसे कुछ घंटों बाद वापस ले लिया गया। फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान (फिवोल्क्स) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे तक 138 आफ्टरशॉक दर्ज किए गए। इन झटकों की तीव्रता 1.3 से 6.7 के बीच रही। (अनंत ज्ञान)

### इंडोनेशिया में भी महसूस हुए भूकंप के झटके

भूकंप का असर फिलीपींस से बाहर भी महसूस किया गया। इंडोनेशिया के उत्तर सुलावेसी और उत्तर मलुकु क्षेत्रों में झटके महसूस हुए। मनाडो शहर के लोगों ने बताया कि कंपन काफी तेज था। इंडोनेशिया की मौसम और भूभौतिकी एजेंसी



बीएमकेजी ने अपने उत्तर-पूर्वी तट के लिए सुनामी चेतावनी जारी की है। मलेशिया के कुछ तटीय इलाकों में भी एक मीटर तक ऊंची लहरों की आशंका जताई गई है। जापान मौसम एजेंसी ने इबाराकी प्रीफेक्चर से लेकर ओकिनावा प्रीफेक्चर तक दक्षिणी तटीय इलाकों के लिए सुनामी एडवाइजरी जारी की है। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने गुआम के लिए भी चेतावनी जारी की है। हालांकि अमेरिकी एजेंसियों ने साफ किया है कि अमेरिका और कनाडा के प्रशांत तटों के लिए कोई सुनामी खतरा नहीं है। हवाई के लिए भी किसी खतरे की पुष्टि नहीं हुई है।

### भूकंप के बाद लगातार आ रहे आफ्टरशॉक

मुख्य भूकंप के बाद उसी इलाके में कई और झटके दर्ज किए गए हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये आफ्टरशॉक हैं, जो बड़े भूकंप के बाद सामान्य रूप से आते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि आफ्टरशॉक कई दिनों, हफ्तों या वर्षों तक जारी रह सकते हैं। कुछ मामलों में इनकी तीव्रता मुख्य भूकंप के बराबर या उससे ज्यादा भी हो सकती है, जिससे पहले से क्षतिग्रस्त इमारतों को और नुकसान पहुंच सकता है। फिलीपींस, इंडोनेशिया और जापान प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' क्षेत्र में स्थित हैं। यह दुनिया का सबसे सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र माना जाता है, जहां टेक्टोनिक प्लेटों की गतिविधियों के कारण अक्सर भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट होते रहते हैं। इसी वजह से फिलीपींस दुनिया के सबसे अधिक आपदा प्रभावित देशों में गिना जाता है। यहां हर साल कई भूकंप आते हैं और करीब 20 तूफान तथा उष्णकटिबंधीय चक्रवात भी पहुंचते हैं। अक्तूबर 2025 में फिलीपींस के सेबू प्रांत में आए 6.9 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप में 69 लोगों की मौत हो गई थी। इस आपदा में करीब 150 लोग घायल हुए थे।

## मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में ईडी का एक्शन

# प्रवर्तन निदेशालय ने 142 करोड़ के सीमा पार ड्रग मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की छापेमारी

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का एक दल सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में मिजोरम-म्यांमार सीमा, त्रिपुरा-बंगलादेश सीमा और पश्चिम बंगाल में चार जगहों पर तलाशी ले रहे हैं। ईडी का यह मामला नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), अगरतला ज़ोनल इकाई द्वारा दर्ज किये गये एक मामले पर आधारित है।

इसमें 21 अगस्त, 2025 को त्रिपुरा में 49.101 किलोग्राम मेथामफेटामाइन और 40 ग्राम हेरोइन जब्त की गयी थी। त्रिपुरा में जिन जगहों पर तलाशी ली जा रही है, वे बंगलादेश सीमा से सिर्फ 200 मीटर दूर हैं, जबकि मिजोरम में तलाशी वाली जगह म्यांमार सीमा से लगभग 500 मीटर दूर है। जांच में एक संगठित क्रॉस-बॉर्डर सिंडिकेट का पता चला है, जो मिजोरम के चम्फाई-ज़ोखावथर सेक्टर के ज़रिये म्यांमार से मेथामफेटामाइन लाता था और त्रिपुरा में इसे लेने वालों तक पहुंचाता था।

अपराध से हुई कमाई को कई बैंक खातों और फर्जी कंपनियों के जरिये इधर से उधर किया जाता था। ईडी के अनुसार, अब तक अपराध से हुई 142 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई का पता चला है। तलाशी अभियान अब भी जारी है।

# हिमाचल में 11 जून से मिलेगी गर्मी से राहत

## पश्चिमी विक्षोभ से बदलेगा राज्य का मौसम, प्रदेश के कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश के आसार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में भीषण गर्मी से परेशान लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। राज्य में सक्रिय हो रहे नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आगामी चार दिनों तक प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश का दौर जारी रह सकता है। खासकर 11 जून से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, जिससे तापमान में गिरावट आएगी और गर्मी से राहत मिलेगी। जानकारी के अनुसार वर्तमान में राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ बना हुआ है, हालांकि राजधानी शिमला सहित कुछ स्थानों पर हल्के बादल छाए रहे। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तथा अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। इसके बाद वर्षा गतिविधियां बढ़ने के साथ अधिकतम तापमान में 3 से 6 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है।

बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा दर्ज की गई। सराहन में 5.0 मिलीमीटर, भरमौर में 4.0 मिलीमीटर, चंबा में 2.0 मिलीमीटर तथा छतराड़ी में 1.9 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं ऊना प्रदेश का सबसे गर्म क्षेत्र रहा, जहां अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शिमला का न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### 11 व 12 को तेज हवाओं और ओलावृष्टि की चेतावनी

मौसम विभाग के अनुसार 9 व 10 जून को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है, जबकि 11 और 12 जून को कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 13 और 14 जून को भी प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। इस दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों की चोटियों पर हल्की बर्फबारी के भी संकेत हैं। विभाग ने कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों के कुछ भागों में 11 और 12 जून को 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने तथा ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# होर्मुज स्ट्रेट के पास तेल टैंकर में लगी आग नौसेना ने 24 भारतीय नाविकों को बचाया

एजेंसी, वॉशिंगटन

होर्मुज स्ट्रेट के पास एक तेल टैंकर में आग लगने के बाद उस पर सवार 24 भारतीय नाविकों को इंडियन नेवी ने बचा लिया है। शुरुआती रिपोर्टों में जहाज पर हमले की आशंका जताई गई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

इस बीच ईरान ने घोषणा की है कि उसने फिलहाल इसराइल के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई रोक दी है। हालांकि उसने चेतावनी दी कि अगर इजराइल ने फिर से लेबनान या अन्य जगहों पर हमला किया तो उसे पहले से ज्यादा सख्त जवाब दिया जाएगा। दूसरी ओर अमेरिका युद्धविराम और शांति समझौते की कोशिशों में जुटा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि इसराइल और ईरान दोनों संघर्ष रोकना चाहते हैं और अंतिम समझौते को लेकर बातचीत आगे बढ़ रही है।




उन्होंने यह भी कहा कि समझौता होने तक ईरान पर लगी नाकाबंदी जारी रहेगी। हालात को देखते हुए भारत सरकार ने ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द वहां से निकलने की सलाह दी है।

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर भारतीयों की मदद के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल को चेतावनी दी है कि बाब अल मंदब स्ट्रेट से गुजरने वाले इजराइली जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। वे इसराइल के खिलाफ समुद्र में पूरी घेराबंदी लागू करेंगे। हूतियों का दावा है कि पहले भी उन्होंने लाल सागर में इजराइल से जुड़े कई जहाजों पर हमले किए हैं। इन हमलों की वजह से इजराइल के इलात बंदरगाह पर भी असर पड़ा था, जो एशिया के साथ उसके व्यापार का अहम रास्ता है। (अनंत ज्ञान)

# डोमिनिकन रिपब्लिक में बड़ा हादसा, प्राइवेट जेट क्रैश में पायलट व को-पायलट की मौत

एजेंसी, नई दिल्ली

डोमिनिकन रिपब्लिक के ला रोमाना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक प्राइवेट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इमरजेंसी लैंडिंग की कोशिश के दौरान विमान रनवे पर उछला और देखते ही देखते आग के बड़े गोले में बदल गया। हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई। डोमिनिकन सिविल एविएशन इंस्टीट्यूट के मुताबिक, गल्फस्ट्रीम ₹200 जेट ला रोमाना से अमेरिका के टेक्सास स्थित ऑस्टिन जा रहा था। उड़ान के दौरान विमान में गंभीर तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट ने इमरजेंसी घोषित की और एयरपोर्ट लौटने का फैसला किया।



अधिकारियों के अनुसार, विमान एयरपोर्ट से करीब 16 नॉटिकल मील दक्षिण-पश्चिम में था, जब उसने इमरजेंसी की सूचना दी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में विमान को रनवे पर पीछे के पहियों के सहारे घिसटते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद विमान जोर से उछलता है और कुछ ही सेकेंड में आग के विशाल गोले में बदल जाता है।

हादसे के बाद आसमान में धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने बताया कि विमान में कोई यात्री सवार नहीं था। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती जानकारी में तकनीकी खराबी को हादसे की वजह माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# राष्ट्रपति मुर्मू ने देश के जांबाज वीरता पुरस्कार से किए सम्मानित

एजेंसी, नई दिल्ली। नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह-1 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र बलों और पुलिस कर्मियों को वीरता एवं विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान के साथ हुई।

राष्ट्रपति ने ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान असाधारण साहस और वीरता के लिए फ्लाइट लेफ्टिनेंट (वर्तमान स्क्वाड्रन लीडर) आर्शवीर सिंह ठाकुर को वीर चक्र से सम्मानित किया। लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. और रुपा ए. को 'सागर परिक्रमा' अभियान में उत्कृष्ट समुद्री कौशल और साहस के लिए शौर्य चक्र प्रदान किया गया। मेजर आदित्य प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट, इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद देशमुख, लेफ्टिनेंट कर्नल नितेश भारती शुक्ला, राइफलमैन ध्रुवा ज्योति दत्ता और नायक राहुल सिंह सहित कई वीर जवानों को उनकी बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में देश की सुरक्षा और सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वीरों को राष्ट्र की ओर से सम्मान प्रदान किया गया। (अनंत ज्ञान)



# छत्तीसगढ़ में पीडिया के जंगल से 3 आईईडी और 2 नक्सल डंप बरामद

एजेंसी, बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलवाद समाप्त होने के बाद भी लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है। गोपनीय सूचना के आधार पर हर्रा/अर्रा (पीडिया) गांव के जंगल में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान आज सोमवार को 3 आईईडी और 2 नक्सल डंप बरामद किए गए।

यह कार्रवाई कमांडेंट आनंद कुमार के मार्गदर्शन में की गई। बरामद डंप से गन पाउडर, जिलेटिन स्टिक, कमर्शियल डेटोनेटर और मेडिकल सामग्री सहित कुल 21 प्रकार के नक्सल सामग्री बरामद किए गए, जिन्हें नक्सलियों ने छिपाकर रखा था। गोपनीय सूचना के आधार पर कमांडेंट आनंद कुमार के मार्गदर्शन एवं द्वितीय कमान अधिकारी कुमार नीरज की देख-रेख में एफ/199 कंपनी ने हर्रा/अर्रा (पीडिया) गांव के घने जंगलों में सघन तलाशी अभियान चलाया। कंपनी कमांडर केबी. पांडा के नेतृत्व में जवानों ने योजनाबद्ध तरीके से इलाके की घेराबंदी कर चरणबद्ध सर्च ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। अभियान के दौरान नक्सलियों के छिपाकर रखे गए 3 आईईडी और 2 नक्सल डंप बरामद किए गए। तलाशी में मिले डंप से आईईडी निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे गन पाउडर, जिलेटिन स्टिक, कमर्शियल डेटोनेटर के साथ 15 मेडिकल सामग्री सहित कुल 21 प्रकार की नक्सल सामग्री जब्त की गई। सुरक्षाबलों के अनुसार हर्रा/अर्रा और आस-पास का क्षेत्र पूर्व में नक्सली गतिविधियों के लिए संवेदनशील रहा है, लेकिन लगातार चल रहे अभियानों के चलते अब यहां नक्सल प्रभाव लगभग समाप्त हो गया है। सीआरपीएफ की 199वीं वाहिनी द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा की भावना और मजबूत हुई है। बल के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आम लोगों की सुरक्षा, शांति और विकास सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। (अनंत ज्ञान)

## ताकत | सीपरी की वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा, दुनिया में फिर बढ़ी परमाणु हथियारों की होड़, रूस-अमेरिका सबसे आगे

# भारत का परमाणु भंडार हुआ 190, पाकिस्तान 170 पर स्थिर

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत ने पिछले साल के मुकाबले अपना परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ा लिया है। भारत के पास परमाणु बम 180 से बढ़कर इस साल 190 हो गए हैं, जबकि पड़ोसी पाकिस्तान की परमाणु क्षमता बिना किसी बदलाव के 170 वॉरहेड्स पर ही रुकी हुई है। यानी भारत रणनीतिक रूप से परमाणु हथियारों के मामले में पाकिस्तान से आगे हो गया है। इस समय दुनिया के नौ देशों के पास कुल 12,187 परमाणु हथियार हैं, जिनमें से लगभग 9,745 वॉरहेड्स को सैन्य भंडारों में संभावित उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार रखा गया है। इनमें से लगभग 4,012 वॉरहेड्स मिसाइलों और लड़ाकू विमानों पर सक्रिय रूप से तैनात किये जा चुके हैं।

रक्षा क्षेत्र पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीपरी) ने अपनी वार्षिक ईयर बुक जारी कर दी है। दुनिया में बदलते युद्ध के तरीकों और सेनाओं के आधुनिकीकरण का ही नतीजा है कि वैश्विक स्तर पर हथियारों को जमा करने की होड़ मची है। सोमवार को प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय हथियार हस्तांतरण पर रिपोर्ट में बताया गया है कि परमाणु हथियारों की संख्या और उनके प्रभाव को कम करने के लिए दशकों से किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय प्रयास अब पूरी तरह से उल्टे होते दिख रहे हैं। परमाणु हथियारों की होड़ में रूस और अमेरिका आज भी सबसे आगे हैं। रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि परमाणु हथियार संपन्न दुनिया भर के नौ देशों के पास इस साल जनवरी तक कुल 12187 परमाणु बम हैं, जबकि 2025 में यह संख्या 12241 थी। कहने को कहा जा सकता है कि परमाणु बमों की कुल संख्या में मामूली गिरावट आई है, लेकिन विशेषज्ञ इसे भ्रामक मानते हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि दुनियाभर में करीब 2,100 से 2,200 परमाणु वॉरहेड्स को 'हाई ऑपरेशनल अलर्ट' पर रखा गया है, यानी इन्हें महज कुछ ही मिनटों के आदेश पर दागा जा सकता है। इस श्रेणी में सबसे ज्यादा हथियार रूस और अमेरिका के पास हैं।

परमाणु हथियारों के मामले में इस समय रूस दुनिया का सबसे बड़ा परमाणु शक्ति संपन्न देश बना हुआ है, जिसके पास कुल 5420 वॉरहेड्स हैं। इस सूची में अमेरिका 5,042 वारहेड्स के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत का पड़ोसी देश चीन भी अपने परमाणु हथियार तेजी से बढ़ा रहा है, क्योंकि उसके पास 600 से बढ़कर 620 परमाणु बम हो गए हैं। सीपरी की इस वार्षिक रिपोर्ट में सबसे ज्यादा फ्रांस ने चौंकाया है, क्योंकि एक साल के भीतर उसके पास परमाणु बमों की संख्या 80 बढ़ गई है। फ्रांस ने पिछले साल के मुकाबले अपने परमाणु भंडार में इसे 290 से सीधे 370 वॉरहेड्स तक पहुंचा दिया है। (अनंत ज्ञान)



### यूके स्थिर, उत्तर कोरिया की क्षमता में बढ़ोतरी

इसके विपरीत यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने अपनी रणनीतिक क्षमता को स्थिर रखा है, क्योंकि उसके पास मौजूदा समय में 225 वॉरहेड्स हैं। पश्चिमी एशिया में ईरान के साथ युद्ध के बावजूद इजराइल ने अपना परमाणु भंडार नहीं बढ़ाया है और उसके पास पिछले साल की तरह अभी भी 90 वॉरहेड्स हैं। उत्तर कोरिया भी लगातार घातक हथियार बना रहा है, जिससे उसका परमाणु भंडार 50 से बढ़कर 60 वॉरहेड्स हो गया है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि दुनिया के कई देश एक बार फिर परमाणु हथियारों पर अपनी निर्भरता बढ़ा रहे हैं।

# नॉर्वे की राजदूत स्टेनर ने की राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से भेंट


नॉर्वे की राजदूत मे-एलिन स्टेनर राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट करती हुईं।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सोमवार को भारत, श्रीलंका, भूटान एवं मालदीव में नॉर्वे की राजदूत मे-एलिन स्टेनर ने लोक भवन में सोमवार को राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पर्यावरण संरक्षण तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। राजदूत ने राज्यपाल को नॉर्वे के मनमोहक प्राकृतिक दृश्यों, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी एक

### ◆लोक भवन में द्विपक्षीय संबंधों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर हुई चर्चा

विशेष पुस्तक भी भेंट की।

राज्यपाल ने राजदूत का हिमाचल प्रदेश में स्वागत करते हुए उन्हें पारंपरिक हिमाचली शॉल एवं टोपी भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कूटनीतिक और सांस्कृतिक संवाद देशों के बीच आपसी समझ, सहयोग और मित्रता को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव संदीप भारद्वाज भी उपस्थित रहे।

# नई एंबुलेंसों से मजबूत होगी स्वास्थ्य सेवाएं : सीएम

## ओक ओवर से चार नई एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, ग्रामीण क्षेत्रों में सुदृढ़ होंगी आपातकालीन सेवाएं

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को ओक ओवर शिमला से चार नई एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एचडीएफसी बैंक द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत उपलब्ध करवाई गई इन एंबुलेंसों को सुजानपुर, भोरंज, नादौन और देहरा क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। इससे इन क्षेत्रों के हजारों लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकेगी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकारी प्रयासों के साथ निजी संस्थानों और कॉरपोरेट क्षेत्र का सहयोग भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। नई एंबुलेंसों की उपलब्धता से मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में सहायता मिलेगी और आपातकालीन सेवाओं की प्रभावशीलता बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने एचडीएफसी बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किए गए ऐसे प्रयास समाज के कमजोर और

### ◆सुजानपुर, भोरंज, नादौन और देहरा में देंगी स्वास्थ्य सेवाएं

जरूरतमंद वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन एंबुलेंसों के माध्यम से दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा चिकित्सा सेवाओं की पहुंच और अधिक मजबूत होगी।

इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, विधायक संजय अवस्थी, अनुराधा राणा और हरीश जनारथा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।


ओक ओवर से चार नई एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

# सीएम ने रखी 246 करोड़ के अंडरग्राउंड डक्ट प्रोजेक्ट की नींव

अनंत ज्ञान

**शिमला।** राजधानी शिमला में बिजली, टेलीकॉम और अन्य जरूरी सेवाओं के तारों को जमीन के नीचे ले जाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार सायं 246 करोड़ रुपए की अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट परियोजना का शिलान्यास किया। राज्य सरकार का कहना है कि इस परियोजना से शहर की बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक बनाने, बार-बार होने वाली सड़क खुदाई को रोकने और शिमला की सुंदरता को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

इस परियोजना के तहत छोटा शिमला-विली पार्क-चौड़ा मैदान, लोक भवन-ओक ओवर और शेर-ए-पंजाब से सीटीओ चौक तक लोअर बाजार मार्ग पर एकीकृत भूमिगत यूटिलिटी डक्ट नेटवर्क तैयार किया जाएगा। इसके पूरा होने के बाद बिजली, दूरसंचार और अन्य सेवाओं से जुड़ी लाइनें व्यवस्थित तरीके से भूमिगत बिछाई जा सकेंगी। इससे मरम्मत और रखरखाव के कार्य भी आसान होंगे तथा सड़कों को बार-बार खोदने की आवश्यकता कम पड़ेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार आधुनिक, टिकाऊ और नागरिकों की जरूरतों पर आधारित शहरी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट सिस्टम से सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर होगी और मरम्मत कार्यों के कारण लोगों को होने वाली परेशानी भी कम होगी। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना को शिमला के बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### शिमला में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

# भारतीय संस्कृति से जुड़े युवा विकसित भारत की असली ताकत : राज्यपाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि भारतीय संस्कृति हमारी पहचान, हमारी विरासत और राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला है। आज के दौर में युवाओं को अपनी संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे जिम्मेदार, संवेदनशील और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित नागरिक बन सकें। राज्यपाल सोमवार को शिमला में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का सशक्त अभियान है। उन्होंने इस आयोजन के लिए गायत्री परिवार


पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता।

की सराहना करते हुए परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की ज्ञान परंपरा, अध्यात्म, विज्ञान, दर्शन और मानव कल्याण की संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। हमारे वेद, उपनिषद, श्रीमद्भगवद्गीता और रामायण जैसे महान ग्रंथ आज भी जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं।

राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष प्रदेश के अनेक विद्यालयों के हजारों विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जो अपनी संस्कृति और विरासत के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

# भाजपा ने पांच सूटकेसों का कांग्रेस सरकार से मांगा जवाब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में कांग्रेस के भीतर जारी अंतर्कलह को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री पर लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक नीरज भारती द्वारा मुख्यमंत्री पर लगाए गए गंभीर आरोपों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस के अपने नेता सार्वजनिक मंचों पर ऐसे आरोप लगा रहे हैं तो प्रदेश की जनता सच्चाई जानने की हकदार है और मामले की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए।

संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस सरकार के भीतर सत्ता संघर्ष और वर्चस्व की लड़ाई अब खुलकर सामने आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता और मंत्री एक-दूसरे पर लगातार आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं, जिससे सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पर लगाए गए 'पांच सूटकेस प्रतिमाह' जैसे आरोप अत्यंत गंभीर हैं और कांग्रेस नेतृत्व को इस विषय पर स्पष्ट स्थिति रखनी चाहिए।

### जनता जानना चाहती है सच्चाई : संदीपनी



**भाजपा** प्रवक्ता संदीपनी ने कहा कि एक ओर प्रदेश सरकार नशामुक्त हिमाचल के दावे कर रही है, दूसरी ओर कांग्रेस के नेताओं के बयान सरकार की कथनी और करनी के बीच अंतर को उजागर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पारदर्शिता, जवाबदेही और स्वच्छ शासन की पक्षधर है तथा मुख्यमंत्री पर लगाए गए आरोपों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश की जनता इन घटनाक्रमों पर नजर बनाए हुए है और समय आने पर उचित निर्णय देगी।

# दूध न खरीदने का फैसला किसानों के साथ बड़ा धोखा : किसान सभा

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** हिमाचल किसान सभा के राज्य सचिव देवकी नंद ने हिमाचल मिल्क फेडरेशन, दतनगर रामपुर द्वारा जारी उस आदेश की कड़ी निंदा की है जिसमें आज (मंगलवार) दूध उत्पादकों से दूध नहीं लिया जाना बताया गया। देवकी ने इसे किसानों के साथ धोखाधड़ी व सरकार तथा मिल्क फेडरेशन की नाकामी करार दिया।



देवकी नंद ने कहा कि फेडरेशन के अधिकारियों ने बताया है कि प्लांट में दूध भंडारण क्षमता कम है और वर्तमान में दूध की आपूर्ति अपेक्षाकृत अधिक आ रही है। उन्होंने कहा यह व्यवस्था सरकार व मिल्क फेडरेशन की जिम्मेदारी है और इसका समाधान सत्ता पक्ष को सुनिश्चित करना चाहिए था, न कि किसानों को नुकसान उठाना पड़े। देवकी ने बताया एक तरफ सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने के दावे करती है, वहीं दूसरी तरफ दूध की खरीद रोक देना किसानों के साथ सीधे खिलवाड़ है।

उन्होंने फौरन आदेश वापस लेने और प्रतिदिन दूध की खरीद जारी रखने की मांग की। साथ ही स्थानीय प्रशासन व राज्य सरकार से हस्तक्षेप कर किसानों को आर्थिक हानि से बचाने का अनुरोध किया। किसान सभा ने चेतावनी दी है कि यदि मिल्क फेडरेशन आदेश वापस नहीं लेता और खरीद नियमित नहीं करता तो वह नागरिक जन-आंदोलन, धरने समेत अन्य संगठित कदम उठाने पर विचार करेगी। स्थानीय दूध उत्पादक भी चिंतित हैं और उनका कहना है कि दूध स्वीकार न होने पर उन्हें सीधा आर्थिक नुकसान होगा तथा पशु चारा व बिक्री में अड़चन आएगी।

फेडरेशन प्लांट दतनगर के इकाई प्रभारी ऋषि चंदेल ने बताया कि प्लांट की क्षमता 70,000 लीटर है, जबकि वर्तमान में लगभग 1,80,000 लीटर दूध आ रहा है, जिसे संभालना मुश्किल हो रहा है। एक टैंकर में लगभग 25,000 लीटर आता है और मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट टूटू दो टैंकरों को खाली करने में लगभग दो दिन लगते हैं, जिससे टैंक की सफाई और दूध के खराब होने का खतरा रहता है।

उन्होंने बताया कि इससे पहले मदर डेयरी को भी आपूर्ति की जाती थी, लेकिन अब बंद है। पशु पलकों से दूध गुणवत्ता के आधार पर प्रति लीटर 45-52 रुपए तक खरीदा जाता है। उन्होंने दुग्ध उत्पादकों से अनुरोध किया कि वे पुराना दूध न भेजें क्योंकि इससे दूध खराब होने का जोखिम बढ़ता है।

# रेडक्रॉस का रक्तदान कल राज्यपाल करेंगे शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से 10 जून को शिमला में रक्तदान शिविर और निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम रेडक्रॉस भवन, राजभवन के निकट आयोजित होगा और इसकी शुरुआत सुबह 10 बजे से होगी। राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के अनुसार शिविर का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष कविन्द्र गुप्ता सुबह 11 बजे करेंगे। रेडक्रॉस सोसायटी ने लोगों से इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। सोसायटी का कहना है कि रक्तदान जीवन बचाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है और रक्त के बिना जीवन की कल्पना

### ◆निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का भी होगा आयोजन

नहीं की जा सकती। संस्था ने स्पष्ट किया है कि रक्तदान से स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता और 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग का प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदान शिविर के साथ-साथ लोगों के लिए निःशुल्क दंत स्वास्थ्य जांच की भी व्यवस्था की गई है। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक लोगों के दांतों और मुख स्वास्थ्य का परीक्षण करेंगे तथा आवश्यक परामर्श भी देंगे। राज्य रेडक्रॉस सोसायटी ने आम लोगों से आग्रह किया है कि वे 10 जून को रेडक्रॉस भवन पहुंचकर रक्तदान करें और निःशुल्क दंत स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाएं।

# संजौली में मारपीट-जुलूस निकालने पर छह गिरफ्तार

## छेड़छाड़ की शिकायत से शुरू हुआ मामला बना कानून-व्यवस्था की बड़ी चुनौती

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला के संजौली में नाबालिग से कथित छेड़छाड़ की शिकायत के बाद शुरू हुआ विवाद अब लगातार गहराता जा रहा है। मामला केवल छेड़छाड़ के आरोपों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दो युवकों के साथ मारपीट, सार्वजनिक रूप से जुलूस निकालने और उसके बाद हुई गिरफ्तारियों ने पूरे घटनाक्रम को प्रदेश के सबसे चर्चित मामलों में ला खड़ा किया है। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बीच क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और विरोध-प्रदर्शन का दौर भी जारी है। संजौली थाना में दर्ज मामले के अनुसार अजीम मिर्जा ने शिकायत दी थी कि कुछ लोग उनकी दुकान में घुस आए, उनके और उनके सहकर्मी आफताब के साथ मारपीट की तथा दुकान में तोड़फोड़ की। आरोप है कि हमलावरों ने सीसीटीवी कैमरों की तारें भी काट दीं और दोनों युवकों को दुकान से बाहर निकालकर बाजार में घुमाते हुए उनके साथ मारपीट की। इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए, जिसके बाद मामला और अधिक सुर्खियों में आ गया।

पुलिस ने मामले की जांच आगे बढ़ाते हुए सबसे पहले मुख्य आरोपी बताए जा रहे मदन ठाकुर और विजय शर्मा को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर बाद में श्वेता चौहान, कल्पना शर्मा, गौरव कुमार और गगन शर्मा को भी हिरासत में लिया गया। इसके साथ ही इस प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। पुलिस का कहना है कि अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### ऐसे शुरू हुआ विवाद

**जानकारी** के अनुसार घटनाक्रम की शुरुआत एक नाबालिग लड़की द्वारा दुकान में कार्यरत युवक पर अश्लील हरकत करने के आरोप लगाने से हुई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी उबैद को पॉक्सो अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया। इसके बाद स्थानीय स्तर पर विरोध बढ़ा और मामला हिंदू संघर्ष समिति के संज्ञान में पहुंच गया। इसी दौरान दो युवकों के साथ मारपीट और सार्वजनिक रूप से घुमाने की घटना सामने आई, जिसने विवाद को नया मोड़ दे दिया।

### गिरफ्तारियां के बाद फिर बढ़ा तनाव

गिरफ्तारियों के बाद संजौली बाजार में विरोध-प्रदर्शन भी देखने को मिला। पीड़िता और उसके परिजनों सहित कई लोगों ने सड़क पर उतरकर चक्का जाम किया तथा गिरफ्तार लोगों की रिहाई की मांग उठाई। क्षेत्र में देर रात तक प्रदर्शन जारी रहा और एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। जिला पुलिस ने लोगों से कानून अपने हाथ में न लेने की अपील करते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी विवाद का समाधान कानूनी प्रक्रिया के तहत ही किया जाना चाहिए। फिलहाल छेड़छाड़ और मारपीट, दोनों मामलों की जांच अलग-अलग कानूनी पहलुओं के तहत जारी है।

# शिमला में नशे की सप्लाई देने आया युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक युवक को चिट्टा और बड़ी संख्या में नशीली दवाइयों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी मादक पदार्थों की सप्लाई देने के लिए तारादेवी-टुटू बाइफरकेशन क्षेत्र में पहुंचा था।

पुलिस के अनुसार स्पेशल सेल शिमला को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि 24 वर्षीय हरशल, जो मूल रूप से बिलासपुर जिले का रहने वाला है और वर्तमान में शिमला के कुसुम्पटी क्षेत्र में रह रहा है, अवैध रूप से चिट्टा बेचने का कारोबार करता है। सूचना में बताया गया था कि वह तारादेवी-टुटू बाइफरकेशन क्षेत्र में नशे की खेप पहुंचाने आया हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को मौके पर संदिग्ध युवक मिला। गवाहों की मौजूदगी में उसके पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से करीब 7 ग्राम हेरोइन, जिसे आमतौर पर चिट्टा कहा जाता है, बरामद हुई। इसके अलावा 85 नशीली गोलियां और कैप्सूल भी बरामद किए गए। इनमें बुप्रेनोर्फिन एंड नालोक्सोन टैबलेट्स, मिर्टाजापीन टैबलेट्स और प्रेगाबालिन कैप्सूल शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान आरोपी इन मादक पदार्थों और नशीली दवाइयों के संबंध में कोई वैध लाइसेंस, अनुमति पत्र या अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद उसके खिलाफ पुलिस थाना बालूगंज में एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# कुफरी में कानपुर के पर्यटकों और स्थानीय युवकों के बीच हिंसक झड़प, चार घायल

## खूनी संघर्ष में बदल गई मामूली कहासुनी, सिर और बाजुओं में आई गंभीर चोटें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुफरी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब उत्तर प्रदेश के कानपुर से आए पर्यटकों और स्थानीय युवकों के बीच हुई मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक संघर्ष में बदल गई। घटना में चार पर्यटक घायल हो गए, जिनमें से कुछ के सिर और बाजुओं पर गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फन वर्ल्ड क्षेत्र के समीप किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले

### ◆पुलिस ने दर्ज किए बयान घटना की हर पहलू से जांच शुरू

तीखी बहस हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हाथापाई और मारपीट तक पहुंच गया। घायल पर्यटकों की पहचान संकेत पालीवाल, अमित जैन, नितिन जैन और यश जैन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मारपीट के दौरान इन लोगों को सिर, बाजू और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालात को नियंत्रण में लिया। लक्कड़ बाजार पुलिस चौकी की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रारंभिक जानकारी जुटाई तथा घायल लोगों के बयान दर्ज किए गए।

### पर्यटन सीजन में बढ़ रहे विवाद चिंतनीय

**गर्मी** से राहत पाने के लिए इन दिनों हिमाचल प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती भीड़ के साथ यातायात, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर समय-समय पर तनाव और विवाद की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

**सम्मेलन** राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में कुलदीप पठानिया कर रहे हिमाचल का प्रतिनिधित्व

# विकसित भारत-2047' के संकल्प पर रखेंगे प्रदेश का विजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-2 के तीन दिवसीय सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश की प्रभावशाली भागीदारी देखने को मिली। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के नेतृत्व में हिमाचल के विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने सम्मेलन में हिस्सा लिया। उनके साथ विधायक संजय रत्न, केवल सिंह पठानिया, नीरज नैय्यर, राकेश जम्वाल, रीना कश्यप तथा कमलेश ठाकुर भी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह से पूर्व हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष द्वारा आयोजित प्रीति भोज में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



प्रतिनिधिमंडल ने लोक भवन परिसर में आयोजित औषधीय पौधरोपण कार्यक्रम में भी भाग लिया।

हरियाणा विधानसभा के चैम्बर में आयोजित सम्मेलन का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति डॉ. हरिवंश, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों और जनप्रतिनिधियों ने संसदीय लोकतंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने, जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा सहित विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### युवाओं की भूमिका पर होगा विशेष विमर्श

**सम्मेलन** के आगामी सत्रों में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 'विकसित भारत-2047 : राष्ट्रीय लक्ष्य को पाने में जागरूक नागरिक, समाज और युवा विधायकों की भूमिका' विषय पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। हिमाचल से गए अन्य विधायक भी इस विषय पर अपने विचार रखेंगे। माना जा रहा है कि यह सम्मेलन लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ विकसित भारत के निर्माण में जनप्रतिनिधियों और युवाओं की भूमिका को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# पपरोला-पंचरुखी के बीच हांफी रेलगाड़ी, लगा घंटों तक जाम




पंचरुखी में लगे जाम में फंसे लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** पपरोला से पठानकोट चलने वाली रेलगाड़ी का इंजन खराब होने से सोमवार को पंचरुखी में घंटों जाम लगा रहा। सैंकड़ों वाहन जाम मे फंसे रहे।

जो रेलगाड़ी पंचरुखी सटेशन में सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर पंचरुखी पहुंचती थी, उसका इंजन पपरोला से लगभग 5 किलोमीटर चलने पर ही हांफ गया। पंचरुखी मे गैटमैन ने गाड़ी पहुंचने से 6 मिनट पहले फाटक बंद कर दिया था, लेकिन एक घंटा बीत जाने के बाद भी रेलगाड़ी पंचरुखी सटेशन पर नहीं पहुंची। जब लोगों ने गेटमैन से फाटक खोलने को कहा तो उसने कहा कि अभी फाटक खोलने का ऑर्डर नहीं मिला है। बड़ी मुश्किल से लीगों ने लगभग डेढ़ घंटे बाद फाटक खुलवाया। पंचरुखी बाजार मे कोई भी पुलिस कर्मी मौजूद न होने से फाटक खुलने के बाद भी यातायात बहाली को एक घंटा लग गया।

# पौंग डैम में पर्यटन को नई उड़ान चलेगी शिकारा और हाउस बोट

## आधारभूत ढांचे और आधुनिक उपकरणों की कमी दूर करने पर बनेगी रणनीति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के सबसे बड़े जलाशयों में शामिल पौंग डैम में जल क्रीड़ा और पर्यटन गतिविधियों के विस्तार को लेकर नई योजना पर काम शुरू हो गया है। पर्यटन और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए पौंग डैम को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से मंगलवार को बायो डायवर्सिटी कंजरवेशन सोसायटी और जिला वाटर स्पोर्टस एंड अलाइड एक्टिविटी सोसायटी की संयुक्त बैठक प्रस्तावित है।

बैठक में पर्यटन गतिविधियों को व्यापक स्तर पर बढ़ाने, आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाने तथा भविष्य का रोडमैप तैयार करने पर चर्चा होगी। वर्तमान में पौंग डैम में पर्यटन गतिविधियों का संचालन बायो डायवर्सिटी कंजरवेशन सोसायटी तथा जिला वाटर स्पोर्ट्स एंड अलाइड एक्टिविटी सोसायटी के माध्यम से किया जा रहा है। जिला वाटर स्पोर्ट्स एंड अलाइड एक्टिविटी सोसायटी की ओर से रिजनल वाटर स्पोर्ट्स सेंटर में विभिन्न जल क्रीड़ा गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। हालांकि पौंग झील का विशाल क्षेत्र पर्यटन गतिविधियों के लिए उपयुक्त है, लेकिन आधुनिक और पर्याप्त उपकरणों की कमी के कारण इसकी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं हो पा रहा है। सूत्रों के अनुसार बैठक में जल क्रीड़ा गतिविधियों के लिए नए और उन्नत उपकरण उपलब्ध करवाने पर विचार किया जाएगा, ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसके अलावा पौंग डैम के चयनित क्षेत्रों में शिकारा और हाउस बोट संचालन की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा होगी। अधिकारियों का मानना है कि इससे प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों से आने वाले पर्यटकों को नया अनुभव मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बैठक में पौंग डैम क्षेत्र में जैव विविधता संरक्षण और पर्यटन विकास को साथ लेकर चलने की रणनीति पर भी विचार होगा। विदेशी परिंदों के आगमन के दौरान चार माह तक बड़ी संख्या में पर्यटक पौंग झील पहुंचते हैं। ऐसे में बर्ड वॉचिंग, नेचर टूरिज्म और वाटर स्पोर्ट्स को एकीकृत कर पर्यटन को नई दिशा देने की योजना बनाई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार बरसात के लगभग दो माह को छोड़कर पौंग डैम में जल क्रीड़ा गतिविधियां सुरक्षित रहती हैं। जिला पर्यटन विकास अधिकारी विनय धीमान ने कहा कि पौंग डैम में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। विभाग विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर यहां जल क्रीड़ा और प्रकृति आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बैठक में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने, आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाने तथा नए पर्यटन उत्पाद विकसित करने पर चर्चा होगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि पर्यटन विकास के साथ-साथ पौंग झील की जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले।

# अप्रैल माह में 90 हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे कांगड़ा

## विदेशी पर्यटकों की आमद में हुआ इजाफा

◆ **क्रिकेट और पैराग्लाइडिंग से भी पर्यटक आकर्षित**

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** कांगड़ा घाटी में इस बार पर्यटकों की आमद में इजाफा हुआ है। अकेले अप्रैल माह की बात करें तो 90000 से अधिक पर्यटक कांगड़ा घाटी पहुंचे, जिनमें से अधिकतर घरेलू पर्यटक थे। वहीं विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी पिछले वर्ष की अपेक्षा वृद्धि दर्ज हुई है। कांगड़ा घाटी की बात करें तो यहां पर क्रिकेट और पैराग्लाइडिंग पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यही वजह है कि धर्मशाला में आईपीएल से शुरू हुआ पर्यटकों की आमद का सिलसिला लगातार जारी है।

पंजाब राज्य में स्कूलों में छुट्टियों के चलते काफी संख्या में पर्यटक ठंडी हवाओं का एहसास करने के लिए कांगड़ा घाटी की ओर रुख कर रहे हैं। जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने बताया कि मैक्लोडगंज व आसपास के क्षेत्रों में समर टूरिस्ट सीजन अच्छा रहा है। अप्रैल माह में 85 हजार घरेलू पर्यटकों, जबकि 4500 विदेशी पर्यटकों ने कांगड़ा घाटी का रुख किया। विदेशी पर्यटकों का आंकड़ा पिछले वर्ष के अप्रैल माह का आंकड़ा 2662 का रहा था। कांगड़ा घाटी में पर्यटक मैक्लोडगंज, भागसूनाग, नड्डी, धर्मकोट, धर्मशाला, पालमपुर, बीड़-बिलिंग घूमने आते हैं। बकौल विनय धीमान धर्मशाला में वर्ल्ड कप के पिछले वर्ष भी मैच हुए हैं। स्पोर्ट्स टूरिज्म का बहुत बड़ा प्रभाव धर्मशाला व आसपास के क्षेत्रों में रहता है, जिसमें क्रिकेट प्रमुख है, जबकि पैराग्लाइडिंग व अन्य साहसिक खेलें भी शामिल हैं। इन दोनों गतिविधियों के लिए काफी संख्या में विदेशी यहां पहुंचते हैं।

# डरोह क्षेत्र में 10 और 11 जून को रहेगी बिजली आपूर्ति बाधित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** आरडीएसएस योजना के अंतर्गत 11 केवी काहनफट्ट और 11 केवी डरोह फीडर के सशक्तिकरण कार्य के चलते विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने बताया कि 10 जून और 11 जून 2026 को गांव घमूं, भदरोल, पनियाली, थलेड़ तथा काहनफट्ट में सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इसी प्रकार 11 जून को कस्वा, डरोह आदि क्षेत्रों में भी बिजली बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि खराब मौसम की स्थिति में कार्य अगले दिन किया जाएगा। विभाग ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि आवश्यक कार्यों की योजना बिजली कटौती को ध्यान में रखकर बनाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# बाबा कोड़गिर मंदिर में भंडारा 15 को

**अनंत ज्ञान जयसिंहपुर।** लोअर लंबागांव के बाबा कोड़गिर मंदिर में हर वर्ष की भांति 15 जून को हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि मंदिर में बाबा जी का आशीर्वाद और भंडारे के प्रसाद ग्रहण करें।

# परागपुर में एसडीएम कुलवंत पोटन ने पंचायत समिति सदस्यों को दिलाई शपथ



एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन पंचायत समिति सदस्यों को शपथ दिलवाते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** विकास खंड परागपुर के सभागार में सोमवार दोपहर तीन बजे आयोजित एक गरिमापूर्ण समारोह में एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन ने नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर परागपुर विकास खंड के तहत आने वाले सभी 23 वार्डों के समिति सदस्य उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह पंचायतीराज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधियों को संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प दिलाया जाता है।

शपथ ग्रहण के पश्चात सभी सदस्यों ने आधिकारिक रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए, जो उनके विधिवत कार्यकाल की शुरुआत का प्रमाण है।शपथ ग्रहण के साथ ही अब सभी सदस्य अपने-अपने वार्डों में विकास कार्यों को गति देने के लिए आधिकारिक रूप से कार्यभार संभालेंगे। वहीं समारोह में बीडीओ परागपुर मीना शर्मा, अधीक्षक समाज शिक्षा एवं खंड योजना अधिकारी राजकुमार, अधीक्षक मनोज कुमार और पंचायत निरीक्षक देशराज वालिया सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# धर्मशाला में गणित और अर्थशास्त्र पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में गणित एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'अंतर-विषयी गणित और अर्थशास्त्र: अनुप्रयोग और चुनौतियां' विषय पर पीएम-उषा द्वारा वित्तपोषित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में डीआईजी नॉर्दर्न रेंज सौम्या साम्बशिवन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और गणित व अर्थशास्त्र के समन्वय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई। क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक प्रो. कुलदीप कुमार अत्री ने अतिथियों का स्वागत किया। सम्मेलन की विस्तृत रिपोर्ट डॉ. तिलकराज शर्मा ने प्रस्तुत की, जिसमें बताया गया कि लगभग 350 प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया है, 127 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए हैं तथा देश-विदेश के विभिन्न संस्थानों से 220 विद्यार्थियों ने भाग लिया है। केंद्रीय विश्वविद्यालय जम्मू के प्रो. अश्वनी कुमार नंदा ने बीज वक्ता के रूप में आर्थिक पूर्वानुमान, डिजिटल अर्थव्यवस्था, बिग डेटा, मशीन लर्निंग और वित्तीय विश्लेषण में गणितीय मॉडलों के महत्व पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्रों में आर्थिक विकास, पर्यावरणीय अर्थशास्त्र, सांख्यिकीय मॉडलिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सतत विकास जैसे विषयों पर शोध प्रस्तुत किए गए।

# पालमपुर, भवारना और पंचरुखी के पंचायत प्रतिनिधियों ने ली शपथ



नवनिर्वाचित बीडीसी सदस्यों को शपथ दिलाते एसडीएम पालमपुर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** पालमपुर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले तीन विकास खंडों पालमपुर, भवारना और पंचरुखी के नवनिर्वाचित बीडीसी सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। पालमपुर स्थित 'आत्मा प्रोजेक्ट' के सभागार में आयोजित समारोह में एसडीएम पालमपुर ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह के दौरान नियमों और परंपराओं का पालन करते हुए तीनों विकास खंडों के कुल 51 बीडीसी सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। इसमें विकास खंड पालमपुर के सभी 21 सदस्यों, जबकि भवारना और पंचरुखी विकास खंडों के 15-15 पंचायत समिति सदस्यों को आधिकारिक तौर पर पद की शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए एसडीएम ने कहा कि पंचायत समिति ग्रामीण विकास की एक बेहद महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने सभी सदस्यों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने-अपने क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, सरकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने और ग्रामीण स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से काम करने का आह्वान किया। समारोह के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) और नवनिर्वाचित सदस्यों के समर्थक व परिजन भी मौजूद रहे, जिन्होंने नए प्रतिनिधियों को फूल-मालाएं पहनाकर उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी

# टीईटी जून-2026 की शेष परीक्षाओं की तिथियां घोषित

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) जून-2026 की शेष विषयवार परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि टीजीटी (आर्ट्स) परीक्षा 13 जून 2026 को प्रातः 10:00 से 12:30 बजे तक तथा टीजीटी (मेडिकल) परीक्षा उसी दिन दोपहर 02:00 से 04:30 बजे तक होगी। इसी प्रकार जेबीटी परीक्षा 14 जून को प्रातः 10:00 से 12:30 बजे तक और टीजीटी (संस्कृत) परीक्षा दोपहर 02:00 से 04:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। डॉ. शर्मा ने बताया कि पंजाबी परीक्षा 17 जून को प्रातः 10:00 से 12:30 बजे तक तथा उर्दू परीक्षा दोपहर 02:00 से 04:30 बजे तक होगी। वहीं टीजीटी (नॉन-मेडिकल) परीक्षा 21 जून को प्रातः 10:00 से 12:30 बजे तक और टीजीटी (हिंदी) परीक्षा दोपहर 02:00 से 04:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षाओं की अवधि 2 घंटे 30 मिनट निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पूर्व पहुंचना सुनिश्चित करें तथा अपने प्रवेश पत्र एवं वैध पहचान पत्र साथ लेकर आएं। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक निर्देश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# प्रदेश में अराजकता का माहौल जनता सरकार से नाराज: परमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने धर्मशाला में आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनाव समय पर नहीं करवाए गए और सरकार इन्हें टालने का प्रयास कर रही थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता ने चुनावों में भाजपा के पक्ष में अपना समर्थन देकर इसका जवाब दिया है। परमार ने कहा कि प्रदेश भर में बड़ी संख्या में भाजपा समर्थित उम्मीदवार जीतकर आए हैं तथा नगर निगम धर्मशाला में भी भाजपा को बहुमत मिला है।

उन्होंने जिला परिषद, ब्लॉक समिति और पंचायतों में निर्वाचित सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने उन्हें विकास और जनसेवा के लिए अपना आशीर्वाद दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में पिछले साढ़े तीन वर्षों के दौरान अराजकता का माहौल बना हुआ है। महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न प्रकार के माफिया सक्रिय हैं और सरकार प्रशासन पर नियंत्रण रखने में विफल रही है। परमार ने मुख्यमंत्री द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों पर की गई कथित टिप्पणियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को विभिन्न योजनाओं के लिए पर्याप्त सहायता दी जा रही है, लेकिन उसका लाभ जनता तक नहीं पहुंच रहा। पूर्व सीपीएस नीरज भारती से जुड़े विवाद पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी का आंतरिक मामला है। नशे के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नशा माफिया पर प्रभावी कार्रवाई करने में असफल रही है।

# टांडा में सरकारी दवा काउंटर पर भीड़ से बुजुर्ग मरीज परेशान, व्यवस्था पर उठाए सवाल

◆ **वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग दवा काउंटर की मांग**




टांडा में दवा काउंटर के बाहर लगी भारी भीड़। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में वरिष्ठ नागरिकों को सरकारी दवाइयां लेने के लिए लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में दवा काउंटर पर भीड़ और अव्यवस्था के कारण बुजुर्ग मरीजों को लंबे समय तक लाइन में लगना पड़ता है और कई बार धक्कामुक्की जैसी स्थिति भी बन जाती है।

जानकारी के अनुसार, पहले इस समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग काउंटर की व्यवस्था की थी, लेकिन अब वहां आम मरीजों की भीड़ बढ़ जाने से यह सुविधा प्रभावी रूप से काम नहीं कर पा रही है। इससे बुजुर्ग मरीजों को फिर से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ नागरिकों सोमा देवी, कुलभूषण कुमार, सुमन कुमार, प्रदीप कुमार, अंकित कुमार, वीणा देवी और पंकज कुमार सहित अन्य मरीजों ने टांडा प्रशासन से अपील की है कि उनके लिए एक शांत और अलग व्यवस्था की जाए, जहां वे बिना परेशानी के अपनी दवाइयां प्राप्त कर सकें। इस मामले पर टांडा अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. विवेक बुनियाल ने कहा कि अस्पताल में स्टाफ की कमी एक बड़ी समस्या है। उन्होंने बताया कि यदि सरकार अतिरिक्त स्टाफ की नियुक्ति करे और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग दवा काउंटर स्थापित करे तो इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन इस दिशा में प्रयास कर रहा है, लेकिन संसाधनों की कमी बाधा बनी हुई है।

# जनगणना 2027 में करें अपनी भागीदारी सुनिश्चित: शिखा

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** तहसीलदार धीरा कुमारी शिखा ने प्रेस बयान में कहा कि भारत सरकार द्वारा जनगणना-2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ कर दिया है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के तहत नागरिकों को स्वयं गणना की सुविधा प्रदान की गई है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे दिनांक 1 से 15 जून तक भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपनी एवं अपने परिवार की स्वयं गणना अवश्य करें। स्वयं गणना पूर्ण होने पर आपको एक जनरेटेड आईडी प्राप्त होगी। इसके बाद 16 जून से 15 जुलाई के मध्य जब जनगणना प्रगणक आपके घर भ्रमण के लिए आएं, तो उन्हें यह जनरेटेड आईडी उपलब्ध करवाएं, जिससे आपकी प्रविष्टि को सरल एवं सटीक रूप से सत्यापित किया जा सके। आपकी सहभागिता न केवल आपकी पहचान को राष्ट्रीय अभिलेखों में सुनिश्चित करेगी, बल्कि देश के समग्र विकास एवं भविष्य की योजनाओं के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। अतः तहसील प्रशासन, धीरा आप सभी नागरिकों से पुनः आग्रह करता है कि जनगणना-2027 में बढ़-चढ़कर भाग लें, स्वयं गणना करें तथा अपने परिवार, पड़ोसियों एवं परिचितों को भी इस राष्ट्रीय दायित्व के प्रति जागरूक करें।

# पालमपुर में एमएसएमई और एसएचजी को मिला डिजिटल सशक्तिकरण का मंत्र




एसडीएम कार्यालय में जागरुकता कार्यशाला का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** उद्योग विभाग द्वारा एमएसएमई मंत्रालय के रेजिंग एंड एक्सलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैंप) कार्यक्रम के अंतर्गत पालमपुर स्थित एसडीएम कार्यालय में एक दिवसीय जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयों तथा स्वयं सहायता समूहों को डिजिटल साक्षरता, ब्रांड निर्माण और सरकारी ई-मोर्केटप्लेस (जीईएम) के माध्यम से सरकारी खरीद प्रक्रियाओं से जोड़ना था। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ओम प्रकाश जरयाल ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि ऐसी कार्यशालाएं ग्रामीण उद्यमियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने मुद्रा ऋण, स्टैंड-अप इंडिया, क्रेडिट गारंटी योजना, मार्केटिंग सहायता कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की जानकारी देते हुए बताया कि विनिर्माण क्षेत्र में 50 लाख रुपये तथा सेवा क्षेत्र में 20 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध है।

कार्यशाला में 30 से अधिक एमएसएमई इकाइयों एवं स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया। प्रशिक्षक शुभम जम्वाल ने डिजिटल साक्षरता और ब्रांड निर्माण पर प्रशिक्षण देते हुए व्हाट्सएप बिजनेस, सोशल मीडिया, यूपीआई भुगतान और ऑनलाइन मार्केटिंग के माध्यम से व्यवसाय विस्तार की जानकारी दी। साथ ही पैकेजिंग, ग्राहक विश्वास और बाजार विस्तार पर भी चर्चा हुई। तृतीय सत्र में अमित कुमार ने जीईएम पोर्टल पर प्रशिक्षण दिया।

# अंब-इंदौरा से कोलकाता के लिए ट्रेन शुरू करने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, जवाली।** हिंदू रक्षा सेवा के प्रदेश अध्यक्ष एवं भारत प्रतिनिधि, हिमाचल प्रवासी ग्लोबल एसोसिएशन तिलकराज शर्मा ने अंब-इंदौरा से कोलकाता के लिए नई रेल सेवा शुरू किए जाने पर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह रेल सेवा हिमाचल प्रदेश के लोगों, विशेषकर पूर्वी भारत में कार्यरत एवं निवास कर रहे प्रदेशवासियों के लिए बड़ी सौगात है। तिलक राज शर्मा ने कहा कि इस सीधी रेल सेवा से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी तथा विभिन्न राज्यों के बीच संपर्क मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि यह लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे पूरा किया गया है। उन्होंने अनुराग ठाकुर द्वारा चक्की रेलवे पुल निर्माण और पठानकोट-जोगिंदनगर रेलमार्ग पर सेवाओं की बहाली में निभाई गई भूमिका की भी सराहना की। साथ ही हिमाचल से मुंबई के लिए सीधी रेल सेवा, विशेषकर वंदे भारत ट्रेन शुरू करने की मांग भी उठाई, ताकि लाखों प्रवासियों को सुविधा मिल सके।

# महंगाई से नाराज बाथु के लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ



प्रदेश महासचिव मनकोटिया के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोग।

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उझे-खास पंचायत के बाथु गांव में सोमवार को स्थानीय निवासियों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। क्षेत्र के निवासियों ने देश में बढ़ती महंगाई, रसोई गैस की कीमतों में हो रही वृद्धि और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के प्रति अपना गहरा रोष व्यक्त किया। इन सभी लोगों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरिंदर मनकोटिया के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और नीतियों में पूर्ण विश्वास जताते हुए परिवार सहित सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस में शामिल होने वाले प्रमुख सदस्यों में मेहर सिंह राणा, ततिलक राज राणा, सुभाष चंद, आशीष कुमार, बलवंत सिंह, किशोरी लाल, सुरिंदर कुमार, दिलबाग सिंह और कुलदीप सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं।कांग्रेस परिवार में इन सभी साथियों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करते हुए सुरिंदर मनकोटिया ने कहा कि इनके जुड़ने से क्षेत्र में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए पार्टी को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।कार्यक्रम में शामिल सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# परागपुर में पार्किंग संकट: विभाग की लापरवाही से बजट बेअसर

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** धरोहर गांव परागपुर की ऐतिहासिक गरिमा आज प्रशासनिक विफलता और पर्यटन विभाग की 'अंधेरी फाइलों' के नीचे दबकर दम तोड़ रही है। कभी अपनी संस्कृति और सुंदरता के लिए पहचाना जाने वाला यह गांव आज पार्किंग की एक ऐसी विकराल समस्या से जूझ रहा है, जिसने स्थानीय निवासियों और व्यापारियों का जीना मुहाल कर दिया है।

बाजार में वाहनों को खड़ा करने के लिए एक इंच सुरक्षित जगह न होने के कारण स्थानीय लोग भारी मासिक किराया चुकाने को मजबूर हैं, तो वहीं कुछ लोग अपनी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हुए असुरक्षित स्थानों पर वाहन छोड़ने को विवश हैं। यह स्थिति सरकारी दावों की पोल खोलती है, जो परागपुर को विश्व स्तरीय पर्यटन केंद्र बनाने के लिए किए जाते हैं। इस पूरे प्रकरण में हेरिटेज विलेज कमेटी गरली-परागपुर और पर्यटन विभाग की नकारात्मक कार्यप्रणाली ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, पार्किंग निर्माण के लिए पहले से ही बजट स्वीकृत होने के बावजूद उस राशि का उपयोग न होना, विभाग की घोर लापरवाही और सुस्ती का परिचायक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार के साथ लगती सरकारी भूमि पर दो मंजिला पार्किंग का निर्माण ही एक स्थायी समाधान है, लेकिन संबंधित अधिकारी और जिम्मेदार समितियां केवल मूकदर्शक बनी हुई हैं। दीपक, अजय, भगवानदास, संजीव, राजीव, दिनेश, नीरज, अखिलेश, राहुल, राजिंदर, महेश, परविंदर, रजत, कमलेश और संजय ने कहा कि बार-बार गुहार लगाने के बाद भी प्रशासन कार्रवाइ नहीं कर रहा है।

> **यदि** पर्यटन विभाग ने परागपुर में हेरिटेज विलेज के लिए पार्किंग स्थल के निर्माण के लिए धन स्वीकृत किया है तो उसे खर्च किया जाना चाहिए। मुझे भी लगभग आठ महीने हो गए हैं और पर्यटन विभाग ने इस या अन्य किसी मामले के बारे में मुझसे कोई चर्चा नहीं की है।
>
> **-कुलवंत सिंह पोटन, एसडीएम एवं अध्यक्ष, हेरिटेज विलेज कमेटी, गरली-परागपुर।**

## न्यूज ब्रीफ

### रिटायर्ड तहसीलदारों से आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में तहसीलदार के एक खाली पद पर रिटायर्ड तहसीलदार की तैनाती की जाएगी। यह नियुक्ति 70 हजार रुपए मासिक मानदेय पर तीन महीने के लिए की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर इस अवधि को बढ़ाया भी जा सकता है। जिला की किसी भी तहसील में तहसीलदार के खाली पद पर इनकी नियुक्ति की जा सकती है। डीसी गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि इस पद के लिए 65 वर्ष से कम आयु के रिटायर्ड तहसीलदार 18 जून तक उपायुक्त कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदक ने राजस्व विभाग की किसी भी विंग में कम से कम 5 साल नौकरी की हो तथा उसके खिलाफ किसी भी तरह की अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित नहीं होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए उपायुक्त कार्यालय या जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### बिझड़ी में बीडीसी सदस्यों को दिलाई शपथ



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विकास खंड अधिकारी कार्यालय बिझड़ी के समिति हाल में एसडीएम नागरिक बड़सर स्वाति डोगरा ने बीडीसी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विकास खंड बिझड़ी की विभिन्न पंचायतों से 22 बीडीसी सदस्य चुनकर आए हैं, जबकि एक बीडीसी सदस्य निर्विरोध चुनी गई है। शपथ समारोह के दौरान सभी के सभी 23बीडीसी उपस्थिति रहे। इस अवसर पर बिकास खंड अधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य कई कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बजरोह टीम ने जीती वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** मंडी व हमीरपुर जिलों की सीमा पर स्थित दारपा में एक दिवसीय अंडर-19 वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। पहले सेमीफाइनल में परमार यूथ क्लब बजड़ोह ने भोरंज की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में चंबोह ने दारपा को पराजित किया। फाइनल मुकाबले में बजड़ौह टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, वहीं चंबोह उपविजेता रही। विजेता टीम को 5,100 तथा उपविजेता को 3,100 रुपए की राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई।

### भाजयुमो ने निकाली नशे के खिलाफ रैली




**अनंत ज्ञान, नादौन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नादौन मंडल द्वारा इंद्रपाल चैक नादौन से पतन बाजार तक नशे के विरुद्ध विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली नादौन बाजार से होते हुए गुजरी जिसमें 180 से भी अधिक संख्या में युवाओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित करी। नादौन का बाजार नशा मुक्त भारत, बंदे मातरम और जय हिंद के नारों से गूंज उठा। मंडल अध्यक्ष आशीष राणा ने मीडिया में जानकारी देते हुए कहा कि यह रैली राज्यसभा सांसद डॉ सिकंदर कुमार एवं पूर्व में भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे रघुबीर ठाकुर के दिशानिर्देश से सम्पन्न हुई। इस अवसर पर युवा मोर्चा नादौन मंडल अध्यक्ष आशीष राणा, महामंत्री शौकत अली, आकाश, एडवोकेट केशव गोस्वामी, अवनीश जामवाल, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिला प्रवक्ता हर्षित मिन्हास, जिला सोशल मीडिया प्रभारी कौशिक जरयाल, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी मुकेश जरियाल एवं अन्य युवा मोर्चा मंडल नादौन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केंद्र ने विकास को दी प्राथमिकता देश को मिली नई दिशा: अनुराग

## कहा- केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं

अनंत ज्ञान



मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित।

**हमीरपुर।** भाजपा जिला हमीरपुर की ओर से जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में सोमवार को मोदी सरकार के 12 साल 'विकास के नाम' विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेते हुए केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश के विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अनुराग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश में हुए व्यापक बदलावों, सुशासन, गरीब कल्याण, आधारभूत ढांचे के विकास, डिजिटल क्रांति और भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और विकास को प्राथमिकता देते हुए देश को नई दिशा प्रदान की है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कमांडर विजय सिंह तथा सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके. अग्निहोत्री ने सह-वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। दोनों वक्ताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में देश की प्रगति तथा केंद्र सरकार की नीतियों के प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री कमलेश कुमारी, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, डॉ. अनिल धीमान सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। जिला हमीरपुर के सभी मंडलों से आए पार्टी पदाधिकारियों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए संगठनात्मक स्तर पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का भी आह्वान किया गया।

### नगर पंचायत भोटा में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न

# सरोज कुमारी अध्यक्ष और बलदेव राज बने उपाध्यक्ष



नगर पंचायत भोटा में सर्वसम्मति से हुआ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**संजीव, भोटा।** नगर पंचायत भोटा में सोमवार को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। सरोज कुमारी को अध्यक्ष एवं बलदेव राज को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सात पार्षदों में से तीन पार्षद भाजपा और बाकी चार व्यापार मंडल एवं कांग्रेस के गठबंधन के थे। इन सातों पार्षदों ने सर्वसम्मति से मिलकर फैसला लिया और कांग्रेस से सरोज कुमारी को अध्यक्ष एवं बलदेव राज को उपाध्यक्ष बनाने का फैसला किया। सरोज वार्ड नंबर 1 से पहले भी पार्षद रह चुकी हैं, जबकि बलदेव राज वार्ड नंबर 6 से दो बार पार्षद रह चुके हैं। सातों पार्षदों ने जो की सातों वार्डों से जीतकर आए हैं आपसी सहमति जताकर भोटा नगर पंचायत के विकास को मध्य नजर रखते हुए या फैसला लिया। चुनाव पर्यवेक्षक कमल पठानिया, पर्यवेक्षक रोशन लाल, परिवेशक नरेश लखनपाल एवं स्थानीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. देशराज शर्मा, डॉक्टर ललित भार्गव, जगदीश चंद और भाजपा की तरफ से राजेंद्र सोनी पंकज सोनी और व्यापार मंडल की ओर से प्रधान सनी शर्मा व कार्यकारिणी ने विशेष भूमिका निभाई।

# सुजानपुर अस्पताल को मिली नई एंबुलेंस, स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सुदृढ़

अनंत ज्ञान



एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए एक और बड़ी सौगात मिली है। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह द्वारा मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष उठाई गई एंबुलेंस की मांग को सरकार ने मंजूरी देते हुए सुजानपुर अस्पताल के लिए नई एंबुलेंस उपलब्ध करवा दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो अब सुजानपुर पहुंचकर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। यह उपलब्धि विधायक कैप्टन रणजीत सिंह के निरंतर प्रयासों और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम मानी जा रही है। उन्होंने हमेशा क्षेत्रवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए हैं। नई एंबुलेंस के मिलने से आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में बड़ी मदद मिलेगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ेगी। क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि के लिए विधायक कैप्टन रणजीत सिंह, मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि जनहित के मुद्दों को गंभीरता से उठाकर उन्हें धरातल पर उतारने का कार्य लगातार किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित हो रहा है।

# हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों का डिजिटल प्रशिक्षण, आधुनिक शिक्षण पर जोर

अनंत ज्ञान




हिम अकादमी स्कूल विकासनगर में विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन।

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण कौशल को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 'सकारात्मक व्यवहार सहयोग एवं डिजिटल शिक्षण उपकरणों के माध्यम से शिक्षण पद्धतियों में परिवर्तन' विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को सकारात्मक एवं सहयोगात्मक शिक्षण वातावरण के निर्माण तथा आधुनिक डिजिटल तकनीकों के प्रभावी उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना था।कार्यक्रम का संचालन शालिनी साहोत्रा द्वारा किया गया।

उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों के सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहित करने की विभिन्न रणनीतियों तथा कक्षा-कक्ष में डिजिटल शिक्षण उपकरणों के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तकनीक आधारित शिक्षण न केवल विद्यार्थियों की रुचि और सहभागिता को बढ़ाता है, बल्कि सीखने की प्रक्रिया को भी अधिक रोचक, सुलभ और प्रभावशाली बनाता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के 96 शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। विभिन्न गतिविधियों, चर्चाओं और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों ने नवीन शिक्षण तकनीकों एवं व्यवहार प्रबंधन के प्रभावी उपायों को समझा। यह सत्र सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और उपयोगी सिद्ध हुआ।

इस मौके पर प्रधानाचार्या (अकादमिक) डॉ. हिमांशु शर्मा ने कहा कि सकारात्मक व्यवहार सहयोग और डिजिटल शिक्षण उपकरण आज की शिक्षा व्यवस्था के महत्वपूर्ण अंग हैं। इनका प्रभावी उपयोग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

विद्यालय निदेशक इंजी. पंकज लखनपाल ने कहा कि संस्थान सदैव शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों एवं नवीन तकनीकों से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि विद्यार्थियों को समयानुकूल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। उप-प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए उन्हें प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को अपनी दैनिक शिक्षण प्रक्रिया में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# नादौन पुलिस ने चार गुमशुदा लोगों को तलाश कर परिजनों से मिलाया

अनंत ज्ञान



**सोनल, नादौन।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश और उनके परिजनों से पुनर्मिलन के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना नादौन की टीम को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने निरंतर प्रयासों, तकनीकी सहायता और विभिन्न राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर चार गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल खोज निकाा है।

तलाश किए गए व्यक्तियों में नीना कुमारी (40 वर्ष), निवासी चठियाड़, जो 3 जनवरी 2025 से लापता थीं, अल्किया रानी (24 वर्ष), निवासी रक्कड़, जो 19 अगस्त 2025 से गुमशुदा थीं, रजनीश पटियाल (40 वर्ष), निवासी पुर्नडियाल, जो 24 मार्च 2026 से लापता थे तथा 19 वर्षीय पलक, निवासी बसारल, शामिल हैं। पुलिस थाना नादौन की टीम ने सभी को सुरक्षित बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार सभी व्यक्तियों को उनके परिजनों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है तथा आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। थाना प्रभारी नादौन निरीक्षक निर्मल सिंह ने बताया कि गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश जिला पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है और ऐसे मामलों में संवेदनशीलता व तत्परता के साथ कार्रवाई की जाती है। उन्होंने पुलिस टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लगातार मेहनत और तकनीकी जांच के माध्यम से यह सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि परिवार का कोई सदस्य लापता होने पर तुरंत निकटतम पुलिस थाने में सूचना दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# नादौन में एसडीएम ने नवनिर्वाचित बीडीसी सदस्यों को दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान



नवनिर्वाचित बीडीसी सदस्यों को शपथ दिलाते एसडीएम निशांत शर्मा।

**नादौन।** मिनी सचिवालय नादौन के सभागार में सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम निशांत शर्मा ने पंचायत समिति नादौन के नवनिर्वाचित 14 महिलाओं व 13 पुरुष यानी 27 सदस्यों को शपथ दिलाई गई। एसडीएम ने सभी चुने हुए बीडीसी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं।

इस अवसर पर बीडीओ राजेश ठाकुर के अलावा पंचायतीराज विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। एसडीएम ने चुने हुए बीडीसी को उनके कर्तव्यों व अधिकार क्षेत्र बारे जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत समिति क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए यदि कहीं एनओसी की आवश्यकता पड़ती है तो पंचायत समिति को एनओसी जारी करनी चाहिए ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की वाधा न पड़े। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देश पर नादौन क्षेत्र में इस समय विभिन्न प्रकार के करीब 400 करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रगति पर हैं।

इन कार्यों के लिए नादौन की जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। शपथ लेने वाले सदस्यों में बंदना कुमारी (चमराल), सविता ठाकुर (चोड़ू), रीना रानी (फस्टे), पूजा कुमारी (भूंपल), अनीता कौशल (बटराण), रंजना शर्मा (पनसाई), रंजना देवी (बढ़ेड़ा), ममता (कश्मीर), अंकिता शर्मा (हड़ेटा), कृष्णा देवी (फाहल), निशा शर्मा (लहड़ा), पिंगलां देवी (घनेटा), बिमला देवी (अमलैहड़), कमलेश कुमारी (मंझियार), नवीन कुमार (बलडूहक), राम पाल (जोल सप्पड़), विजय सिंह (नौहंगी), प्यार चंद (लाहड़ कोटलू), राजिंद्र सिंह (जलाड़ी), अनिल कुमार (भरमोटी खुर्द), जगराज सिंह (मालग), रघुवीर सिंह (पन्याली), रजनीश कौशल (गलोड़ खास), मनजीत सिंह (ग्वालपथर), विनोद कुमार (झलाण), कर्ण बेदी (बसारल) तथा केवल कृष्ण (कलूर) शामिल रहे।

# जिला परिषद की नई टीम ने संभाली जिम्मेदारी

## डीसी गंधर्वा राठौड़ ने सभी 19 नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला परिषद हमीरपुर के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को परिषद के सम्मेलन हॉल में आयोजित किया गया। इस समारोह में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने सभी 19 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वाले सदस्यों में वार्ड-1 बीड़ बगेहड़ा की तृप्ता देवी, वार्ड-2 पनोह की आशा देवी, वार्ड-3 दरोगण पत्ती कोट से मनजीत सिंह, वार्ड-4 उहल से ज्योति ठाकुर, वार्ड-5 जंगल रोपा के सोनी कुमार, वार्ड-6 ताल सुरेश सोनी, वार्ड-7 चमनेड रोहित शर्मा, वार्ड-8 बधाणी रजनी देवी, वार्ड-9 धमरोल अनिता शर्मा, वार्ड-10 जाहू पवन कुमार, वार्ड-11 महल अनिता देवी, वार्ड-12 करेर गुरदीप सिंह, वार्ड-13 बिझड़ी विकास कुमार, वार्ड-14 झंझयाणी रामेश्वर दत्त, वार्ड-15 दांदड़ू रेणु बाला, वार्ड-16 लहड़ा रंजना कुमारी, वार्ड-17 मालग वंदना कुमारी, वार्ड-18 अमलैहड़ रविंद्र कुमार और वार्ड नंबर-19 सपड़ोह की सदस्य नीलम कुमारी शामिल रहीं। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जिला परिषद की सचिव एवं जिला पंचायत अधिकारी बबीता गुलेरिया ने शपथ ग्रहण की कार्रवाई का संचालन किया।

कार्यक्रम में एडीसी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक कुमार गर्ग, अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा नवनिर्वाचित सदस्यों के परिजन भी उपस्थित रहे।

### बीडीसी भोरंज के नवनिर्वाचित सदस्यों ने भी ली शपथ

अनंत ज्ञान



**भोरंज।** पंचायत समिति भोरंज के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को मिनी सचिवालय में आयोजित किया गया। एसडीएम शशि पाल शर्मा ने पंचायत समिति के सभी 22 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कक्कड़ पंचायत में पेयजल संकट गहराया ग्रामीणों ने जलशक्ति विभाग से लगाई गुहार

अनंत ज्ञान



**भोरंज।** भोरंज उपमंडल की कक्कड़ पंचायत के विभिन्न गांवों में पेयजल की समस्या गंभीर रूप धारण करती जा रही है। समस्या के समाधान को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल जलशक्ति विभाग के एसडीओ से मिला तथा उन्हें क्षेत्र में उत्पन्न जल संकट से अवगत करवाया। प्रतिनिधिमंडल में पंचायत प्रधान जगत राम, श्रीराम, सुरेश कुमार, चमन लाल, हेतराम, महेश चंद, अमरनाथ और दिलेराम सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से गर्मी बढ़ने के कारण पेयजल स्त्रोतों में पानी कम हो गया है, जिससे लोगों को पीने के पानी के साथ-साथ पशुओं के लिए भी पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है।

कक्कड़ पंचायत के उपप्रधान जगत राम ने विभागीय अधिकारियों को सुझाव दिया कि सीर खड्ड में बने पानी के कुएं की सफाई करवाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि इस कुएं की सफाई हो जाती है तो क्षेत्र में पानी की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता ने ग्रामीणों की मांग पर सहमति जताते हुए विभागीय कर्मचारियों को संबंधित कुएं की सफाई के निर्देश जारी किए। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक-दो दिनों के भीतर सफाई कार्य पूरा कर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कक्कड़ पंचायत के लिए लिडी खड्ड के किनारे एक नई पेयजल योजना प्रस्तावित की जा रही है। इस योजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) 20 जून तक तैयार कर उच्च अधिकारियों को स्वीकृति के लिए भेज दी जाएगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि नई योजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

### विदेश में नौकरी के इच्छुक युवा 12 तक भरें ऑनलाइन फॉर्म

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) के माध्यम से युवाओं को विदेश में रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए एक और अवसर प्रदान किया है। एचपीएसईडीसी को भर्ती प्रतिनिधि कंपनी किंगस्टन होल्डिंग्स के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात में रोजगार के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों के पास वैध पासपोर्ट होना चाहिए। चयनित युवाओं को लगभग 1375 दिरहम मासिक वेतन के अलावा आवास, बीमा, अन्य सुविधाएं तथा दो साल में एक बार हवाई टिकट की सुविधा भी मिलेगी। चयनित उम्मीदवारों को विभिन्न औपचारिकताएं पूर्ण करने हेतु विदेश मंत्रालय द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार 35,400 रुपए का शुल्क अदा करना होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार 12 जून तक गूगल फार्म भरकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

# श्रद्धालुओं को अब नहीं लगेंगे हिचकोले

## सलौणी-गलोड़-दियोटसिद्ध मार्ग पर व्हाइट सरफेस बिछाकर डबल लेयर हो रही तैयार

अनंत ज्ञान



सड़क का अपग्रेड का काम युद्धस्तर पर जारी। अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** सलौणी गलोड़-दियोटसिद्ध सड़क पर अब हिचकोले नहीं लगेंगे। सड़क का अपग्रेड का काम युद्धस्तर पर जारी है व व्हाइट सरफेस बिछाकर डबल लेयर तैयार हो रही है। बता दें कि यह मुख्य सड़क मार्ग जो दियोटसिद्ध और ज्वाला जी को बहुत ही शॉर्टकट पड़ता है।

इस सड़क मार्ग के बन जाने से दोनों धार्मिक स्थलों की दूरी 72 किलोमीटर रहेगी है, जबकि वाया हमीरपुर जाना हो तो यह दूरी 15 किलोमीटर एक्स्ट्रा पड़ती है। दियोटसिद्ध से ज्वाला जी एकदम उपयुक्त मार्ग रहेगा, जो वाया हमीरपुर से लगभग 15 से 16 किलोमीटर कम पड़ेगा।

गौर रहे कि प्रदेश में जब कांग्रेस सरकार बनी थी तो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह क्खू ने दियोटसिद्ध में शीश नवाने आए थे तथा उन्होंने उस वक्त दियोटसिद्ध से लेकर नादौन भट्टा तक सड़क मार्ग को डबल करने की घोषणा की थी। अब यह मुख्यमंत्री की गई घोषणा पूरी होती दिखाई दे रही है। इस सड़क मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों को भी कई तरह की सुविधा मिलेगी। जब कोई सड़क एकदम चौंध होकर बन जाती है तो इस दौरान वाहनों की आवाजही बढ़ जाती है और साथ लगते जो कस्बे जहां पर बस स्टॉप होता है व्यापारियों के लिए भी कुछ राहत जरूर मिलती है। मुख्यमंत्री के जो प्रयास है वह बहुत ही सार्थक सिद्ध हुए हैं। इस सड़क के बनने से आम लोगों को भी कई तरह की सुविधा मिलेगी पूर्व में यह सड़क मार्ग बहुत ही संकीर्ण होने के चलते वाहन चालक इस सड़क मार्ग पर गाड़ी चलाने से भी कतराते हैं क्योंकि हर वक्त जाम की स्थिति बन जाती थी लेकिन जब सड़क चालू हो जाएगी और डबल लाइन हो रही है अब जो है जनता को बेहतर सड़क सुविधा के साथ-साथ जाम की स्थिति से भी आम जनता को निजात मिलेगा।

# नगर पंचायत भोटा को आदर्श शहर बनाने का संकल्प: सुरेश

**अनंत ज्ञान, संजीव, भोटा।** भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने भोटा रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सरोज कुमारी को अध्यक्ष और बलदेव राज को उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सातों पार्षदों ने सर्वसम्मति से दोनों पदों का चयन कर एकजुटता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। सभी पार्षद कांग्रेस पार्टी से विजयी हुए हैं, जो संगठनात्मक समन्वय को दर्शाता है।

**सभी प्रतिनिधियों से की मिलकर काम करने की अपील**

विधायक ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भोटा क्षेत्र के विकास में सरकार द्वारा निरंतर सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिना मांग के स्थानीय बस स्टैंड के लिए 9 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है और इसका कार्य भी शुरू हो चुका है। साथ ही उन्होंने भोटा में ड्रामा सेंटर स्थापित करने और अस्पताल का दर्जा बढ़ाने की दिशा में प्रयास करने की बात कही। सुरेश कुमार ने कहा कि भोटा दो हाईवे से जुड़ा महत्वपूर्ण क्षेत्र है, इसलिए इसे एक आदर्श नगर पंचायत के रूप में विकसित करने की योजना है। उन्होंने स्थानीय पार्षदों और व्यापार मंडल के साथ मिलकर विकास कार्यों को गति देने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि भोटा अस्पताल पुराने स्वास्थ्य केंद्र के रूप में महत्वपूर्ण है और इसे अपग्रेड करने के प्रयास जारी रहेंगे। विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विकास कार्यों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस की जीत को जनता के समर्थन का परिणाम बताया और सभी प्रतिनिधियों से विकास कार्यों में मिलकर काम करने की अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### सेवा संकल्प समिति का जनरल हाउस 17 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सेवा संकल्प समिति सरकाघाट की आम सभा का आयोजन 17 जून बुधवार को शिव मंदिर सरकाघाट के सभागार में प्रातः 10:30 बजे आरम्भ होगा। समिति के महासचिव राकेश पंकज ने बताया कि इसी दिन महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य पर राजपत्रित अवकाश भी घोषित हुआ है ।इस आम सभा में वित वर्ष 2025-26 का ब्योरा तथा उपरांत दो वर्षों के लिए नयी कार्यकारिणी का चयन होगा। समिति के महासचिव ने संस्था के सभी सम्माननीय सदस्यों को इस महत्वपूर्ण जनरल हाउस में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है ताकि सेवा संकल्प समिति के उद्देश्य पूर्ण हो सके।

### वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ज्येष्ठ एवम वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद इकाई सरकाघाट की मासिक बैठक, इकाई के अध्यक्ष प्रकाश चन्द चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को सरकाघाट में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सरकाघाट की बेहतरी के लिए अहम सुझाव रखे तथा आसपास को समस्याओं पर विस्तारपूर्व चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांगों को हॉस्पिटल तथा अन्य सार्वजनिक कार्यालयों में, अलग लाइन न होने पर रोष व्यक्त किया गया तथा सरकार से इस मांग पर हस्तक्षेप कर, सभी कर्मचारियों को दिशा निर्देश देने का आग्रह किया गया। गैस एजेंसी सरकाघाट द्वारा बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करने का आग्रह किया गया तथा सभी सीवरेज समस्या और पार्किंग सुविधा को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का आग्रह किया गया। इस मौके पर नेक राम शास्त्री, कुलदीप गुलेरिया, रणजीत सिंह, वेद प्रकाश शर्मा, रमेश चन्द भारद्वाज, रमेश चंदेल, पूर्ण चन्द ठाकुर, दत्त राम शास्त्री, मेहर चन्द चंदेल, हरि दास कौशल, कैप्टन बलदेव चौहान, हेम राज चंदेल, राज कुमार शर्मा, राम उपाध्याय इत्यादि मौजूद रहे।

### दिव्यांग कल्याण समिति की मासिक बैठक आज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति सरकाघाट की मासिक बैठक बुधवार को समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास कौशल की अध्यक्षता में समिति कार्यालय रोपा कॉलोनी में प्रातः 10 बजे आयोजित होगी।समिति के प्रदेश महासचिव रमेश चन्द भारद्वाज ने बताया कि बैठक में क्षेत्र के दिव्यांगजनों की समस्याओं और मांगों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही प्राप्त समस्याओं को समाधान के लिए संबंधित विभागों एवं सरकार तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने सक्षम दिव्यांगों तथा दिव्यांगजनों के परिजनों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं और सुझाव रखने की अपील की है।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के आश्रितों को मिले दो लाख रुपए



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा छातर ने मृतक खाताधारक के परिवार को दो लाख रुपये की बीमित राशि प्रदान कर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की उपयोगिता को एक बार फिर साबित किया है।हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि जिला मंडी के धर्मपुर उपमंडल के गांव डोलन, डाकघर ब्रांग निवासी लशकरी राम पुत्र स्वर्गीय प्रभा राम का 15 अप्रैल 2026 को आकस्मिक निधन हो गया था। लशकरी राम ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत दो लाख रुपये का जीवन बीमा कवर लिया हुआ था। उनकी पत्नी बिमला देवी इस योजना में नामित (नॉमिनी) थीं।बैंक अधिकारियों ने सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद बिमला देवी को दो लाख रुपये की बीमित सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अमित कुमार, सहायक प्रबंधक गंगा राम कौशल, मोहित चौधरी तथा वरिष्ठ ग्राहक सेवा सहायक संदीप कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों ने ग्रामीण जनता से केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मात्र 20 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रुपये का जीवन बीमा कवर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं जरूरत के समय परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करती हैं।

### पराशर झील में आर्ट मोटिवेशन शिविर 12 से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल पराशर झील में 12 से 14 जून 2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय आर्ट मोटिवेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। देशभर के वरिष्ठ कलाकारों की भागीदारी से आयोजित होने वाला यह शिविर कला, संस्कृति और रचनात्मक अभिव्यक्ति का अनूठा संगम बनेगा। शिविर के आयोजक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कलाकार विवेक शर्मा, उपाध्यक्ष शुभम शाला चौहान तथा वरिष्ठ कलाकार बालम राम पटियाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय शिविर में देश के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लगभग 70 वरिष्ठ कलाकार भाग लेंगे। कलाकार अपनी-अपनी कला विधाओं और माध्यमों के माध्यम से प्रकृति की गोद में कैनवास पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों को साकार करेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य भारत की विविध कला, संस्कृति, लोक परंपराओं और प्रतिभाओं को एक साझा मंच प्रदान करना है, ताकि विभिन्न राज्यों के कलाकार आपसी संवाद और रचनात्मक आदान-प्रदान के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का संदेश दे सकें। पराशर ऋषि की तपोस्थली और प्राकृतिक सौंदर्य से घिरी पराशर झील का शांत वातावरण कलाकारों को सृजन के लिए विशेष प्रेरणा प्रदान करेगा। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन न केवल कला प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि हिमाचल की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी दिलाएगा।

◆ **14 जून तक चलेगा शिविर, देश के 70 कलाकार होंगे शामिल**

# नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों ने ली शपथ

## उपायुक्त ने नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला परिषद मंडी के 36 नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए सोमवार को भ्यूली स्थित जिला परिषद के सम्मेलन कक्ष में पद एवं गोपनीयता शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस गरिमामय अवसर पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने नव निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जिला परिषद सदस्य ग्रामीण एवं जिला स्तर पर विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके नेतृत्व, सक्रिय सहभागिता और जनसेवा की भावना से विकास कार्यों को नई गति एवं दिशा मिलेगी तथा आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। शपथ ग्रहण के दौरान सदस्यों ने पूर्ण सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता एवं कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा जनहित के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, एसडीएम सदर रूपिंदर कौर, जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा, जिला परिषद के सदस्य सचिव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए डीसी अपूर्व देवगन।

## किशोर चुने नगर पंचायत करसोग के अध्यक्ष और उत्तम चंद उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

◆ **नवनिर्वाचित पार्षदों को एसडीएम ने दिलाई शपथ**

**करसोग।** नगर पंचायत करसोग के नवनिर्वाचित पार्षदों के लिए एसडीएम सभागार करसोग में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नगर पंचायत करसोग के विभिन्न वार्डों से निर्वाचित सभी 6 पार्षदों को विधिवत शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के उपरांत नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से किशोर कुमार को नगर पंचायत करसोग का अध्यक्ष व उत्तम चंद को उपाध्यक्ष चुना गया। दोनों पदाधिकारियों के निर्वाचन पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर नगर पंचायत करसोग के सचिव हिमेश कुमार पाल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर परिषद सरकाघाट के नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को नगर परिषद सभागार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने की। इस अवसर पर नगर परिषद सरकाघाट के कार्यकारी अधिकारी एवं तहसीलदार सरकाघाट मनीश कुमार सहित परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपमंडलाधिकारी (ना.) राजेंद्र कुमार गौतम ने नगर परिषद के सातों वार्डों से निर्वाचित सात सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत उन्होंने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए जनहित, पारदर्शिता तथा विकासोन्मुख सोच के साथ कार्य करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नगर परिषद के निर्वाचित सदस्य स्थानीय स्वशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और नगर के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत अहम है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने वार्डों की आवश्यकताओं, समस्याओं एवं जन अपेक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य करना चाहिए, ताकि नगर को स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित एवं विकासशील बनाया जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनिर्वाचित सदस्य जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरते हुए नगर के समग्र विकास तथा जनकल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। समारोह के अंत में एसडीएम ने प्रशासन की ओर से सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल, जनहितैषी एवं विकासोन्मुख कार्यकाल की कामना की।

# एसडीएम अमर का जनप्रतिनिधियों से क्षेत्रीय विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान

## सुंदरनगर में 16 नवनिर्वाचित बीडीसी सदस्यों को दिलाई शपथ



सुंदरनगर में 16 नवनिर्वाचित बीडीसी सदस्यों को शपथ दिलाते एसडीएम अमर नेगी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय सुंदरनगर के सभागार में सोमवार को विकास खंड के नवनिर्वाचित बीडीसी सदस्यों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी (नागरिक) सुंदरनगर अमर नेगी ने पंचायत समिति सुंदरनगर के सभी 16 नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम अमर नेगी ने जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास एवं आमजन की भलाई के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की मजबूत आधारशिला हैं, और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका से ही विकास कार्यों को गति मिलती है तथा जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव होता है। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी नियोन शर्मा ने नवनिर्वाचित सदस्यों को पंचायती राज विभाग की कार्यप्रणाली, अधिकारों एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी सदस्यों से पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने का आग्रह किया। समारोह के अंत में प्रशासन की ओर से सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं तथा उनके सफल, जनहितकारी एवं विकासोन्मुख कार्यकाल की कामना की गई।

## धर्मपुर में पंचायत समिति सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** उपमंडल मुख्यालय धर्मपुर में सोमवार को पंचायत समिति के नवनिर्वाचित 20 सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। एसडीएम धर्मपुर जोगिंदर पटियाल ने एसडीएम कार्यालय परिसर में आयोजित सादे लेकिन गरिमामय समारोह में सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर एसडीएम जोगिंदर पटियाल ने नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायत समिति लोकतांत्रिक व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी है और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे बिना किसी भेदभाव के अपने-अपने क्षेत्रों के विकास के लिए कार्य करें। उन्होंने सभी सदस्यों से निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। एसडीएम ने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने में पंचायत समिति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में सभी सदस्य आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करें। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों के विकास, जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने तथा लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लिया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) धर्मपुर बालम राम, पंचायत निरीक्षक संजय पराशर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ। ज्ञात रहे कि शपथ ग्रहण के बाद अब पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां भी तेज होने लगी हैं और क्षेत्र में इसको लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

# युवक मंडल हराबाग के स्थापना दिवस पर 37 यूनिट रक्त एकत्रित

अनंत ज्ञान



**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध हराबाग स्थली में युवक मंडल हराबाग के स्थापना दिवस के अवसर पर युवक मंडल और हिमालयन ब्लड डोनर्स के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 37 यूनिट बहुमूल्य रक्त एकत्रित किया गया। इसके साथ ही हिमालयन ब्लड डोनर्स का 110वां रक्तदान शिविर भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रक्त संग्रहण का कार्य एम्स बिलासपुर की टीम ने डॉ. नम्रता शर्मा के नेतृत्व में किया। शिविर में हिमालयन ब्लड डोनर्स की ओर से सुरेश ठाकुर, शोनू शर्मा, पुरुषोत्तम धीमान और विक्की ठाकुर उपस्थित रहे, जबकि युवक मंडल हराबाग की ओर से रमेश कुमार, कपिल शर्मा, जगन्नाथ और रूप सिंह ने व्यवस्थाओं का संचालन किया। समाजसेवी राजा ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रक्तदाताओं के लिए जूस एवं फलों की व्यवस्था अडानी सीमेंट की ओर से जितेंद्र पाल सिंह और प्रवीण कुमार ने की। वहीं, रक्तदान शिविर में पहुंची टीम, रक्तदाताओं और अतिथियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। रवि ठाकुर ने निःशुल्क टेंट उपलब्ध करवाकर कार्यक्रम में सहयोग दिया। युवक मंडल हराबाग के प्रतिनिधि नीरज शर्मा ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए, ताकि अस्पतालों में रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों को समय पर जीवनदायी सहायता मिल सके।

## एसएफआई बीएड परीक्षाएं जल्दबाजी में करवाने पर नाराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) जिला कमेटी मंडी ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू) मंडी द्वारा बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं जल्दबाजी में आयोजित किए जाने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है। संगठन ने इसे छात्रों के शैक्षणिक हितों के विरुद्ध बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षा की गुणवत्ता और राष्ट्रीय मानकों से समझौता कर रहा है। एसएफआई जिला सचिव दीपक कुमार ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 अप्रैल को समाप्त हुई थीं, जबकि विश्वविद्यालय ने द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 9 जून से निर्धारित कर दी हैं। ऐसे में छात्रों को पूरे सेमेस्टर की पढ़ाई, प्रायोगिक कार्य तथा परीक्षा तैयारी के लिए मात्र 46 दिनों का समय मिला है, जो किसी भी दृष्टि से पर्याप्त नहीं है। संगठन ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के नियमों के अनुसार अनिवार्य एक माह की स्कूल ऑब्जर्वेशन एवं टीचिंग प्रैक्टिस को भी निर्धारित अवधि से काफी कम समय में पूरा करवाया गया है। इससे भावी शिक्षकों के प्रशिक्षण और शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं।

# मंडी पहुंचा 'जीवाजी विवि' का दल

## नगर के 500 वर्षों के ऐतिहासिक सफर का करेगा अध्ययन



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी नगर की 500 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा के अध्ययन एवं दस्तावेजीकरण के उद्देश्य से सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी और जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक सर्वेक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर का पांच सदस्यीय दल वरिष्ठ इतिहासविद् एवं पुरावेत्ता प्रो. शांतिदेव सिसोदिया के नेतृत्व में मंडी पहुंचा। सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने दल का स्वागत करते हुए कहा कि यह शैक्षणिक सहयोग भारतीय इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि मंडी नगर हिमालयी सभ्यता, संस्कृति और इतिहास का प्रमुख केंद्र रहा है तथा इसके 500 वर्षों के इतिहास का वैज्ञानिक अध्ययन भावी पीढ़ियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने इतिहास विभाग और कार्यक्रम संयोजक डॉ. राकेश कुमार शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी संयुक्त शोध गतिविधियां क्षेत्रीय इतिहास को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से जोड़ने में सहायक होंगी। इतिहास विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि सर्वेक्षण के माध्यम से मंडी नगर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत का दस्तावेजीकरण किया जाएगा। वहीं, प्रो. शांतिदेव सिसोदिया ने कहा कि मंडी की धरोहरें पश्चिमी हिमालय की सांस्कृतिक निरंतरता को समझने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और सर्वेक्षण से प्राप्त निष्कर्ष भविष्य के शोध एवं विरासत संरक्षण योजनाओं में उपयोगी साबित होंगे।

# आईआईटी मंडी ने शुरू किया क्वांटम साइंस एंड इंजीनियरिंग बीटेक कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

◆ **डेटा एनालिटिक्स के साथ कृषि एवं केमिकल इंजीनियरिंग के दो नए पाठ्यक्रम भी शुरू**

**ब्यूरो, मंडी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी ने उभरती प्रौद्योगिकियों और राष्ट्रीय विकास की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तीन नए स्नातक (अंडरग्रेजुएट) कार्यक्रम शुरू किए हैं। इनमें बीटेक इन क्वांटम साइंस एंड इंजीनियरिंग, बीटेक इन एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग विद डेटा एनालिटिक्स तथा बीटेक इन केमिकल इंजीनियरिंग विद डेटा एनालिटिक्स शामिल हैं। इन कार्यक्रमों की शुरुआत के साथ आईआईटी मंडी क्वांटम साइंस एंड इंजीनियरिंग में समर्पित बीटेक कार्यक्रम शुरू करने वाला देश का पहला आईआईटी बन गया है। संस्थान के अनुसार यह कार्यक्रम क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम संचार, क्वांटम सेंसिंग, क्वांटम मैटेरियल्स और हार्डवेयर इंजीनियरिंग को कंप्यूटर साइंस, गणित और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के साथ जोड़ते हुए भविष्य के क्वांटम इंजीनियर तैयार करेगा। कार्यक्रम से जुड़े छात्र सुरक्षित संचार, क्वांटम हार्डवेयर और उन्नत कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में योगदान देने में सक्षम होंगे। वहीं डेटा एनालिटिक्स सहित कृषि इंजीनियरिंग कार्यक्रम में कृषि इंजीनियरिंग की मूलभूत अवधारणाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), रिमोट सेंसिंग, ऑटोमेशन और डेटा एनालिटिक्स के साथ एकीकृत किया गया है। विद्यार्थियों को प्रयोगशालाओं, फील्ड प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, अनुसंधान परियोजनाओं तथा एग्री-टेक कंपनियों और स्टार्टअप्स के सहयोग से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे प्रिसिजन एग्रीकल्चर, सतत कृषि और जलवायु-सहिष्णु खाद्य प्रणालियों के विकास में योगदान दे सकें। इसके अलावा स्कूल ऑफ केमिकल साइंसेज के अंतर्गत शुरू किए गए डेटा एनालिटिक्स सहित केमिकल इंजीनियरिंग कार्यक्रम में केमिकल इंजीनियरिंग की मूलभूत शिक्षा को कम्प्यूटेशनल मॉडलिंग, प्रोसेस सिमुलेशन, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस के साथ जोड़ा गया है। विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, विज्ञान, मानविकी अथवा प्रबंधन विषयों में माइनर या डबल मेजर करने का अवसर भी मिलेगा।

**लेटलतीफी** — ढंगोर के लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा, विभाग को नहीं मिल रहा है बजट

# पेयजल टैंक दो साल से अधूरा, ग्रामीणों में रोष

अनंत ज्ञान





अनंत ज्ञान मुद्दा

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत भद्रवाड़ के गांव ढंगोर में निर्माणाधीन पेयजल भंडारण टैंक का कार्य दो साल से अधूरा पड़ा होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल संकट का भीसामना करना पड़ रहा है। जलशक्ति विभाग की इस महत्वाकांक्षी योजना के अधर में लटकने से लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पेयजल भंडारण टैंक का निर्माण कार्य सितंबर 2024 में शुरू किया गया था। लोगों को उम्मीद थी कि टैंक बनने के बाद क्षेत्र में पानी की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी, लेकिन निर्माण कार्य बीच में ही रुक जाने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

गांव के पूर्व प्रधान प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान बृजलाल, पूर्व पंच हेमराज, डॉ. जसमेर, सुरेंद्र कुमार, खेम सिंह, ओमप्रकाश ठाकुर, दियान चंद ठाकुर, रामलाल ठाकुर, प्रकाश चंद्र, मेहर चंद्र और आनंद सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य पिछले काफी समय से बंद पड़ा है। उनका आरोप है कि ठेकेदार भुगतान में देरी का हवाला देकर काम को आगे नहीं बढ़ा रहा है, जबकि विभाग भी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के मौसम में गांव में पानी की किल्लत और अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में अधूरा पड़ा पेयजल टैंक लोगों की परेशानी का बड़ा कारण बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कर इसे पूरा नहीं किया गया तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर कर पेयजल टैंक को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए, ताकि गांव के लोगों को राहत मिल सके और क्षेत्र में सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

### बजट के अभाव के कारण रुका है काम : एसडीओ

**जल** शक्ति विभाग सरकाघाट के सहायक अभियंता आशीष कुमार ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत बजट के अभाव में यह काम रुका है जैसे ही बजट उपलब्ध होगा कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

**एक** पल का उन्माद जीवन की क्षणिक चमक का नहीं, अंधकार का पोषक है, जिसका कोई आदि नहीं, कोई अंत नहीं। **–रांगेय राघव**

## संपादकीय

# भारत-नेपाल सीमा विवाद

भारत और नेपाल के बीच सीमा विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल के हालिया बयान ने इस मुद्दे को नई चर्चा के केंद्र में ला खड़ा किया है। भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए खनाल ने स्पष्ट किया कि भारत और नेपाल के बीच मौजूद सीमा विवाद का समाधान केवल द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से किया जाएगा और नेपाल किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं चाहता। यह बयान ऐसे समय आया है जब कैलाश-मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू होने की तैयारियां चल रही हैं और लिपुलेख, कालापानी तथा लिम्पियाधुरा को लेकर पुराने विवाद नए सिरे से उभर रहे हैं।

नेपाल की ओर से यह दावा लगातार दोहराया जा रहा है कि लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा उसके संप्रभु क्षेत्र का हिस्सा हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह की ओर से संसद में दिए गए बयान और विदेश मंत्री के समर्थन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नेपाल इस मुद्दे को केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता और संप्रभुता से जुड़ा प्रश्न मानता है। नेपाल का तर्क है कि भारत और चीन के बीच लिपुलेख मार्ग अथवा मानसरोवर यात्रा को लेकर कोई भी समझौता उसकी सहमति के बिना नहीं होना चाहिए, क्योंकि विवादित क्षेत्र पर उसका दावा है।

दूसरी ओर भारत का रुख भी उतना ही स्पष्ट है। नई दिल्ली का कहना है कि कैलाश-मानसरोवर यात्रा दशकों से इसी मार्ग से संचालित होती रही है और लिपुलेख, कालापानी तथा आसपास के क्षेत्र भारतीय प्रशासनिक नियंत्रण में हैं। भारत इन इलाकों को अपने उत्तराखंड राज्य का हिस्सा मानता है और नेपाल के दावों को ऐतिहासिक तथ्यों तथा वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं मानता।

वास्तव में यह विवाद आज का नहीं है। इसकी जड़ें 19वीं सदी की शुरुआत में हुए गोरखा युद्ध और उसके बाद 1816 में हुई सुगौली संधि में निहित हैं। इसी संधि के आधार पर नेपाल की आधुनिक सीमाओं का निर्धारण हुआ था। विवाद का मुख्य बिंदु महाकाली या शारदा नदी का वास्तविक उद्गम स्थल है। नेपाल का दावा है कि नदी का स्रोत लिम्पियाधुरा है, इसलिए उससे पूर्व का पूरा क्षेत्र नेपाली भूभाग होना चाहिए। भारत इस व्याख्या से सहमत नहीं है और अलग ऐतिहासिक तथा भौगोलिक आधार प्रस्तुत करता है।

नेपाल द्वारा ब्रिटेन से 19वीं सदी के अभिलेखों और दस्तावेजों की मांग इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है। उस समय भारतीय उपमहाद्वीप पर ब्रिटिश शासन था और अनेक मानचित्र तथा प्रशासनिक दस्तावेज ब्रिटिश अभिलेखागार में सुरक्षित हैं। यदि दोनों देश ऐतिहासिक तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर समाधान तलाशना चाहते हैं तो ऐसे स्रोत उपयोगी साबित हो सकते हैं। यह सकारात्मक संकेत है कि नेपाल ने अपने दावों को केवल भावनात्मक आधार पर नहीं, बल्कि दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत करने की बात कही है।

हालांकि इस विवाद को केवल इतिहास के चश्मे से नहीं देखा जा सकता। इसके पीछे वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियां भी सक्रिय हैं। भारत, नेपाल और चीन के त्रिकोणीय संपर्क क्षेत्र में स्थित लिपुलेख का सामरिक महत्व अत्यंत अधिक है। यह मार्ग न केवल कैलाश-मानसरोवर यात्रा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि भारत-चीन व्यापार और सुरक्षा दृष्टि से भी संवेदनशील माना जाता है। यही कारण है कि सीमा विवाद का कोई भी पहलू केवल द्विपक्षीय नहीं रह जाता, बल्कि क्षेत्रीय रणनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित करता है।

साल 2020 में भारत द्वारा नया राजनीतिक मानचित्र जारी किए जाने के बाद यह विवाद तेज हो गया था। भारत ने कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को अपने मानचित्र में शामिल किया, जिसका नेपाल ने तीखा विरोध किया। इसके जवाब में नेपाल ने संविधान संशोधन कर नया राजनीतिक मानचित्र जारी किया और इन क्षेत्रों को अपना हिस्सा घोषित किया। दोनों देशों के बीच यह कूटनीतिक टकराव भावनात्मक बहस में बदल गया और नेपाल में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन भी हुए, लेकिन यह भी सच है कि भारत और नेपाल के संबंध केवल सीमा रेखाओं से परिभाषित नहीं होते। दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक संबंध हैं, जिन्हें अक्सर 'रोटी-बेटी का रिश्ता' कहा जाता है। भारत और नेपाल दोनों को यह समझना होगा कि भावनाओं से अधिक महत्व तथ्यों, दस्तावेजों और शांतिपूर्ण संवाद का है।

यदि दोनों पक्ष पहले से मौजूद द्विपक्षीय तंत्रों को सक्रिय करें और विशेषज्ञ स्तर की वार्ताओं को गति दें तो समाधान की दिशा में सार्थक प्रगति संभव है। जहां तक चीन और ब्रिटेन की भूमिका का प्रश्न है, उनके पास उपलब्ध ऐतिहासिक अभिलेख और क्षेत्रीय हित इस विवाद को प्रभावित अवश्य करते हैं, लेकिन अंतिम समाधान भारत और नेपाल को ही निकालना होगा।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत की पहली महिला आईपीएस

**किरण बेदी** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की पहली महिला अधिकारी होने के साथ-साथ देश की उन चुनिंदा हस्तियों में शामिल हैं, जिन्होंने अपने कार्यों से प्रशासन, समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की। उनका जन्म 9 जून 1949 को पंजाब के अमृतसर में हुआ। बचपन से ही अनुशासन, आत्मविश्वास और कुछ अलग करने की भावना ने उन्हें विशिष्ट बनाया।



किरण बेदी
जन्म : 9 जून, 1949

शिक्षा के साथ-साथ किरण बेदी खेलों में भी उत्कृष्ट रहीं। वे राष्ट्रीय और एशियाई स्तर की टेनिस खिलाड़ी रहीं तथा कई प्रतियोगिताओं में विजेता बनीं। वर्ष 1972 में उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा में प्रवेश कर इतिहास रचा। आईपीएस में शामिल होने वाली वह देश की पहली महिला अधिकारी बनीं। अपने लंबे प्रशासनिक जीवन में उन्होंने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, तिहाड़ जेल, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो तथा संयुक्त राष्ट्र जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों में जिम्मेदार पदों पर कार्य किया।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस में रहते हुए उन्होंने नियमों के पालन में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया। इसी कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की गलत पार्किंग पर कार्रवाई करने के बाद उन्हें 'क्रेन बेदी' के नाम से पहचान मिली। तिहाड़ जेल में उनके सुधारात्मक प्रयासों ने जेल प्रशासन की तस्वीर बदल दी और उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। किरण बेदी को प्रतिष्ठित रेमन मैक्सेसे अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए। उन्होंने 'नवज्योति' और 'इंडिया विजन फाउंडेशन' जैसी संस्थाओं की स्थापना कर शिक्षा, नशामुक्ति और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। किरण बेदी का जीवन इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण से किसी भी क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।



कविता

### औकात

राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार, हिमाचल प्रदेश

**मैं** की है औकात नहीं और, हम का दावा करते हैं।
ऐसे भी हैं लोग यहां जो, खूब दिखावा करते हैं।।
मंदिर मस्जिद जाते देखे, आडंबर की माला फेर।
ले प्रशाद खुदा का और फिर, सिफर चढ़ावा करते हैं।।
कैसे पहचानेंगे इनको, भेड़ भेड़िये दोनों यह।
खाते हैं किसी और का और, दूजे की वाह वाह करते हैं ।
आगजनी दंगे करवा लो, या फसाद की बात करो।
कोई धर्म ईमान नहीं है, खून खराबा करते हैं।
झूठी बात का सच्चा करना, इनके बाएं हाथ का खेल।
और हकीकत कह दें तो फिर, शोर शराबा करते हैं ।

# पेपर लीक : युवाओं की योग्यता पर प्रहार, भविष्य पर वार

भारत में 'पेपर लीक' की निरंतर बढ़ती घटनाएं केवल प्रशासनिक विफलता या वित्तीय भ्रष्टाचार का मामला नहीं है, बल्कि यह देश के भविष्य के साथ होने वाला एक गंभीर क्रूर मजाक है। एक अदद सरकारी नौकरी या प्रतिष्ठित संस्थान में दाखिले के लिए दिन-रात एक करने वाले करोड़ों विद्यार्थियों के लिए यह स्थिति एक मानसिक विभीषिका जैसी है। हर साल लाखों युवाओं की उम्मीदें, उनके माता-पिता की गाढ़ी कमाई और सालों की तपस्या एक झटके में पेपर लीक के काले बाजार की भेंट चढ़ जाती है।



डॉ. पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

एक सुरक्षित परीक्षा प्रणाली का ढांचा तीन स्तंभों पर टिकता है- गोपनीयता, सत्यनिष्ठा और उपलब्धता। पेपर लीक की घटनाएं दर्शाती हैं कि हमारे तंत्र में इन तीनों ही स्तरों पर गंभीर कमियां हैं। प्रश्नपत्र तैयार होने से लेकर प्रिंटिंग प्रेस, लॉजिस्टिक्स (परिवहन) और परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के बीच कई ऐसे 'लीक प्वाइंटस' होते हैं जहां सुरक्षा बेहद कमजोर है। स्थानीय स्तर पर अधिकारियों या निजी एजेंसियों की मिलीभगत से प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर तैरने लगते हैं। दूसरा पेपर लीक मामले में मजबूत कानून और त्वरित न्याय का अभाव है। राज्य स्तर के कानून इतने लचर हैं कि दोषी कुछ ही दिनों में जमानत पर बाहर आ जाते हैं और दोबारा इसी धंधे में लग जाते हैं। त्वरित और कठोर सजा न होना अपराधियों के हौसले बढ़ाता है। तीसरा परीक्षा लेने वाली एजेंसियों की निजी केंद्रों और आउटसोर्सिंग पर अत्यधिक निर्भरता भी इसका बड़ा कारण है। परीक्षा कराने वाली नोडल एजेंसियों में भी कर्मचारियों की भारी कमी है जिससे वे बाहरी वेंडर्स पर निर्भर हो जाती हैं।

मनोविज्ञान के नजरिए से देखें तो परीक्षा की तैयारी का दौर अपने आप में एक उच्च-तनाव की अवधि होती है। जब इस तनाव के बीच पेपर लीक या परीक्षा रद्द होने की खबर आती है तो विद्यार्थी का मानसिक संतुलन बुरी तरह डगमगा जाता है। नीट पेपर लीक के बाद देशभर के राज्यों में जिस तरह से युवा-युवतियों के आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आईं, वे मानसिक असंतुलन और दबाव का ही परिणाम हैं।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र महीनों, सालों तक 'क्रॉनिक स्ट्रेस' यानी लगातार बने रहने वाले तनाव से गुजरते हैं। जब परीक्षा का परिणाम आने के बजाय परीक्षा ही रद्द हो जाती है तो छात्र 'बर्नआउट' की स्थिति में पहुंच जाते हैं। बर्नआउट का अर्थ है मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से पूरी तरह टूट जाना जिसके बाद दोबारा ऊर्जा जुटाना असंभव सा लगने लगता है। मनोविज्ञान में मार्टिन सेलिगमैन का 'लर्नड हेल्पलेसनेस' का सिद्धांत यहां सटीक बैठता है। जब छात्रों को लगता है कि उनकी कड़ी मेहनत, बुद्धिमत्ता और प्रयासों का परीक्षा के परिणाम से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि अंतत: पेपर तो पैसे वाले ही खरीद लेंगे तो वे मान लेते हैं कि परिस्थितियां उनके नियंत्रण से बाहर हैं। यह सोच उन्हें गहरे डिप्रेशन की ओर धकेलती है और वे प्रयास करना ही छोड़ देते हैं।




भारत में युवाओं की पहचान अक्सर इस बात से भी तय होती है कि वे किस परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं या वे क्या बनते हैं। पेपर लीक होने पर जब सालों की मेहनत शून्य हो जाती है तो छात्रों में 'आईडेंटिटी क्राइसिस' पैदा होता है। इसके साथ ही रिश्तेदारों और समाज के ताने, 'इतने साल से क्या कर रहे हो?' जैसी बातें उनके आत्मसम्मान को पूरी तरह नष्ट कर देती हैं। यही कारण है कि कोटा से लेकर प्रयागराज तक, छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति डराने वाले स्तर तक बढ़ गई है।

पेपर लीक होने पर सरकारें अक्सर परीक्षा रद्द करके 'दोबारा परीक्षा' की घोषणा कर देती हैं। प्रशासनिक रूप से यह एक समाधान लग सकता है, लेकिन एक विद्यार्थी के धरातल पर यह एक नई प्रताड़ना की शुरुआत है।

अधिकांश छात्र ग्रामीण या निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं जो शहरों में किराए के कमरों या लॉज में रहकर, कर्ज लेकर कोचिंग और रहने का खर्च उठाते हैं। परीक्षा रद्द होने का मतलब है-कमरे का किराया, खाने का खर्च और दोबारा आने-जाने का किराया। कई परिवारों के पास दोबारा परीक्षा तक छात्र को बाहर रखने के पैसे ही नहीं होते। मानव मस्तिष्क किसी एक लक्ष्य के लिए एक निश्चित समय तक ही उच्चतम एकाग्रता बनाए रख सकता है।

परीक्षा के दिन छात्र का मानसिक और भावनात्मक स्तर अपने चरम पर होता है। ऐसे में परीक्षा के स्थगित या रद्द होने से उसकी पूरी तैयारी और मानसिक लय प्रभावित हो जाती है। दोबारा उसी पाठ्यक्रम की तैयारी, मॉक टेस्ट और अनिश्चित प्रतीक्षा छात्रों के लिए अत्यंत तनावपूर्ण साबित होती है। कई भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं की प्रक्रिया पूरी होने में वर्षों लग जाते हैं। री-एग्जाम के कारण अनेक अभ्यर्थियों की आयु सीमा तक समाप्त हो जाती है, जबकि यह आशंका कि भविष्य में फिर पेपर लीक हो सकता है, उनके आत्मविश्वास को कमजोर करती है।

पेपर लीक की समस्या के समाधान के लिए परीक्षा प्रणाली में व्यापक तकनीकी और संस्थागत सुधार आवश्यक हैं। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए ब्लॉकचेन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाना चाहिए। एन्क्रिप्टेड प्रश्नपत्र परीक्षा शुरू होने से कुछ मिनट पहले ही डिजिटल कुंजी के माध्यम से खोले जाएं। परीक्षा केंद्रों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी सामूहिक नकल पर तुरंत नजर रख सकती है।

'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024' एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें कठोर दंड का प्रावधान किया गया है लेकिन इसकी प्रभावशीलता तभी बढ़ेगी जब फास्ट-ट्रैक अदालतों के माध्यम से दोषियों को शीघ्र सजा मिले।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# तीन धर्मों का अद्भुत संगम रिवालसर, जहां पांच देवता करते वास

हिमाचल प्रदेश की समस्त धरा ही पूजनीय है, क्योंकि इस धरा के कण-कण में ऋषि-मुनियों और देवी-देवताओं का वास रहा है, जिन्होंने अपने तप और कर्म से इस राज्य को देश-विदेश में देवभूमि के नाम से अलंकृत किया। आज भी इस देवभूमि के लोगों को देवी-देवताओं के प्रति अगाध श्रद्धा एवं आस्था में रत हुए अक्सर देखा जा सकता है।



तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यहां अवस्थित अनेकों पुरातन धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल इसके प्रत्यक्ष प्रमाण हैं, जो आगंतुकों को अपनी ओर अनायास ही आकर्षित कर लेते हैं। इस देवभूमि में छोटी काशी के नाम से सुविख्यात मंडी जनपद से लगभग 25 किमी दूर रिवालसर झील प्राकृतिक सौंदर्य से लबालब है, जहां हरे-भरे घने वृक्षों से आच्छादित पहाडियों के नयनाभिराम दृश्य सैलानियों को आत्मविभोर कर देते हैं। यह धार्मिक स्थल तैरते टापू के लिए भी प्रचलित है। रिवालसर हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अति पूजनीय एवं श्रद्धा का केंद्र है। किंवदंतियों अनुसार, मंडी के राजा अर्शधारा की पुत्री मंदरवाह ने राजसी सुख- सुविधाओं को छोड़कर धर्म और त्याग का मार्ग चुनने का निर्णय लिया। राजा अर्शधारा ने अपनी एक मात्र पुत्री के निर्णय को शिरोधार्य करते हुए उसे शान्तरक्षिता नामक बौद्ध विद्वान, जोकि पदमसंभव के छोटे भाई थे, के पास शिक्षा ग्रहण हेतु छोड़ दिया।

गुरु पदमसंभव राजकुमारी की इच्छाशक्ति व समर्पण से प्रभावित होकर वायु उदयाना से आए तथा साक्षात राजकुमारी को शिक्षा देना प्रारंभ कर दी। कहा जाता है कि एक ग्वाले ने जब यह सब देखा तो उसने अफवाह फैला दी कि उसने राजकुमारी को एक मायावी व्यक्ति के साथ देखा है। जब यह बात राजा अर्शधारा तक पहुंची तो उन्हें क्रोध आ गया और उन्होंने सोचा कि उनकी बेटी अपनी ही प्रतिज्ञा का उल्लंघन कर किसी अनजान व्यक्ति से प्रेम प्रसंग कर रही है। राजा के आदेशानुसार राजकुमारी को कांटों से भरे गहरे गड्ढे में डाल दिया गया और गुरु पदमसंभव को लकड़ी की सीढ़ी से बांधकर आग में झोंक दिया।





कहा जाता है कि लगभग एक सप्ताह पश्चात भी जब वहां से धुआं नहीं छटा तो राजा ने स्वयं जाकर देखा तो वह हतप्रभ रह गया, क्योंकि वह स्थान तो एक झील में परिवर्तित हो चुका था और उसके मध्य में एक कमल का फूल खिला था, जो सम्भवत: गुरु पदमसंभव का ही प्रतिरूप था। इस पर राजा को अत्याधिक पश्चाताप हुआ और राजा ने प्रायश्चित करते हुए पदमसंभव को अपना सम्पूर्ण राज्य सौंप दिया और अपनी बेटी राजकुमारी मंदरवाह का विवाह उससे कर दिया। बौद्ध धर्मावलंबी इसे 'पदमाकन' के नाम से जानते हैं, जबकि हिंदू मान्यताओं में इसका प्राचीन नाम 'हृदयलेश' अर्थात 'झीलों का राजा' बताया गया है। महर्षि लोमश ने यहां कठोर तपस्या की थी। उनकी साधना से प्रसन्न होकर भगवान शिव और माता पार्वती ने उन्हें दर्शन दिए तथा इस पवित्र स्थल के महत्व का वर्णन किया। मान्यता है कि ब्रह्मा, विष्णु, गणेश, सूर्य तथा शिव-पार्वती ने यहां निवास करने का संकल्प लिया, जिसके कारण रिवालसर को 'पंचपुरी' भी कहा जाता है।

रिवालसर हिंदुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। झील के आसपास लक्ष्मी नारायण, शिव, शनिदेव, हनुमान और लोमश ऋषि के मंदिर स्थित हैं। विशाल त्रिशूल और डमरू श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। सिख धर्म में भी इस स्थल का विशेष महत्व है। झील के किनारे स्थित गुरुद्वारा सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी की स्मृति से जुड़ा है। वहीं, बौद्ध परंपरा के अनुसार गुरु पद्मसंभव ने यहां तपस्या की थी। उनकी विशाल प्रतिमा और बौद्ध गोम्पा श्रद्धालुओं व पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र हैं।

झील में तैरती मछलियां, बत्तखें और आसपास का प्राकृतिक सौंदर्य मन मोह लेता है। मंदिरों की घंटियां, गुरुद्वारे का शब्द-कीर्तन और बौद्ध मंत्रोच्चारण यहां अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करते हैं। यही कारण है कि रिवालसर को हिंदू, सिख और बौद्ध धर्मों के संगम की अनुपम त्रिवेणी कहा जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# जलवायु परिवर्तन : प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का समय

धरती का स्वभाव बदल रहा है। कहीं रिकॉर्डतोड़ गर्मी पड़ रही है, कहीं अचानक बाढ़ जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर रही है, तो कहीं जंगलों में आग और सूखे की घटनाएं सामान्य होती जा रही हैं। यह केवल प्राकृतिक बदलाव नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन की गंभीर चेतावनी है। ऐसे समय में हाल में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस हमें याद दिलाता है कि मानव सभ्यता का भविष्य पृथ्वी के स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ा हुआ है।



धर्म देवा
गांव धारना, जिला चंबा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 1972 में स्टॉकहोम में आयोजित संयुक्त राष्ट्र मानव पर्यावरण सम्मेलन के बाद हुई थी। तब पहली बार वैश्विक स्तर पर यह स्वीकार किया गया कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। आज यह दिवस विश्वभर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सबसे बड़ा अभियान बन चुका है। जलवायु परिवर्तन के पीछे मानवीय गतिविधियां प्रमुख कारण हैं। औद्योगिकीकरण के बाद जीवाश्म ईंधनों के अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई, बढ़ते प्रदूषण, प्लास्टिक कचरे और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने पृथ्वी के प्राकृतिक संतुलन को कमजोर किया है। परिणामस्वरूप वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ रही है और वैश्विक तापमान लगातार ऊपर जा रहा है। इसके प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। समुद्र का बढ़ता जलस्तर, पिघलते हिमनद, जैव विविधता का संकट और चरम मौसमी घटनाओं की बढ़ती आवृत्ति मानव जीवन और अर्थव्यवस्था दोनों को प्रभावित कर रही है।

भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है। देश के विभिन्न हिस्सों में बढ़ती गर्मी, बाढ़, चक्रवात और जल संकट जैसी समस्याएं जलवायु परिवर्तन की गंभीरता को दर्शाती हैं। मानसून पर निर्भर भारतीय कृषि के सामने भी नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, जिसका सीधा प्रभाव किसानों और खाद्य सुरक्षा पर पड़ रहा है।



हिमाचल प्रदेश जैसे हिमालयी राज्यों के लिए यह संकट और अधिक गंभीर है। हिमालय करोड़ों लोगों के लिए जल और आजीविका का प्रमुख स्रोत है। बढ़ते तापमान के कारण हिमनद सिकुड़ रहे हैं, वर्षा का स्वरूप बदल रहा है तथा भूस्खलन, बादल फटना और अचानक बाढ़ जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं। यदि हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित नहीं किया गया तो इसका प्रभाव पूरे उत्तर भारत की जल सुरक्षा पर पड़ेगा। विडंबना यह है कि जलवायु परिवर्तन के लिए सबसे कम जिम्मेदार वर्ग ही इसके सबसे बड़े शिकार बनते हैं। किसान, मजदूर और गरीब समुदाय सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इसलिए यह केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय का भी विषय है।

इस चुनौती से निपटने के लिए भारत ने 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है। राष्ट्रीय सौर मिशन, ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, मिशन लाइफ और 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। हिमाचल प्रदेश में भी प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है।

हालांकि केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। ऊर्जा की बचत, जल संरक्षण, प्लास्टिक का कम उपयोग, सार्वजनिक परिवहन को अपनाना और वृक्षारोपण जैसे छोटे-छोटे कदम भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण तभी सफल होगा जब यह जनांदोलन बने। विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि क्या हम आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वस्थ पृथ्वी सौंप पाएंगे। यदि हमें भविष्य को सुरक्षित बनाना है तो प्रकृति के साथ संघर्ष नहीं, बल्कि सहयोग और सह-अस्तित्व का मार्ग अपनाना होगा। जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध संघर्ष केवल पर्यावरण की रक्षा का नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के भविष्य को सुरक्षित रखने का संकल्प है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# हिमाचल के चुनावों में पंचायत से नगर निगम तक भाजपा का मजबूत जनादेश

हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज एवं स्थानीय निकाय चुनावों के परिणामों ने एक बार फिर यह संकेत दिया है कि प्रदेश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का जनाधार मजबूत बना हुआ है। पंचायतों, जिला परिषदों और शहरी निकायों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की उल्लेखनीय सफलता केवल चुनावी आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनता के उस विश्वास को भी दर्शाती है जो विकास, सुशासन और जनसेवा की राजनीति के प्रति लगातार मजबूत हुआ है।



अतुल ठाकुर
स्वतंत्र लेखक, सरकाघाट

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

स्थानीय निकाय चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाले चुनाव माने जाते हैं। इन चुनावों में मतदाता राष्ट्रीय या प्रादेशिक मुद्दों से अधिक स्थानीय विकास, जनसंपर्क और जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली को ध्यान में रखकर मतदान करता है। ऐसे में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को मिली सफलता इस बात का प्रमाण है कि पार्टी के कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने जमीनी स्तर पर जनता के बीच अपनी उपस्थिति और विश्वास कायम रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभाव हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने समाज के विभिन्न वर्गों को सीधे लाभान्वित किया है। इन योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंचने से जनता के बीच भाजपा के प्रति सकारात्मक माहौल बना है।

ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों, बागवानों, महिलाओं और युवाओं ने भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में भरोसा व्यक्त किया है। वहीं नगर निकायों में मिली सफलता यह दर्शाती है कि शहरी मतदाता भाजपा को विकास और प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक मानता है। सड़क, पेयजल, स्वच्छता, डिजिटल सेवाओं और आधारभूत ढांचे के विकास जैसे मुद्दों पर किए गए कार्यों को जनता ने स्वीकार किया है। इन चुनाव परिणामों में भाजपा के मजबूत संगठन की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ताओं, निरंतर जनसंपर्क और समाज के हर वर्ग तक पहुंचने की रणनीति ने पार्टी को मजबूती प्रदान की। भाजपा का संगठन चुनावी मौसम तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वर्षभर जनता के बीच सक्रिय रहकर उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास करता है। यही उसकी सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है। इन नतीजों ने यह भी स्पष्ट किया है कि आज का मतदाता केवल राजनीतिक नारों से संतुष्ट नहीं होता। वह विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही चाहता है। जनता ने उन उम्मीदवारों को समर्थन दिया है जिनका काम जमीन पर दिखाई देता है और जो लोगों के बीच उपलब्ध रहते हैं।



हालांकि यह जीत भाजपा के लिए उत्सव के साथ-साथ जिम्मेदारी का विषय भी है। जनता ने जिस विश्वास के साथ अपना समर्थन दिया है, उसे विकास कार्यों और बेहतर प्रशासन के माध्यम से बनाए रखना आवश्यक होगा। विजयी जनप्रतिनिधियों के सामने अब अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान करने और विकास को नई गति देने की चुनौती है। हिमाचल प्रदेश की जनता ने इन चुनावों के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है कि वह विकास, सुशासन और जनहित की राजनीति को प्राथमिकता देती है। यह परिणाम केवल एक राजनीतिक दल की सफलता नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं और विश्वास का प्रतिबिंब भी है। निस्संदेह, स्थानीय निकाय चुनावों में मिली यह सफलता भाजपा के लिए उत्साहवर्धक है और आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## एना मारिया का दिलकश अंदाज

**क्रोएशिया।** एना मारिया मार्कोविक को अक्सर दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला फुटबॉलर के रूप में जाना जाता है। वह क्रोएशिया की एक पेशेवर फुटबॉलर हैं और सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरों के लिए जानी जाती हैं। एना के 10 लाख से ज्यादा है फ्लोअर्स हैं।



## स्पोर्ट्स विंडो

### फ्लोरेंटिनो पेरेज को फिर मिली रियल मैड्रिड के अध्यक्ष की कमान

**एजेंसी, स्पेन।** रियल मैड्रिड के अध्यक्ष पद के चुनाव में फ्लोरेंटिनो पेरेज ने एक बार फिर जीत हासिल करते हुए अगले चार वर्षों के लिए अपना कार्यकाल सुरक्षित कर लिया है। रविवार को हुए चुनाव में उनकी जीत के साथ वह लगातार क्लब की कमान संभालते रहेंगे। पिछले 20 वर्षों में यह पहला अवसर था, जब क्लब के अध्यक्ष पद के लिए वास्तविक मुकाबले देखने को मिला। इससे पहले पेरेज वर्ष 2009, 2013, 2017, 2021 और 2025 में बिना किसी प्रतिद्वंद्वी के निर्वाचित हुए थे। रियल मैड्रिड के आधिकारिक टीवी चैनल के अनुसार, पेरेज ने अपने प्रतिद्वंद्वी एनरिके रिकेल्मे को हराया। हालांकि क्लब की ओर से अभी आधिकारिक मतगणना जारी नहीं की गई है। पेरेज की जीत के बाद पूर्व मुख्य कोच जोस मोरिन्हो की वापसी की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। मोरिन्हो 2010 से 2013 तक रियल मैड्रिड के मुख्य कोच रह चुके हैं। जीत के बाद समर्थकों को संबोधित करते हुए पेरेज ने कहा कि उनका लक्ष्य क्लब को आगे भी अधिक से अधिक खिताब दिलाना है। 79 वर्षीय पेरेज पहली बार वर्ष 2000 में अध्यक्ष बने थे और उनके कार्यकाल में क्लब ने सात यूरोपीय कप जीतकर नई ऊंचाइयों को छुआ। (अनंत ज्ञान)

### रामकुमार रामनाथन व ऋत्विक ने जीता एटीपी चैलेंजर युगल खिताब

**एजेंसी, टेक्सास।** भारत के रामकुमार रामनाथन और ऋत्विक बोलिपल्ली की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टेक्सास स्प्रिंग एंड जेंट्स चैलेंजर पुरुष चैंपियनशिप 2026 एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट का युगल खिताब अपने नाम कर लिया। भारतीय जोड़ी ने रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ियों जेंकरी फुल्स और वैली थेन को 7(7)-6(2), 7(7)-6(4) से हराकर खिताब जीता। पहले सेट में दोनों टीमों ने एक-एक बार सर्विस ब्रेक किया, जिसके बाद मुकाबला टाई-ब्रेकर में पहुंचा। यहां भारतीय जोड़ी ने दबदबा दिखाते हुए सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में किसी भी टीम को अपना सर्विस गेम नहीं गंवाया, जिससे फिर टाई-ब्रेकर की नौबत आई। रामकुमार और ऋत्विक ने एक बार फिर शानदार खेल दिखाते हुए एक घंटे 39 मिनट में मैच जीत लिया। यह रामकुमार रामनाथन के करियर का 12वां और ऋत्विक बोलिपल्ली का पांचवां एटीपी चैलेंजर खिताब है। हालांकि, एक टीम के रूप में यह दोनों का पहला चैलेंजर खिताब रहा। भारतीय जोड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब तक का सफर तय किया। (अनंत ज्ञान)

### टेनिस खिलाड़ी लेक्जेंड्रा एला ने जीता बर्मिंघम ओपन का खिताब

**एजेंसी, बर्मिंघम।** फिलीपींस की स्टार टेनिस खिलाड़ी लेक्जेंड्रा एला ने फाइनल में अपनी युगल जोड़ीदार निकोला बार्टुनकोवा को हराकर बर्मिंघम ओपन का खिताब अपने नाम किया। यह उनके करियर का दूसरा डब्ल्यूटीए 125 एकल खिताब है। फाइनल में एला को पांचवीं वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य की बार्टुनकोवा के खिलाफ कड़ा मुकाबला करना पड़ा, एक सेट हारने के बाद वापसी करते हुए उन्होंने 5-7, 6-3, 7-5 से जीत हासिल की। यह पिछले साल ग्वाडलजारा ओपन (जो एक 125 इवेंट भी है) जीतने के बाद उनकी पहली जीत थी। 21 वर्षीय एला यहां टॉप सीड थीं। फिलीपींस की दुनिया की 37वें नंबर की खिलाड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में केवल दो सेट गंवाए। फाइनल मैच में, एला ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए और 2 घंटे 38 मिनट के कड़े मुकाबले में जीत पक्की की। खिताब जीतने के बाद एला ने कहा, 'आज यह ट्रॉफी उठाना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। इस ट्रॉफी को उठाने का मतलब यह नहीं है कि मैं अभी महान खिलाड़ियों में शामिल हो गई हूं, इसलिए मैं आगे भी मेहनत करने के लिए प्रेरित हूं और अपनी यात्रा में इस ट्रॉफी की भूमिका के लिए आभारी हूं। यह मैच शानदार था। मुझे लगता है कि यह किसी के भी पक्ष में जा सकता था। यह उन दिनों में से एक था जब थोड़ी सी किस्मत और इरादे ने मुझे जीत दिलाई। (अनंत ज्ञान)

### कोचर ने एएम ग्रीन आईजीपीएल भारत क्लासिक में टॉप-10 में बनाई जगह

**एजेंसी, अल जदीदा, (मोरक्को)।** करणदीप कोचर ने मोरक्को में 500,000 यूएस डॉलर की इनामी राशि वाले एएम ग्रीन आईजीपीएल भारत क्लासिक के आखिरी दिन बिना किसी 'बोजी' के 4-अंडर 68 का स्कोर किया और इस सीजन में एक और बार टॉप-10 में जगह बनाई। चंडीगढ़ के लंबे-कद के गोल्फर टी-9 स्थान पर रहे। साल में तीसरी बार टॉप-10 में रहने के कारण वे एशियन टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं के लिंड ने खिताब अपने नाम किया। कोचर ने 66-73-70-68 के राउंड के साथ कुल 11-अंडर का स्कोर किया, जबकि स्वीडन के चार्ली लिंड (69-70-67-64) ने कुल 18-अंडर के स्कोर के साथ शानदार जीत हासिल की। लिंड कोलन कोरिया ओपन में दूसरे स्थान पर रहे थे और इस सप्ताह उन्होंने बहुत ही लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे वे ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। लिंड ने शानदार अंदाज में जीत हासिल की। उन्होंने 18वें होल पर 'ईगल' लगाकर चार शॉट से जीत दर्ज की। इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) और एशियन टूर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस टूर्नामेंट में अन्य भारतीय आईजीपीएल खिलाड़ियों में, गगनजीत भुल्लर (75-70-69-68) और यशस्वी चंद्रा (75-68-71-68) 6-अंडर के स्कोर के साथ टी-27 स्थान पर रहे। भुल्लर ने एक 'बोजी' के मुकाबले पांच 'बर्डी' लगाई, जबकि यशस्वी ने अपने 68 के स्कोर में कोई 'बोजी' नहीं लगाई। (अनंत ज्ञान)

# भारत में उच्च प्रदर्शन शिविर पूरा कर लौटी इंडोनेशिया की निशानेबाजी टीम

## एशियाई खेल 2026 की तैयारी को धार, तीन माह का उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण शिविर किया पूरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत की उभरती वैश्विक खेल प्रशिक्षण क्षमता को और मजबूती देते हुए गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन ने हाल ही में इंडोनेशिया की 16 सदस्यीय निशानेबाजी टीम और दो प्रशिक्षकों की मेजबानी की। यह तीन महीने का उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण शिविर पुणे और हैदराबाद स्थित प्रशिक्षण केंद्रों में आयोजित किया गया।

15 फरवरी से 15 मई तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में इंडोनेशिया के कई प्रमुख निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। इनमें लंदन 2012 ओलंपिक में भाग लेने वाली डियाज कुसुमावर्दानी और टोक्यो 2020 ओलंपिक में हिस्सा लेने वाली विद्या रफिका रहमत्तान तोप्पिया भी शामिल रहीं। दल में ऐसे खिलाड़ी भी मौजूद थे जो एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 के लिए चयन की दौड़ में शामिल हैं।

शिविर के दौरान इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने भारत के शीर्ष निशानेबाजों के साथ अभ्यास किया और प्रतिस्पर्धात्मक प्रशिक्षण वातावरण का अनुभव प्राप्त किया। खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाओं, खेल विज्ञान सहायता, उन्नत प्रदर्शन विश्लेषण तकनीक और अनुभवी प्रशिक्षण दल का लाभ मिला।

दल ने खेलो इंडिया निशानेबाजी प्रतियोगिता - 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह स्मृति निशानेबाजी प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। भारत की प्रतिष्ठित घरेलू प्रतियोगिताओं में शामिल इस आयोजन ने खिलाड़ियों को मजबूत प्रतिस्पर्धा के बीच मुकाबले का अनुभव दिया। गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन के संस्थापक गगन नारंग ने कहा कि उच्च प्रदर्शन खेलों में सहयोग, अनुभव साझा करना और अलग-अलग प्रशिक्षण वातावरण बेहद महत्वपूर्ण होते हैं।

उन्होंने कहा कि उनके केंद्रों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण लेना इस खेल तंत्र की गुणवत्ता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय आदान-प्रदान कार्यक्रम केवल विदेशी खिलाड़ियों के लिए ही नहीं, बल्कि भारतीय खिलाड़ियों के लिए भी लाभकारी होते हैं और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सकारात्मक परिणामों के बाद इंडोनेशिया निशानेबाजी संघ व गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन भविष्य में भी संयुक्त प्रशिक्षण शिविर व सहयोगी कार्यक्रमों की संभावनाओं पर काम करने की तैयारी कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# सुथार के 6 विकेट से फॉलोऑन खेलने को मजबूर अफगानिस्तान



**एजेंसी, मुल्लांपुर**

मानव सुथार (छह विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत भारत ने एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन पहले सत्र में अफगानिस्तान को पहली पारी में 152 के स्कोर पर समेट कर उसे फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर कर दिया। भारत को पहली पारी के आधार पर 412 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त मिली।

अफगानिस्तान ने दूसरी पारी में लंच तक बिना कोई विकेट खोए 18 रन बना लिये है। अफगानिस्तान ने कल के पांच विकेट पर 113 रन से आगे खेलना शुरु किया। प्रसिद्ध कृष्ण ने अजमतउल्लाह ओमरजई (शून्य) को बोल्ड कर भारत को छठी सफलता दिलाई। इसके बाद शराफउद्दीन अशरफ (11), रहमत शाह (60) और मोहम्मद सलीम (शून्य) को मानव सुथार ने आउट किया। रहमत शाह ने 135 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 60 रन बनाये। 59वें ओवर की चौथी गेंद पर वॉशिंगटन सुंदर ने जियाउर रहमान (छह) रन को आउट कर अफगानिस्तान की पहली पारी का 152 रन के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत के लिए मानव सुथार ने 22 ओवरों में 33 रन देकर छह विकेट लिये। प्रसिद्ध कृष्णा ने 11 ओवरों में 37 रन देकर तीन विकेट झटके। वॉशिंगटन सुंदर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। फॉलोऑन खेल रही अफगानिस्तान ने भोजनकाल तक दूसरी पारी में 18 रन बना लिये है और सेदिक़ुल्लाह अटल (नाबाद 16) और अब्दुल मलिक (नाबाद दो) रन क्रीज पर मौजूद है। भारत ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन पर घोषित कर दी थी। (अनंत ज्ञान)

# योग ने बदली जिंदगी, विश्व चैंपियनशिप में चमकी अमेरिका की मां-बेटी की जोड़ी

**एजेंसी, अहमदाबाद**



विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली अमेरिका की मां-बेटी की जोड़ी केमी और किमानी ब्लेक योग की परिवर्तनकारी शक्ति की कायल हैं। उन्होंने इस चैंपियनशिप से पहले अहमदाबाद स्थित साई सेंटर में प्रशिक्षण लेने वाली अमेरिकी जोड़ी ने अपने पेशेवर करियर को बेहतर बनाने के लिए योग अपनाया था। मां और बेटी, दोनों को अपने सपनों का पीछा करने और रोजमर्रा की जिंदगी के दबावों के बीच मानसिक संतुलन बनाए रखने में योग ने नई दिशा दी।

इसी योग की बदौलत इस सप्ताह अहमदाबाद के ईकेए एरिना में दोनों ने इतिहास रच दिया। 35 वर्षीय केमी ने बैक बेंड व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि किमानी ने जूनियर आर्टिस्टिक व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। केमी ने कहा, 'मैं कई वर्षों से योग का अभ्यास कर रही हूं, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यहां विश्व योगासन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने आऊंगी। मुझे लगता था कि मैं भारतीय खिलाड़ियों के सामने मुकाबला करने के लिए पर्याप्त अच्छी नहीं हूं। लेकिन रोमानिया की एक खिलाड़ी, जो मेरे इंस्टाग्राम पेज को फॉलो करती थीं, उन्होंने मुझे भाग लेने के लिए प्रेरित किया। भारत के कुछ कोचों ने भी मेरा उत्साह बढ़ाया। मुझे बेहद खुशी है कि मैं यहां स्वर्ण पदक जीत सकी।

केमी का मानना है कि योग ने उनके जीवन को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने कहा, 'मैंने शुरुआत में अपनी प्रस्तुतियों के लिए लचीलापन बढ़ाने के उद्देश्य से योग शुरू किया था। लेकिन जैसे-जैसे मैंने नियमित रूप से योग करना शुरू किया, इसने मुझे जीवन में उद्देश्य और स्थिरता दी। मैंने सही भोजन करना शुरू किया, जमीन पर सोने लगी और जीवन के प्रति मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। केमी ने बाद में बिल्वा योगशाला से एक वर्ष का योग प्रमाणन पाठ्यक्रम पूरा किया और योग की बारीकियां सीखने के लिए एक महीने के लिए भारत भी आईं। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश वनडे श्रृंखला से बाहर हुए मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस करेंगे कप्तानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से पहले बड़ा झटका लगा है। कप्तान मिचेल मार्श और स्टार बल्लेबाज़ ट्रैविस हेड इस श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में जोश इंगलिस टीम की कप्तानी संभालेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को उक्त जानकारी दी।

मार्श और हेड हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ 2-1 से गंवाई गई एकदिवसीय श्रृंखला में भी नहीं खेले थे। मार्श अभी टखने की चोट से उबर रहे हैं, जबकि हेड को निजी कारणों से अवकाश दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया को एक और झटका लेग स्पिनर तनवीर संघा के रूप में लगा है। पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी, जिसके कारण वे बांग्लादेश दौरे से बाहर हो गए हैं। हालांकि मिचेल मार्श टीम के साथ बांग्लादेश जाएंगे और वहीं पुनर्वास प्रक्रिया जारी रखेंगे। उम्मीद की जा रही है कि वह इसके बाद होने वाली टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला तक वापसी कर सकते हैं।

पाकिस्तान दौरे के बाद स्वदेश लौटने वाले युवा बल्लेबाज़ ओली पीक और हरफनमौला खिलाड़ी मैट शॉर्ट अब टीम के साथ बने रहेंगे। वहीं तनवीर संघा की जगह ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को टीम में शामिल किया गया है।

राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने कहा कि तनवीर संघा की चोट के कारण वह दौरे में आगे हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि टीम को उम्मीद थी कि मिचेल मार्श वनडे श्रृंखला तक फिट हो जाएंगे, लेकिन उन्हें अभी और समय चाहिए। (अनंत ज्ञान)

अनंत Classifieds

## सार्वजनिक सूचना

**मैं**, सावित्री कुमारी पत्नी श्री अरुण महाजन निवासी गाँव बैन्सका डाकघर सरोल तहसील व जिला चम्बा हिमाचल प्रदेश ब्यान करती हूँ कि मैंने उर्मिला देवी से 2017 में खाता खतौनी न0 64/85 मे खसरा न0 1343/1018 में 00-03-06 बीघा जमीन ली थी और उक्त जमीन बारा जो बैनामा (Sale Deed) बनी थी उक्त बैनामा (Sale Deed) गलती से गुम हो गई है जिसकी प्रतिलिपि ब्यान हल्फ़न कर्ती को दी जाना उचित है। मैंने अपनी बैनामा (Sale Deed) के गुम होने पर उक्त की रपट दर्ज करवाने बारा तसदीक करवाया है ताकि मुझे उक्त बैनामा (Sale Deed) की प्रतिलिपि मिल सके। संपर्क नं. 9418111391

## नाम परिवर्तन

**मैं, मीना देवी,** आयु 52 वर्ष, पत्नी श्री खेम चंद, निवासी गांव व डा.खा. जलपेहर, तहसील जोगिंदर नगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश, घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गलत रूप से 'नीना देवी' और मेरी जन्म तिथि '01-07-1970' दर्ज की गई है। मेरे जन्म प्रमाण पत्र और बोनाफाइड प्रमाण पत्र (स्थायी निवास प्रमाण पत्र) के अनुसार मेरा सही नाम 'मीना देवी' है, और मेरी जन्म तिथि '16-02-1974' है। मैं चाहती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम 'मीना देवी' और मेरी जन्म तिथि '16-02-1974' दुरुस्त कर दी जाए।

# तृणमूल सांसद सुखेंदु शेखर ने छोड़ी पार्टी, सांसद पद से भी दिया इस्तीफा

**एजेंसी, कोलकाता/नई दिल्ली**



तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर राय ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के साथ-साथ राज्यसभा की सदस्यता भी छोड़ दी है। सोमवार सुबह दिल्ली से उन्होंने पार्टी छोड़ने की घोषणा की और आरजी कर अस्पताल की चर्चित घटना तथा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पार्टी नेतृत्व के खिलाफ खुलकर नाराजगी जताई।

सुखेंदु शेखर राय ने दावा किया कि उन्होंने आरजी कर प्रकरण के बाद ही पार्टी छोड़ने का निर्णय ले लिया था, जिसे अब अमल में लाया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में बढ़ते भ्रष्टाचार तथा जनता के भीतर बढ़ते असंतोष ने तृणमूल के पतन को अपरिहार्य बना दिया था। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह भविष्य में सक्रिय राजनीति से भी संन्यास लेने पर विचार कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के भीतर भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया था और ईमानदार नेताओं को हाशिये पर धकेल दिया गया था। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि तृणमूल के सभी नेता भ्रष्ट नहीं हैं। सुखेंदु ने पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की आय और संपत्ति की जांच की मांग भी की। आरजी कर मामले का उल्लेख करते हुए उन्होंने सार्वजनिक रूप से पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आंतरिक जांच की मांग की थी, क्योंकि उन्हें अब भी लगता है कि सबूतों को नष्ट करने में उनकी भूमिका की जांच होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# नेतन्याहू के पास समझौता स्वीकारने के अलावा कोई विकल्प नहीं: डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पास अमेरिका-ईरान के बीच होने वाले किसी भी संभावित समझौते को स्वीकार करने के अलावा 'कोई विकल्प' नहीं होगा। ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि इजरायल इन वार्ताओं के परिणाम तय नहीं करता है। ट्रंप ने कड़े लहजे में कहा, 'फैसले मैं लेता हूं। सारे फैसले मैं ही करता हूं। वह फैसले नहीं लेते। ट्रंप ने यह दावा भी किया कि इजरायल पर ईरान के किये गये हाल के मिसाइल हमलों का ईरान से बातचीत जारी रखने की उनकी इच्छा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'इस घटना का समझौते पर कोई प्रभाव नहीं होने वाला है। इसके साथ ही, ट्रंप ने चेतावनी दी कि यदि यह बातचीत विफल रहती है तो अमेरिका या तो ईरान की नाकेबंदी जारी रख सकता है या सैन्य बल का उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक नाकेबंदी उस देश पर किये गये 'किसी भी हमले से कहीं अधिक शक्तिशाली' रही है। (अनंत ज्ञान)

# 'प्रेमिका' के लिए रेता 3 बेटियों का गला पत्नी ने बेटे के साथ भागकर बचाई जान

**एजेंसी, गिरिडीह**

झारखंड के गिरिडीह से प्रेमिका के लिए तीन बेटियों की हत्या का मामला सामने आया है। जहां जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर पंचायत के तुरुकडीहा गांव में एक व्यक्ति ने अपनी तीन छोटी बेटियों को रात में धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पिता नंदकिशोर यादव को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। मृतक बच्चियों की पहचान 12 वर्षीय पलवी कुमारी, रिद्धि कुमारी और सिद्धि कुमारी के रूप में हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार, नंदकिशोर यादव किसी फैक्ट्री में ड्राइवर का काम करता था। उसके और उसकी पत्नी के बीच दूसरे गांव की एक महिला के साथ अवैध संबंध को लेकर लगातार विवाद चलता रहता था। घटना की रात पत्नी अपने बेटे को लेकर किसी तरह वहां से भाग निकलने में सफल हो गई। सुबह जब यह खबर गांव में फैली तो पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल छा गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। पुलिस की कार्रवाई जारी है। (अनंत ज्ञान)

## आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू

**सदर** एसडीपीओ जीतबाहन उरांव और मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो सहित पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है।

# 12 साल में बदला भारत, केंद्र में रहा गरीब और वंचित वर्ग: प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

## अंत्योदय से विकसित भारत तक की यात्रा, डीबीटी और योजनाओं से करोड़ों जीवन में बदलाव



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जानता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में पिछले 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि इस 12 साल में भारत ने अनेक परिवर्तन देखे हैं और इन बदलावों के केंद्र में गरीब, वंचित तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण रहा है। अंत्योदय की भावना से प्रेरित होकर सरकार ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि विकास का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जो दशकों तक इससे वंचित रहे।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि जनधन खातों, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उद्देश्य लोगों को सम्मानजनक जीवन और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना रहा है।

उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण की दिशा में प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डीबीटी और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से सरकारी सहायता सीधे और पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों तक पहुंच रही है। इससे रिसाव में कमी आई है, कार्यकुशलता बढ़ी है और शासन व्यवस्था में लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण की यह यात्रा अब मानव सशक्तीकरण के एक व्यापक अभियान में बदल गई है, जो विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि विकास की मुख्यधारा से लंबे समय तक दूर रहे लोगों को भी समान अवसर और सुविधाएं उपलब्ध हों। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 12 वर्षों में लागू की गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है और यही प्रयास विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव बन रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**Office of Municipal Council Nerchowk, Distt. Mandi, H.P.**

NO:-1141-44 Dated:- 5/6/26

**TENDER NOTICE**

Sealed percentage basis tenders are here by invited on behalf of Municipal Council Nerchowk for the works as given below in Nerchowk Town from the approved and eligible contractors/ Firm of appropriate class, duly supported with documentary proof.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost Rs. | Earnest Money | Time | Tender form cost |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair of 2 Ton OWC Machine at Processing Site MC Ner Chowk | 300000.00 | 6000.00 | 1 Month | 500.00 |
| 2 | Courtyard Works at EO Residence MC Ner Chowk | 323562.00 | 6500.00 | 3Month | 500.00 |
| 3 | C/O Road Near Sonu House at Chalakha I Ward No. 6 | 499623.00 | 10000.00 | 3Month | 500.00 |

**Key Dates:**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Application form shall be received on | 11/06//2026 up to 11:00 AM |
| 2 | Tender form shall be issued on | 11/06//2026 up to 1.00 PM |
| 3 | Last Date to submit the Tender | 12/06//2026 up to 1.00 PM |
| 4 | Tender Opening Date | 12/06//2026 after 3.00 PM |

The Tender must be accompanied with earnest money as mentioned against the aforesaid works. This should be in the shape of cash, National saving certificate/Cash/demand draft/banker cheque / saving bank account of any post office in (H.P), duly pledged in the favor of Executive Officer, Municipal Council Nerchowk. Telephonic as well as conditional tenders without earnest money will not be entertained. Undersigned reserves the right to accept /reject any/ all the tenders without assigning any reason. The offer of the tenders will remain valid for 90 days from the opening of tender. All the contractors will have to bring their attested/renewal copy of their enlistments The eligible contractors are liable topay ESIC, GST & E.P.F. Etc. as per applicable as per Miscellaneous Provisions Act 1952. **Conditions:- 1.** The tender documents shall be issued only those contractors/Firm who fulfill the special conditions as mentioned below **2.** The contractors/Firm will have to produce his/her enlistment at the time of submitting applications for issuance of tender forms. **3.** Conditional and incomplete tenders shall be rejected. **4.** Undersigned reserves the right to accept or reject the tenders with out any reason. **5.** If the bid price offered by the lowest bidder is up to 10% below the amount put to tender, no additional performance security is required expect for any particular absurdly low rated item quoted by him quoted, which the competent authority feels necessary for taking additional performance security. **6.** If the bid price offered by the lower then 10% but up to 20% of the amount put to tender, then the additional performance security shall be calculate @ 20% of the difference in the bid price offered by the lowest bidder. **(a)** Project cost as per working estimate -10% of the project cost as per working estimate and (b) the bid price officed by the lowest bidder. **7.** If the bid price offered by the lowest bidder is lower then 20% of the amount put to tender, then the additional performance security shall be calculate As per norms **(a)** Project cost as per working estimate -10% of the project cost as per working estimate and **(b)** the bid price officed by the lowest bidder. **8.** Repair of 2 Ton OWC Machine with one Year Warranty. **9.** As Per govt Notification the tenders Above 5% of the estimated cost will be summarily reject. **10.** The lowest bidder has to deposit additional performance security in the shape of bank guarantee of FDR duly pledged in the of Executed Officer Municipal Council Ner Chowk before awarded of work.

***Executive Officer, Municipal Council, Ner Chowk (H.P.)***

# कटराई-एचपीएमसी संपर्क मार्ग पर डंगा गिरने से सड़क धंसी

## अब वाहन चलाना और पैदल सफर करना खतरे से खाली नहीं

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** पर्यटन निगम के होटल से नगरपुल- पशुशाला-एचपीएमसी की तरफ जाने वाली सड़क का डंगा गिरने की वजह से सड़क धंस चुकी है और सड़क काफी हद तक संकरी हो गई है, जिसकी वजह से इस तंग सड़क मार्ग पर वाहन चलाना तथा पैदल सफर करना खतरे से खाली नहीं है यहां कभी भी बड़ा हादसा पेश आ सकता है।

काबिलेगौर है की इस संपर्क मार्ग पर प्रतिदिन यातायात का बहुत अधिक दबाव रहता है और कटराईं से पतलीकूहल तथा नग्गर की तरफ जाने वाले बहुत से दोपहिया वाहन, जीप, कार, ट्रैक्टर, टिप्पर इत्यादि बड़ी संख्या में इस मार्ग पर आवाजाही करते हैं। इस के साथ- साथ जटेहड़ बिहाल तथा कॉलोनी में रहने वाले बहुत से बच्चे पढ़ाई के लिए कटराईं स्कूल में आते हैं और उन्हें प्रतिदिन इस स्थान से डर के साय में गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है की सड़क के टूटे हुए हिस्से को तुरंत ठीक किया जाए तथा इस मार्ग पर कुछ ऐसे स्थान हैं जहां सड़क अधिक तंग है और दूसरी तरफ गहरी खाई है।



कटराई-एचपीएमसी संपर्क मार्ग पर गिरा डंगा। अनंत ज्ञान

### ◆ ब्लैक स्पॉट पर क्रैश बैरियर लगाने की मांग

लोगों ने संबंधित विभाग से इन ब्लैक स्पॉट पर क्रैश बैरियर लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके ।

## रोहतांग पास यात्रा के लिए परमिट अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, केलांग।** जिला पर्यटन विकास अधिकारी, लाहौल-स्पीति कुनिका ने बताया कि कोकसर से रोहतांग पास की ओर जाने वाले सभी पर्यटकों एवं आम नागरिकों के लिए परमिट लेना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा प्रतिदिन अधिकतम 1200 वाहनों की सीमा निर्धारित की गई है, जिसका पालन सभी को करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण और यातायात प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए केवल निर्धारित संख्या के वाहनों को ही रोहतांग पास जाने की अनुमति दी जा रही है। बिना वैध परमिट किसी भी वाहन को आगे जाने की अनुमति नहीं होगी और ऐसे वाहनों को पुलिस चेक पोस्ट पर रोक दिया जाएगा, जिससे यात्रियों को असुविधा हो सकती है। कुनिका ने सभी पर्यटकों से आग्रह किया कि वे यात्रा से पूर्व निर्धारित वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर परमिट प्राप्त करें और केवल परमिट जारी होने के बाद ही यात्रा करें।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने ऋषि भूमि प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को घुड़दौड़ स्थित ऋषि भूमि योग आश्रम परिसर में नवस्थापित ऋषि भूमि प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी और सुपुत्री भी उनके साथ मौजूद रहीं। केंद्र के उद्घाटन के बाद उन्होंने आश्रम परिसर में आयोजित हवन-यज्ञ में भाग लिया और आहुति अर्पित की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। इस अवसर पर रामनाथ कोविंद ने प्रकृति और मानव के संबंध को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रकृति और इंसान का रिश्ता बहुत गहरा और अभिन्न है। उन्होंने कहा कि लोगों को प्रकृति का सम्मान करते हुए उसके साथ सामंजस्य बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। उनके अनुसार प्रकृति के निकट रहने से व्यक्ति को अनुशासित, शांत और संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है और प्रकृति मानव की सच्ची मित्र है। पूर्व राष्ट्रपति ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्वतों, नदियों और नालों पर अल्पकालिक लाभ के लिए किए जाने वाले अतिक्रमण के गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे हस्तक्षेप भविष्य में प्राकृतिक आपदाओं और प्रकृति के प्रकोप का कारण बनते हैं। इसलिए पर्यावरण की रक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग को प्राथमिकता देना समय की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान रामनाथ कोविंद ने आश्रम में आयोजित ध्यान साधना शिविर में भी भाग लिया। उन्होंने आश्रम में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली और वहां किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और विभिन्न क्षेत्रों से आए कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने ध्यान साधना शिविर में भी भाग लिया। अनंत ज्ञान

# कुल्लू-मनाली के पर्यावरण से समझौता नहीं गौतम ठाकुर ने पीएम व सीएम को लिखा पत्र

अनंत ज्ञान

**मनाली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मनाली डेवलपमेंट काउंसिल के मुख्य संरक्षक गौतम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर प्रस्तावित चिनाब-ब्यास संपर्क टनल परियोजना के पर्यावरणीय, भू-वैज्ञानिक एवं सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का व्यापक और स्वतंत्र अध्ययन करवाने की मांग उठाई है।

गौतम ने अपने पत्र में कहा कि यह परियोजना हिमाचल प्रदेश, विशेषकर कुल्लू-मनाली क्षेत्र के लिए दूरगामी परिणामों वाली सिद्ध हो सकती है। उन्होंने कहा कि हिमालयी क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील भौगोलिक परिस्थितियों वाला क्षेत्र है, जहां पहले से ही भूस्खलन, बादल फटने, अतिवृष्टि और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में किसी भी बड़ी जल संसाधन परियोजना पर आगे बढ़ने से पहले उसके संभावित प्रभावों का वैज्ञानिक और निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्ष 1988, 1995, 2023 तथा 2025 में ब्यास नदी में आई भीषण बाढ़ों ने राष्ट्रीय राजमार्ग तथा अन्य आधारभूत ढांचों को भारी नुकसान पहुंचाया था, जिससे करोड़ों रुपए की सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति प्रभावित हुई और पर्यटन उद्योग को भी गंभीर आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। कुल्लू-मनाली की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से पर्यटन पर आधारित है और यहां की प्राकृतिक सुंदरता, नदियां, वन संपदा तथा स्वच्छ पर्यावरण ही इसकी पहचान हैं। गौतम ने आशंका व्यक्त की है कि यदि भविष्य में किसी प्राकृतिक आपदा या अत्यधिक वर्षा की स्थिति में ब्यास और चंद्रा नदियों में एक साथ असामान्य जलप्रवाह उत्पन्न होता है, तो उसके संभावित प्रभावों का पूर्व आकलन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परियोजना के कारण जल प्रवाह, बाढ़ के स्वरूप अथवा नदी तंत्र पर पड़ने वाले किसी भी संभावित प्रभाव का गहन अध्ययन होना चाहिए ताकि जनसुरक्षा, आधारभूत संरचनाओं तथा पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को किसी प्रकार के जोखिम से बचाया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री से मांग की है कि परियोजना पर अंतिम निर्णय लेने से पहले विस्तृत एवं स्वतंत्र पर्यावरण प्रभाव आकलन, भू-वैज्ञानिक एवं आपदा जोखिम संबंधी अध्ययन, स्थानीय निवासियों, पर्यटन व्यवसायियों, पर्यावरण विशेषज्ञों एवं जनप्रतिनिधियों से व्यापक परामर्श तथा परियोजना से संबंधित सभी रिपोर्टों को सार्वजनिक कर विस्तृत जनसुनवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार से कुल्लू-मनाली के पर्यावरणीय संतुलन, पर्यटन उद्योग और स्थानीय लोगों की आजीविका की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।

# कराटे में चमके सितारे : आकृति, तन्वी, ईशांत और रोनित ने जीती ब्लैक बेल्ट

## एलएमएस कलैहली में आयोजित कराटे ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न, बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** एलएमएस कलैहली में आयोजित कराटे ग्रेडिंग परीक्षा खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तकनीकी कौशल, आत्मविश्वास और अनुशासन का परिचय देते हुए उच्च स्तर का प्रदर्शन किया।

ग्रेडिंग परीक्षा में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें कृतिका वर्धन, अद्विका ठाकुर, श्रियान ठाकुर, नव्या शर्मा, अर्श ठाकुर, श्रेयस ठाकुर, दुर्विक ठाकुर, मानवसे चौहान, समृद्धि, अनुग्रह, आर्णिक, अथर्व राणा, धर्मेश, आर्या, देवान्या, रित्विका भारद्वाज, देवांश, वंश, रुद्रांश, अयान ठाकुर, नयाशिया, आरण्या, अन्नांशी, पिंगाक्षी, भार्गवी कश्यप, जिवेन ठाकुर, ओजस्वी ठाकुर, वैभवी, भाविक, प्रेरणा ठाकुर, जन्नत ठाकुर, अर्नवी, अनाया ठाकुर, वेदिका, याक्ष्मिता ठाकुर, कृषा नेगी, मिहेका पराशर, रिग्जिन अंगमो, शानु जैन, यक्षिता राजवंशी, तृषा, आहाना शर्मा, आदर्श, रियाना ठाकुर, अतीक्ष, विघे, ओजस ठाकुर, रियान्श नेगी, गिरीश ठाकुर, शार्विल एवं विवान ठाकुर ने सफलतापूर्वक येलो बेल्ट के लिए योग्यता प्राप्त की।

वहीं, देवांशी, अलाविया, सोनम त्सेरिंग, रित्विक, वृंदा शर्मा, पार्थ, तंजिन, सोमांश, एरिशा रावल, आराध्या, अक्षांश ठाकुर, अद्रिका, मेधांश ठाकुर, आर्यादित्य ठाकुर, अक्षिका, निजेल ठाकुर, आहान, इनाया चौहान, दिव्यांश, शौर्यन, कृतिका एवं विहान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑरेंज बेल्ट प्राप्त करने की पात्रता हासिल की। इसके अतिरिक्त अवानी भंडारी, हैरिस ठाकुर, आनन्या रोपा, बृंदा, अक्षिता रतनिया, अथर्व, सौतान्या एवं आरशी शर्मा ने ग्रीन बेल्ट, जबकि दिव्यांका मालपा, अविश ठाकुर, मायरा ठाकुर, विराट रतनिया, रितिक ठाकुर, ईशविन ठाकुर, आरव गुप्ता, अभिनंदन ठाकुर एवं जिग्मेद नोर्बू ने ब्लू बेल्ट के लिए योग्यता प्राप्त की। उत्कर्ष ठाकुर ने ब्राउन बेल्ट हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आकृति परमार, तन्वी शर्मा, ईशांत शर्मा एवं रोनित शर्मा रहे, जिन्होंने सफलतापूर्वक ग्रेडिंग उत्तीर्ण कर प्रतिष्ठित ब्लैक बेल्ट प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि पर उपस्थित अभिभावकों, प्रशिक्षकों और विद्यालय परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। ग्रेडिंग परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में गोजू यू डो कराटे डो एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष सेंसेई रणवीर ठाकुर, सेनपाई काव्यांश शर्मा तथा जैस्मिन ठाकुर का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर रेंसी हंसराज शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

एलएमएस की एमडी ललिता कंवर, चेयरमैन उदय कंवर तथा एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के चेयरमैन किशन ठाकुर ने सफल खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, एलएमएस कलैहली की प्रिंसिपल आरती शर्मा एवं एलएमएस ढालपुर की प्रिंसिपल निधिकांत ने खिलाड़ियों को बधाई दी। एलएमएस के एमसी प्रधान विनोद कुमार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए विशेष रूप से ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।



एलएमएस के एमसी प्रधान विनोद कुमार ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

# जनहित व समावेशी विकास को प्राथमिकता दें नवनिर्वाचित जिप सदस्य : किरण

## डीसी लाहौल-स्पीति ने जिला परिषद सदस्यों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ



जिप सदस्यों को शपथ दिलातीं डीसी किरण भड़ाना। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**केलांग।** डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित समारोह में नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी लाहौल डॉ विवेक गुलरिया तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत उपायुक्त किरण भड़ाना ने सभी नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के सदस्य विकास और जनकल्याण की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं। ऐसे में सभी सदस्य राजनीतिक एवं व्यक्तिगत भेदभाव से ऊपर उठकर निष्पक्षता, पारदर्शिता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। उपायुक्त ने कहा कि लाहौल की जनजातीय घाटी अपने विशिष्ट सामाजिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्वरूप के लिए जानी जाती है। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को आपसी सहयोग, समन्वय और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि विकास से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देते हुए ऐसी योजनाएं तैयार की जाएं जिनका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक समान रूप से पहुंचे। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला परिषद सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने, नशे से दूर रहने सहित उन्हें सकारात्मक गतिविधियों, खेलों तथा रचनात्मक कार्यों की ओर प्रेरित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में लाहौल क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सदस्य शशि किरण, रूब देई, थिन्ले देचिन, थुकतन डोलमा, पूनम देवी, सुरेश, राम सिंह, रणजीत,सोनम ठाकुर उपस्थित रहे।

## एसडीएम केलांग ने भी पंचायत समिति सदस्यों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ



पारदर्शिता, सर्मपण की भावना के साथ कार्य करने का आग्रह किया।

अनंत ज्ञान

**केलांग।** उपमंडलाधिकारी (नागरिक) केलांग कुनिका एकर्स ने खंड विकास कार्यालय, केलांग में आयोजित एक गरिमामय समारोह के दौरान लाहौल विकास खंड के नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर विकास खंड की विभिन्न पंचायतों से निर्वाचित सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति ग्रामीण विकास की आधारभूत इकाई है तथा इसके माध्यम से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से आम लोगों तक पहुंचाया जाता है। उन्होंने सभी सदस्यों से पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समर्पण की भावना के साथ कार्य करने का आग्रह किया शपथ ग्रहण कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सभी नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को उनके निर्वाचन एवं नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर खण्ड विकास कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# थासीभ्रा में बिजलेश्वर युवक मंडल की नई कार्यकारिणी गठित, संजय बने अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला मुख्यालय से सटी खराहल घाटी के थासीभ्रा गांव में बिजलेश्वर युवक मंडल थासीभ्रा की आम सभा एवं चुनाव बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में युवक मंडल के सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद संजय कुमार को अध्यक्ष, रोहित को उपाध्यक्ष, पुनीत को सचिव तथा मोहित को वित्त सचिव चुना गया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उपस्थित सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर युवक मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष उत्तम चंद ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग एवं समर्थन के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवक मंडल ने हमेशा क्षेत्र के युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह परंपरा भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी। बैठक के दौरान युवाओं को खेल, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं जनहित के कार्यों से जोड़ने, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति और समाज सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने क्षेत्र में बढ़ते नशे के दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि युवक मंडल आगामी समय में नशा मुक्ति जागरुकता अभियान, खेलकूद प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर युवक मंडल की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाएंगे तथा क्षेत्र के युवाओं और समाज के हित में समर्पित भाव से कार्य करेंगे। इस अवसर पर पदम सिंह, नरेश कुमार, चुनी लाल, नरेंद्र कुमार, सुमित सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



रोहित को उपाध्यक्ष और पुनीत को सचिव चुना। अनंत ज्ञान

**कार्यक्रम** नवनिर्वाचित नग्गर परिषद के सदस्यों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

# विकास को प्राथमिकता दें नवनिर्वाचित सदस्य: गुंजीत

अनंत ज्ञान

**मनाली।** उपमंडलाधिकारी मनाली गुंजीत सिंह चिम्मा ने आज नगर परिषद के सभागार के सम्मेलन कक्ष में आयोजित एक गरिमामय समारोह में नवनिर्वाचित नग्गर परिषद के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत उपमंडलाधिकारी ने सभी नवनिर्वाचित नग्गर परिषद सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

उन्होंने कहा कि परिषद के सदस्य विकास और जनकल्याण की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं। ऐसे में सभी सदस्य राजनीतिक एवं व्यक्तिगत भेदभाव से ऊपर उठकर निष्पक्षता, पारदर्शिता और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। चिम्मा ने कहा कि मनाली अपने विशिष्ट सामाजिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्वरूप के लिए जानी जाती है। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को आपसी सहयोग, समन्वय और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि विकास से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देते हुए ऐसी योजनाएं तैयार की जाएं, जिनका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक समान रूप से पहुंचे। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए नग्गर परिषद सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने, नशे से दूर रहने सहित उन्हें सकारात्मक गतिविधियों, खेलों तथा रचनात्मक कार्यों की ओर प्रेरित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए उपमंडलाधिकारी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मनाली क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पर्यटन से स्थानीय लोगों की आजीविका और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है, लेकिन इसके साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि और स्थानीय समुदाय मिलकर इको-फ्रेंडली पर्यटन को बढ़ावा दें, ताकि मनाली की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सतत पर्यटन ही भविष्य की आवश्यकता है। उपमंडलाधिकारी ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनका कार्यालय जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय पर सहयोग के लिए सदैव खुला है। इस अवसर पर नग्गर परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों में ठाकुर दास , प्रदीप गिल, ईशा राजपूत , सीमा शर्मा, नीलम, चद्रा पदान और मनोज लारजे के अलावा मनाली व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



उपमंडलाधिकारी मनाली गुंजीत सिंह चिम्मा ने दिलाई शपथ। अनंत ज्ञान

# शिक्षक-अभिभावक समन्वय पर जोर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा

## सरस्वती विद्या मंदिर में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन, पीटीए और मातृ भारती का किया गठन

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में इस वर्ष का प्रथम अभिभावक सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 200 अभिभावकों ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास और विद्यालय-घर के बीच तालमेल बढ़ाना था। प्रधानाचार्य जितेंद्र वर्मा ने कहा कि बच्चों की शैक्षिक और नैतिक प्रगति तभी सुनिश्चित होगी, जब अभिभावक और शिक्षक मिलकर समन्वयपूर्ण प्रयास करेंगे। उन्होंने घर और स्कूल में सामंजस्य बनाने तथा नियमित संवाद के महत्व पर भी जोर दिया। सम्मेलन में विद्यालय की अन्य गतिविधियों, अनुशासन एवं आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। तत्पश्चात और मातृ भारती समितियों का गठन किया गया। पीटीए अध्यक्ष के रूप में अजय, उपाध्यक्ष इंदिरा, सचिव धर्मवीर चुने गए, जबकि सदस्य म्हणून भावना देवी, अभिलेखा, श्याम लाल, पदमानम ज्ञाल, विशाल महाजन, देव नलवा और गिरधारी ठाकुर शामिल हैं। मातृ भारती में अध्यक्षा कृष्णा, उपाध्यक्षा मोनिका, सचिव रीना तथा सदस्य कविता, रीता और पल्लवी कटोच नामित हुईं। प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों का सम्मेलन में उपस्थिति एवं सहयोग के लिए धन्यवाद किया और आगामी शिक्षण-सत्र के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।



प्रथम अभिभावक सम्मेलन में लगभग 200 अभिभावकों ने लिया भाग। अनंत ज्ञान

# कहीं ढोडो मैदान की पार्किंग का निर्माण शूलिनी मेले में न डाले खलल

## शूलिनी मेले में पार्किंग निर्माण को लेकर विवाद, किए गए खुले मैदान पर सवाल

अनंत ज्ञान


ढोडो ग्राउंड के साथ निर्माणाधीन पार्किंग। अनंत ज्ञान

**सोलन।** आगामी 26 जून से शुरू होने वाले अंतरराज्यीय शूलिनी मेले से पहले ढोडो मैदान में चल रहा पार्किंग निर्माण कार्य चिंता का विषय बनता जा रहा है। मैदान के जिस हिस्से में पार्किंग के लिए खुदाई की गई है, वहीं पर मेले के दौरान खेलकूद गतिविधियां और पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं। ऐसे में यदि निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हुआ तो मेले के आयोजन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर असर पड़ सकता है।

वर्तमान में पार्किंग निर्माण के चलते मैदान के दर्शक दीर्घा क्षेत्र की सीढ़ियों को उखाड़ दिया गया है। यही सीढ़ियां मेले और खेल प्रतियोगिताओं के दौरान दर्शकों के बैठने का प्रमुख स्थान होती हैं। इसके अलावा मैदान की ओर जाने वाला रास्ता भी मिट्टी की कटिंग के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे आवाजाही प्रभावित हो रही है। निर्माण कार्य के दौरान एक और बड़ी चुनौती भूमिगत पानी बनकर सामने आई है। कटिंग किए गए हिस्से में लगातार पानी भर रहा है, जिससे निर्माण की गति प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह समस्या जल्द हल नहीं हुई तो मेले से पहले आवश्यक सुविधाएं बहाल करना मुश्किल हो सकता है।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि शूलिनी मेले से पहले कम से कम मैदान तक जाने वाले रास्ते का निर्माण और मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर की जाए, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं, खिलाड़ियों और दर्शकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

लोगों का कहना है कि शूलिनी मेला प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रमुख आयोजन है, जिसमें हजारों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में ढोडो मैदान की व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती भी है और जिम्मेदारी भी। इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और मेले से पूर्व सुरक्षा मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। स्थानीय लोगों ने यह भी कहा है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो मेले के दौरान भारी भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती है। खासकर पार्किंग क्षेत्र में पानी भराव और रास्तों की खराब हालत से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। लोगों ने सुझाव दिया है कि प्रशासन वैकल्पिक पार्किंग स्थल की व्यवस्था भी तैयार रखे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

इसके साथ ही सामाजिक संगठनों ने भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि केवल समय पर काम पूरा करना ही नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता और स्थायित्व भी सुनिश्चित करना जरूरी है। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए तेजी से कार्रवाई करेगा, ताकि शूलिनी मेले का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके और किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। लोगों ने मांग की है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा कर मेले से पहले सभी सुविधाएं दुरुस्त की जाएं और सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# कंडाघाट स्कूल के छात्रों ने उगाई ढिंगरी मशरूम

## मिड-डे मील में परोसी जाएगी ताजी सब्जी

अनंत ज्ञान


स्कूली छात्रों ने तैयार की ढिंगरी मशरूम। अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** व्यावहारिक शिक्षा और पोषण को एक साथ जोड़ने की दिशा में सीबीएसई कंडाघाट पाठशाला की पहल मिसाल बन गई। विद्यालय के बच्चों ने स्कूल परिसर में ढिंगरी (ऑयस्टर) मशरूम की सफल खेती कर न केवल खेती की तकनीक सीखी, बल्कि अपनी मेहनत से तैयार फसल को मिड-डे मील में शामिल कर पोषण का महत्व भी समझा।

प्रधानाचार्य कुलदीप सूर्या के मार्गदर्शन तथा सीएचटी रमा पंवार और विज्ञान अध्यापिका नलिनी की देखरेख में विद्यार्थियों ने मशरूम उत्पादन का कार्य किया। बच्चों ने मशरूम बैग तैयार करने, उनकी देखभाल करने, नमी बनाए रखने और फसल की कटाई तक की पूरी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यालय में तैयार हुई करीब 4.5 किलोग्राम ताजी ढिंगरी मशरूम की फसल को मिड-डे मील में शामिल किया गया। मशरूम की पौष्टिक सब्जी बनाकर बच्चों को परोसी जा रही है, जिसे वे बड़े उत्साह और गर्व के साथ खा रहे हैं।

इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान की व्यावहारिक जानकारी मिलने के साथ-साथ स्वावलंबन, श्रम का महत्व और स्वच्छ एवं पौष्टिक खानपान के प्रति जागरूकता भी प्राप्त हो रही है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रधानाचार्य कुलदीप सूर्या ने बताया कि यह गतिविधि विद्यार्थियों को केवल किताबों तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण कौशल भी सिखाती है। उन्होंने कहा कि रमा पंवार और नलिनी मैडम के प्रयासों से शुरू हुई यह पहल अब विद्यालय की नियमित गतिविधियों का हिस्सा बन चुकी है और भविष्य में भी ऐसे नवाचार जारी रहेंगे। विद्यालय ने बताया कि इस तरह की गतिविधियाँ छात्रों में टीमवर्क, अनुशासन और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करती हैं। भविष्य में अन्य औषधीय पौधों और जैविक खेती पर भी प्रयोग किए जाएंगे। इससे छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

# न्यूज ब्रीफ

## ग्राम पंचायत देवरा के मन्जयाट में दंगल व भंडारा 14 जून को

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल अर्की की ग्राम पंचायत देवरा में 14 जून रविवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समस्त पंचायत वासियों द्वारा 36 वां दंगल व 28 वां भंडारा मन्जयाट में किया जा रहा है। दंगल कमेटी मंजयाट के संस्थापक शहाबुद्दीन ने बताया कि यह दंगल 35 वर्षो से स्थानीय निवासियों के सहयोग से हर वर्ष किया जाता है। इस वर्ष भी स्थानीय निवासियों के सहयोग से 36 वां दंगल व 28 वे भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो भी पहलवान दंगल में भाग लेना चाहते है। वह 5 बजे सांय तक कमेटी के पास अपने नाम लिखवा दें।ताकि समय से दंगल शुरू किया जा सके। दंगल 6 बजे आरम्भ होगा एवं 8 बजे समाप्त कर दिया जाएगा।

## आयुर्वेदिक अस्पताल के गेट पर फंदे से लटका मिला सब्जी विक्रेता का शव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब श्री रेणुकाजी क्षेत्र के देवना निवासी एक व्यक्ति का शव आयुर्वेदिक अस्पताल के मुख्य गेट पर फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान जगत सिंह निवासी देवना, श्री रेणुकाजी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने सुबह अस्पताल गेट पर एक व्यक्ति को फंदे से लटका देखा, जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जीतराम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर मौके का निरीक्षण किया तथा पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। बताया जा रहा है कि मृतक नाहन के दिल्ली गेट क्षेत्र में आयुर्वेदिक अस्पताल के नीचे सब्जी बेचने का काम करता था और स्थानीय लोगों के बीच परिचित चेहरा था। प्रारंभिक स्तर पर यह भी चर्चा है कि मृतक कुछ समय से आर्थिक और मानसिक परेशानियों से जूझ रहा था। उस पर कुछ देनदारियां भी बताई जा रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार वह शराब का सेवन भी करता था।

## महाविद्यालय दाड़लाघाट से कॉमर्स संकाय को समाप्त किए जाने पर आक्रोश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय से कॉमर्स संकाय समाप्त करने के सरकारी निर्णय का स्थानीय लोगों, अभिभावकों और छात्रों ने कड़ा विरोध किया है। उनका कहना है कि यह फैसला क्षेत्र के विद्यार्थियों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर और छात्राओं के भविष्य को प्रभावित करेगा। ग्रामीणों ने इसे शिक्षा के अवसरों में कमी बताया है और सरकार से निर्णय पर पुनर्विचार कर कॉमर्स संकाय को पुनः शुरू करने की मांग की है।

## ऑल इंडिया गर्ल्स एक्सपेडिशन (हिमट्रेक) 2026 का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी, सोलन द्वारा शिमला ग्रुप, पीएचएचपी एंड सी निदेशालय के अंतर्गत आयोजित ऑल इंडिया गर्ल्स एक्सपेडिशन (हिमट्रेक) 2026 का शुभारंभ जयपी यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश में हुआ। यह अभियान 05 से 12 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान में उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर एवं पीएचएचपी एंड सी निदेशालयों की कुल 510 कैडेट भाग ले रही हैं। 06 जून को कैम्प कमांडेंट कर्नल विवेक भटारा ने उद्घाटन संबोधन में कैडेटों को अनुशासन, सुरक्षा, टीम भावना एवं साहसिक गतिविधियों के महत्व से अवगत कराया। उद्घाटन के उपरांत सभी कैडेटों ने दमहेर ट्रेक में भाग लिया, जिससे उनकी सहनशक्ति, आत्मविश्वास एवं टीम वर्क कौशल का विकास हुआ। दिन का समापन खेल गतिविधियों एवं सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ, जिसने राष्ट्रीय एकता और आपसी सौहार्द को बढ़ावा दिया।

## सोलन में 10 जून को विद्युत आपूर्ति बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय शूलिनी मेला-2026 के मद्देनज़र आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 10 जून 2026 को सोलन में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने बताया कि विभिन्न 33 के.वी. और 11 के.वी. फीडरों के तहत आने वाले कई क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर बिजली कटौती की जाएगी। सुबह 9:30 बजे से लेकर दिन में और कुछ क्षेत्रों में शाम 5:30 बजे तक मॉल रोड, अप्पर बाजार, अस्पताल रोड, ठोडो मैदान, आईटीआई, बसाल, कथेड़, कोटलानाला सहित कई इलाकों में बिजली बंद रहेगी। विभाग ने बताया कि यह कटौती जरूरी रखरखाव और व्यवस्था सुधार के लिए की जा रही है। अधिकारियों ने लोगों से सहयोग की अपील की है और कहा है कि मौसम या तकनीकी कारणों से समय में बदलाव संभव है।

## कंडाघाट में 15 जून तक होगी स्व-गणना नागरिकों से भागीदारी की अपील

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** नगर पंचायत कंडाघाट क्षेत्र में जनगणना के प्रथम चरण के तहत स्व-गणना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया 01 जून 2026 से 15 जून 2026 तक जारी रहेगी, जिसमें क्षेत्र के नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपने परिवार से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं। नगर पंचायत सचिव अभिनव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्व-गणना की सुविधा से जनगणना प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा रहा है। इसके माध्यम से आंकड़ों की शुद्धता भी सुनिश्चित होगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से निर्धारित समयावधि के भीतर स्व-गणना पूरी करने की अपील की है। नागरिक पोर्टल पर जाकर अपनी और अपने परिवार की अद्यतन जानकारी दर्ज कर सकते हैं। नगर पंचायत कंडाघाट ने इसे राष्ट्रीय महत्व का कार्य बताते हुए क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। प्रशासन ने कहा कि स्व-गणना से समय की बचत होगी और जनगणना कार्य अधिक सटीक एवं पारदर्शी बनेगा। सभी नागरिक समय पर प्रक्रिया पूरी करें।

# शिलांजी में कांग्रेस छोड़ कर दर्जनों लोग भाजपा में शामिल


भाजपा में शामिल हुए कांग्रेसियों को किया गया सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** शिलांजी पंचायत के युवा नेता कपिल ठाकुर अपने साथियों सुदर्शन ठाकुर, धर्म सिंह तथा कुलदीप के साथ कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। चारों नेताओं ने पच्छाद विधायक रीना कश्यप की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जहां विधायक ने मालाएं पहनाकर सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर रीना कश्यप ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। कपिल ठाकुर ने कहा कि वे और उनके साथी विधायक द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा नेता प्रदीप कंवर ने कहा कि विधायक ने पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में अनेक विकासात्मक कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि पहले मिल्क चिलिंग प्लांट मरयोग में केवल 1000 लीटर का कूलर था, जिससे प्रतिदिन लगभग 200 लीटर दूध खराब हो रहा था। विधायक निधि से 5 लाख रुपये उपलब्ध करवाकर वहां 3000 लीटर क्षमता का कूलर स्थापित कराया गया।

# हिमाचल कामगार कल्याण बोर्ड पात्र छात्रों को दे रहा वित्तीय लाभ

अनंत ज्ञान



**नाहन।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की छात्रवृत्ति योजना श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। जिला सिरमौर में जिला कामगार कल्याण कार्यालय के माध्यम से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

योजना के तहत पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को 8,400 रुपये तथा नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को 12,000 रुपये प्रतिवर्ष दिए जाते हैं। स्नातक स्तर पर 36,000 रुपये, स्नातकोत्तर स्तर पर 60,000 रुपये तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए 48,000 रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है। मेडिकल, इंजीनियरिंग, पीएचडी और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को 1.20 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक की छात्रवृत्ति मिलती है। जोगीवन की संध्या ठाकुर को कंप्यूटर डिप्लोमा कोर्स के लिए 48,000 रुपये की सहायता मिली, जिससे उनकी पढ़ाई जारी रखने में मदद मिली।

वहीं निकिता ठाकुर और अंजली को उच्च शिक्षा के लिए 72-72 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त हुई। उन्होंने पात्र श्रमिक परिवारों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

# ऐतिहासिक बाड़ीधार मेले को जिला स्तरीय मेले का दर्जा मिला

अनंत ज्ञान



**दाड़लाघाट।** जिला सोलन की अर्की तहसील के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक बाड़ीधार मेले को जिला स्तरीय मेले का दर्जा प्रदान कर दिया गया है। प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में मंजूरी प्रदान की गई। सरकार के इस निर्णय से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है तथा लोगों ने इसे क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को नई मजबूती देने वाला कदम बताया है।

बाड़ीधार मेला धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रमुख केंद्र माना जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस मेले का इतिहास पांडवों के अज्ञातवास काल से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि पांडवों ने अपने अज्ञातवास के दौरान इस क्षेत्र में भगवान शिव की खोज की थी, जिसके कारण यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बन गया। हर वर्ष आषाढ़ मास की संक्रांति, लगभग 14 से 15 जून के आसपास आयोजित होने वाला यह मेला हजारों श्रद्धालुओं और लोगों को आकर्षित करता है।

मेले की पूर्व संध्या पर पारंपरिक जगराते का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु भाग लेते हैं। मेले का प्रमुख आकर्षण बाड़ेश्वर महादेव मंदिर है, जहां श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। बाड़ीधार मेला केवल सोलन जिले तक सीमित नहीं है,बल्कि हर क्षेत्र से श्रद्धालु आस्था के साथ यहां पहुंचते हैं।

# स्टूडेंट्स वेलफेयर सोसायटी की वार्षिक बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान



बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्टूडेंट्स वेलफेयर सोसायटी सोलन की वार्षिक सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोसायटी के सदस्यों, प्रायोजकों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शमरोड़ की प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा रहीं। उनके आगमन पर संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

सोसायटी के संरक्षक डॉ. एम.आर. लांबा तथा प्रधान अशोक ग्रोवर ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। वहीं डॉ. लांबा एवं उपप्रधान संतोष भल्ला ने उन्हें शॉल और हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सोसायटी की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। बैठक के दौरान महासचिव आर.पी. राणा तथा कोषाध्यक्ष शिव कुमार चावला ने संस्था की वार्षिक गतिविधियों एवं आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मनोरंजन किया गया।

मुख्य अतिथि दीपिका शर्मा ने सोसायटी के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा सामग्री उपलब्ध करवाने के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने संस्था को अपनी ओर से 11 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रधान अशोक ग्रोवर ने मुख्य अतिथि, सदस्यों, शिक्षकों एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय गान के साथ बैठक का समापन हुआ।

सोसायटी की ओर से संरक्षक डॉ. एम.आर. लांबा, प्रधान अशोक ग्रोवर, महासचिव आर.पी. राणा, कोषाध्यक्ष शिव कुमार चावला, उपप्रधान संतोष भल्ला तथा उपसचिव बलवंत सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, प्रायोजकों एवं अतिथियों का धन्यवाद किया।

# राजगढ़ में गैस सिलेंडर की किल्लत, ओटीपी होने के बावजूद खाली हाथ लौट रहे उपभोक्ता

अनंत ज्ञान


सिलेंडर लेने के लिए लगी लोगों की लाइन। अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की भारी कमी के कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई लोगों के पास गैस बुकिंग का ओटीपी होने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को राजगढ़ गैस एजेंसी में सिलेंडरों से भरी गाड़ी पहुंची, जिसमें कुल 362 गैस सिलेंडर थे।

इनमें से 162 सिलेंडर ग्रामीण क्षेत्रों में भेजे गए, जहां पिछले कई महीनों से गैस की गाड़ी नहीं पहुंची थी। वहीं 76 सिलेंडर राजगढ़ शहर की पूर्व बुकिंग के लिए निर्धारित किए गए।

इसके बाद बचे हुए सिलेंडरों का वितरण उपभोक्ताओं को किया गया, लेकिन मांग के मुकाबले संख्या काफी कम होने के कारण समस्या बनी रही। एजेंसी परिसर में करीब 130 लोग सिलेंडर लेने के लिए लाइन में खड़े रहे, जबकि उपलब्ध सिलेंडरों की संख्या मात्र 86 थी। ऐसे में कई उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ा।

इस संबंध में गैस एजेंसी के अधिकारियों का कहना है कि बद्दी प्लांट से गैस सप्लाई समय पर नहीं पहुंच रही है, जिसके चलते यह समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लंबे समय से गैस की आपूर्ति नहीं हो पाई थी, इसलिए वहां सिलेंडर भेजना आवश्यक था।

अधिकारियों के अनुसार जैसे ही बद्दी प्लांट से नियमित रूप से गैस की आपूर्ति शुरू होगी, स्थिति सामान्य हो जाएगी। फिलहाल गैस सिलेंडरों की कमी के कारण राजगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही। उपभोक्ताओं ने प्रशासन और गैस कंपनी से मांग की है कि क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि रसोई गैस जैसी आवश्यक सेवा में लगातार हो रही देरी से घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

# भूर्शिंग महादेव धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने नवाया शीश


मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** देवभूमि हिमाचल की पावन परंपरा और सनातन संस्कृति की अनूठी झलक पच्छाद उप मंडल स्थित भूर्शिंग महादेव मंदिर में देखने को मिली। क्षेत्र के आराध्य देव भूर्शिंग महादेव के दरबार में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ हुआ।

सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी, धार्मिक जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया।मोहाना निवासी एवं सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के वरिष्ठ अधिवक्ता जेएस अत्री तथा उनके पुत्र अधिवक्ता विवेक अत्री अपने परिजनों के साथ क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना को लेकर इस धार्मिक आयोजन का आयोजन करवा रहे हैं।

श्रद्धालुओं के अनुसार भूर्शिंग महादेव धाम में आयोजित यह ज्ञानयज्ञ न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना है, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना का संदेश भी दे रहा है। सुबह साढ़े दस बजे निकली कलश यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया।

# गर्मी में राहत: डाड़लाघाट में छबील लगाकर लोगों को पिलाया ठंडा पानी

अनंत ज्ञान


छबील का आयोजन करते हुए युवक। अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के बीच दी बॉयज सेज मित्र मंडल द्वारा दाड़लाघाट बस स्टैंड में छबील लगाकर राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध करवाया गया। भीषण गर्मी में इस सेवा कार्य से यात्रियों, राहगीरों और स्थानीय लोगों को राहत मिली तथा उन्होंने मित्र मंडल की पहल की सराहना की। इस अवसर पर मित्र मंडल के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए सेवा कार्य को सफल बनाया। मित्र मंडल के सदस्यों ने बताया कि गर्मी के मौसम में आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह सेवा कार्य आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक और जनहित के कार्य जारी रखे जाएंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके और समाज सेवा की भावना को बढ़ावा मिले। आयोजन में अभिषेक ठाकुर, उदित ठाकुर, हिमेश गौतम, हर्ष गौतम, जतिन ठाकुर, हिमांशु शर्मा, मृदुल शर्मा, मोहित ठाकुर, भवानी ठाकुर, साहिल ठाकुर, सुजल ठाकुर, अंकु, विवेक शर्मा, हर्षित ठाकुर और हार्दिक शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

मंडल के सदस्यों ने बताया कि छबील का मुख्य उद्देश्य लोगों को गर्मी से राहत देने के साथ-साथ सामाजिक एकता और सेवा भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और युवाओं को सामाजिक कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। राहगीरों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में ठंडा पानी मिलना बड़ी राहत है।

स्थानीय लोगों ने मित्र मंडल के इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समय-समय पर होने चाहिए। आयोजन के दौरान सदस्यों ने स्वयं पानी वितरण की जिम्मेदारी संभाली और पूरे उत्साह के साथ सेवा कार्य किया।

# कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पंचायत दाड़लाघाट स्थित श्री बाड़ू बाड़ा मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता से निकाली गई कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।

पंचायत प्रधान दाड़लाघाट एवं मंदिर कमेटी सचिव श्याम सिंह चौधरी ने बताया कि यह कथा 17 जून तक चलेगी। प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 8 बजे तक मूल पाठ, दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक कथा प्रवचन तथा रात्रि 8 बजे से भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कथा के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने बताया कि 17 जून को महायज्ञ एवं पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन होगा। मंदिर कमेटी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# पंचायतीराज संस्थाएं लोकतंत्र की मजबूत आधारशिला : डीसी

## जिला परिषद ऊना के 17 नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई पद की शपथ

अनंत ज्ञान



उपायुक्त जतिन लाल व अन्य अधिकारियों के साथ जिला परिषद ऊना के नवनिर्वाचित सदस्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** जिला परिषद ऊना के नवनिर्वाचित 17 सदस्यों ने सोमवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित एक गरिमामय समारोह में पद की शपथ ली। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) जतिन लाल ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। इस दौरान ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उपायुक्त जतिन लाल ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायतीराज संस्थाएं लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं तथा जिला परिषद ग्रामीण विकास और जनकल्याण की दिशा तय करने वाली महत्वपूर्ण संस्था है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण भाव से निर्वहन करेंगे तथा जिला के समग्र विकास में सक्रिय योगदान देंगे।

शपथ ग्रहण करने वाले सदस्यों में जिला परिषद वार्ड मुबारिकपुर से पवनजीत सिंह, कुठेड़ा खैरला से अरुण लता, ठठल से सरबन सिंह, सोहारी से योगराज, लठियाणी से अनीता देवी, धनेत से चंचल वाला, टक्का से सुमित कुमार शर्मा, चताड़ा से अनु ठाकुर, देहलां अप्पर से अविनाश कुमार, रायपुर सहोड़ा से बिंदु शर्मा, बाथू से ज्योति वाला, दुलैहड़ से सुलिंदरपाल कौर, हरोली से केवल सिंह, पंजावर से इंदु वाला, अंबोटा से पवन कुमार, चलेट से आरती देवी तथा भंजाल लोअर से गुरमुख सिंह शामिल रहे। समारोह में जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार, जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी, नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के परिजन तथा अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अंब रेलवे स्टेशन पर बढ़ाई जाएं सुविधाएं

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना स्थित अंब रेलवे स्टेशन का लगातार विस्तार होने के साथ यह प्रदेश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में शामिल होता जा रहा है। वर्तमान में यहां से दिल्ली सहित विभिन्न महत्वपूर्ण रेल सेवाएं संचालित हो रही हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि भविष्य में अंब रेलवे स्टेशन से मुंबई और जम्मू-कश्मीर जैसे प्रमुख गंतव्यों तक भी रेल सेवाएं शुरू किए जाने की संभावनाएं हैं। स्थानीय समाजसेवी एवं अंबिकानगर-अंब साहित्य परिषद के अध्यक्ष राजीव शर्मन ने कहा कि रेलवे सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि स्टेशन के दोनों प्लेटफार्मों पर यात्रियों की सुविधा के लिए कम से कम 100-100 बेंच उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने बताया कि स्टेशन पर पर्याप्त शौचालय सुविधाओं के अभाव के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में दोनों प्लेटफार्मों पर सुविधाजनक और स्वच्छ शौचालयों का निर्माण आवश्यक है। राजीव शर्मन सहित स्थानीय नागरिक हजारी लाल, महेश कुमार, नामदेव सिंह, जीतराम, जगदीश भट्टी, सुनील कुमार छावड़ा और रविन्द्र कुमार ने रेलवे प्रशासन एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग से अंब रेलवे स्टेशन के लिए दूसरे वैकल्पिक लिंक रोड और अतिरिक्त फुटपाथ/पैदल मार्ग के निर्माण की मांग की है।

# एसबीआई की 'आशा स्कॉलरशिप' योजना में रायपुर सहोड़ा के दो मेधावी विद्यार्थी चयनित

## दो चयनित विद्यार्थियों को 15-15 हजार रुपए की मिलेगी छात्रवृत्ति

अनंत ज्ञान



कृष्ण



सिमरन

**मैहतपुर, (ऊना)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की प्रतिष्ठित 'आशा स्कॉलरशिप योजना' के तहत ग्राम पंचायत रायपुर सहोड़ा के दो मेधावी विद्यार्थियों का चयन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। चयनित विद्यार्थियों में कृष्ण (पुत्र मोनिका देवी) तथा सिमरन कौर (पुत्री राजीव कुमार) शामिल हैं। दोनों विद्यार्थी राजकीय उच्च विद्यालय रायपुर सहोड़ा के छात्र रहे हैं तथा हाल ही में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं।

विद्यालय के तत्कालीन मुख्याध्यापक मदन लाल धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि एसबीआई की प्लेटिनम जयंती के अवसर पर बैंक द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 'बड्डी फॉर स्टडी' पोर्टल के माध्यम से आशा स्कॉलरशिप हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। विद्यालय की ओर से नवमी कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले पांच विद्यार्थियों के आवेदन करवाए गए थे, जिनमें से कृष्ण और सिमरन कौर का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को एसबीआई की ओर से 15,000 रुपए प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपनी शिक्षा को बेहतर ढंग से आगे बढ़ा सकेंगे। यह प्रोत्साहन राशि विद्यार्थियों को जमा दो तक की पढ़ाई के दौरान उपलब्ध होगी। इसके पश्चात यदि विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ उच्च शिक्षा या किसी अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते हैं, तो उन्हें आगे भी आर्थिक सहायता जारी रखी जा सकती है।

मदन लाल धीमान ने बताया कि जिला ऊना के रायपुर सहोडा स्थित राजकीय उच्च विद्यालय इस योजना के तहत विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन करवाने वाला क्षेत्र का एकमात्र विद्यालय रहा है। एसबीआई द्वारा आयोजित ऑनलाइन साक्षात्कार प्रक्रिया में दोनों विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयन प्राप्त किया। गौरतलब है कि वर्तमान में मदन लाल धीमान बतौर प्रिंसिपल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छेत्रां (हरोली) में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

चयनित छात्रा सिमरन कौर ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह भविष्य में यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हैं और यह छात्रवृत्ति उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ग्राम पंचायत प्रधान पूजा सहोड़, विद्यालय की वर्तमान मुख्याध्यापिका परमजीत कौर, समस्त अध्यापक वर्ग एवं स्टाफ सदस्यों ने दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर उन्हें तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों विद्यार्थी भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, गांव और जिले का नाम रोशन करेंगे।

### बारबेक्यू नेशनल हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड में भरे जाएंगे 100 पद

# अंब में 11 जून को होंगे साक्षात्कार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी बारबेक्यू नेशनल हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड में 100 पद भरे जाएगे। इसके लिए साक्षात्कार 11 जून को सुबह 10.30 बजे उप रोजगार कार्यालय अंब में किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने दी। उन्होंने इन पदों के लिए 10वीं, 12वीं अथवा डिप्लोमा उत्तीर्ण युवा भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 19,600 रुपये प्रतिमाह (सीटीसी) वेतन के साथ नि:शुल्क भोजन, आवास, पीएफ, ईएसआई, इंसेंटिव तथा कंपनी की अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। साथ ही, कार्यस्थल उत्तर भारत के विभिन्न स्थानों पर रहेगा।

उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को कार्य के साथ-साथ मेधावी यूनिवर्सिटी से मान्यता प्राप्त होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा अथवा डिग्री करने का अवसर मिलेगा। यह प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यक्रम पूरी तरह नि:शुल्क होगा और अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्रशिक्षण एवं अध्ययन सफलतापूर्वक पूरा करने पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा अथवा डिग्री प्रदान की जाएगी।

### ये दस्तावेज अनिवार्य

**साक्षात्कार** में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, जन्म तिथि प्रमाण-पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा तथा अनुभव प्रमाण-पत्र (यदि उपलब्ध हो) की मूल एवं छायाप्रति साथ लानी होगी।

जिला रोजगार अधिकारी ने युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने और निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार में भाग लेने का आग्रह किया है। अधिक जानकारी के लिए 7009060387 पर संपर्क किया जा सकता है।

# उपभोक्ता बिना किसी पंजीकरण शुल्क के ले सकते हैं पीएनजी कनेक्शन

## बीपीसीएल गैस ऊना प्रेस वार्ता कर बताईं पीएनजी योजनाएं, शून्य पंजीकरण शुल्क योजना की दी जानकारी

अनंत ज्ञान





प्रेस वार्ता में अहम जानकारियां देते बीपीसीएल गैस कंपनी के प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** स्थानीय एक होटल में सोमवार को बीपीसीएल गैस कंपनी की ऊना टीम द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख लाला धकोलिया, टेरिटरी मैनेजर मयूर चोवैत्या, प्रोजेक्ट एवं इंजीनियरिंग अधिकारी जय शंकर कुमार तथा सेल्स एवं मार्केटिंग अधिकारी नितेश कौशिक उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता के दौरान अधिकारियों ने ऊना जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की उपलब्धता, विकसित की जा रही पाइपलाइन अवसंरचना तथा भविष्य की विस्तार योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि बीपीसीएल गैस द्वारा क्षेत्र के अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक सुरक्षित, सुविधाजनक और पर्यावरण-अनुकूल ईंधन पहुंचाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कंपनी की शून्य पंजीकरण शुल्क योजना 13 मई 2026 से 15 जून 2026 तक प्रभावी है। इस योजना के अंतर्गत नए उपभोक्ता बिना किसी पंजीकरण शुल्क के पीएनजी कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं और योजना का लाभ उठा सकते हैं।

### पीएनजी के लाभ

- 24 घंटे एवं सातों दिन निर्बाध गैस की आपूर्ति।
- **सिलेंडर** बुकिंग और प्रतीक्षा की आवश्यकता नहीं।
- **सुरक्षित** एवं विश्वसनीय गैस आपूर्ति प्रणाली।
- **पर्यावरण** के अनुकूल और स्वच्छ ईंधन।
- **उपयोग** के अनुसार बिलिंग की सुविधा, जिससे खर्च पर बेहतर नियंत्रण।
- **घर** में एलपीजी सिलेंडर रखने की आवश्यकता समाप्त।
- **समय** की बचत एवं अधिक सुविधा।

### सुरक्षा संबंधी निर्देश

**बीपीसीएल** गैस ने उपभोक्ताओं से सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि:

- **स्थापित** जीआई पाइप पर कपड़े अथवा अन्य वस्तुएं न लटकाएं।
- **पाइपलाइन** की ग्राउंड कनेक्टिविटी (जीसी) के समीप दीया, मोमबत्ती या किसी भी प्रकार की खुली आग का प्रयोग न करें।
- **गैस** रिसाव की आशंका होने पर तुरंत ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क करें।
- **कंपनी** के प्रशिक्षित तकनीशियन 24×7 उपलब्ध हैं और किसी भी तकनीकी समस्या अथवा गैस रिसाव की स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### फोरलेन पर लकड़ी से भरा ट्रक पलटा, दो घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर मेहला टनल नंबर-1 के पास एक लकड़ी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को एम्स बिलासपुर रेफर किया गया। घायलों की पहचान बलजीत सिंह (36) और जस्सा (28), दोनों निवासी गांव लोदीपुर साहिब, जिला रूपनगर (पंजाब) के रूप में हुई है। हादसे के कारण फोरलेन पर यातायात लगभग डेढ़ से दो घंटे तक बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाद में प्रशासन व पुलिस की सहायता से यातायात सुचारु कर दिया गया।

### नप बिलासपुर के नवनिर्वाचित पार्षदों ने ली शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर परिषद बिलासपुर में सोमवार को नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। सभी पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई, जिसके साथ उन्होंने नगर के विकास, जनसेवा और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। समारोह में विधायक त्रिलोक जमवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि एसडीएम सदर, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाकर नगर के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### घुमारवीं में 519 कैडेट्स ने लिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश नेवल यूनिट एनसीसी, बिलासपुर द्वारा शिवा इंटरनेशनल स्कूल, घुमारवीं में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। शिविर में 20 विद्यालयों के 519 कैडेट्स ने भाग लिया। समापन समारोह में कैडेट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि कैप्टेन (सेवानिवृत्त) कमलेंद्र शर्मा रहे। शिविर के दौरान परेड, नेवल ओरिएंटेशन, वेपन ट्रेनिंग, फायरिंग, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और व्यक्तित्व विकास जैसी गतिविधियां कराई गईं। उत्कृष्ट कैडेट्स को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### कार्तिक और राजेंद्र ने जीता बरोग-ठौडू दंगल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला के ग्राम पंचायत माकड़ी मारकंड के गांव बरोग-ठौडू में विशाल दंगल (छिंज) का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। बिलासपुर केसरी के लिए हुए मुकाबले में करोट के पहलवान कार्तिक ने चांदपुर के गोलू को हराकर खिताब जीता। वहीं हिमाचल केसरी के मुकाबले में घुमारवीं के राजेंद्र ने चांदपुर के रूपेश को पराजित कर जीत हासिल की। दोनों विजेताओं को हनुमान गदा और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन में मुख्य अतिथि और छिंज समिति ने आयोजन की सराहना करते हुए सहयोग देने वाले सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

### आकाश और राहुल बने थुनार दंगल के विजेता

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता में महावीर दंगल कमेटी थुरान द्वारा रविवार को भव्य दंगल का आयोजन किया गया। दूर-दूर से आए पहलवानों ने अपने दमखम का प्रदर्शन कर दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्नल रतन चंद मुख्य अतिथि रहे, जिन्होंने विजेता पहलवानों को सम्मानित किया। बड़ी माली के फाइनल में डेरा बाबा नानक के आकाश ने अमृतसर के हैप्पी को हराकर जीत दर्ज की। वहीं छोटी माली में बिलासपुर के राहुल ने डेरा बाबा नानक के करण को पराजित किया। विजेताओं और उपविजेताओं को नकद पुरस्कार एवं गुर्ज देकर सम्मानित किया गया। महावीर दंगल कमेटी के प्रधान हरीश अग्निहोत्री ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार जताया।

### ओंकार शर्मा को मिला इंडियन एक्सीलेंस अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में प्रदेश की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं ने अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा को इंडियन एक्सीलेंस अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें कोरोना महामारी और आपदा काल के दौरान किए गए राहत कार्यों के लिए प्रदान किया गया। लाडली फाउंडेशन, हिमाचल रेनबो स्टार क्लब और गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान हिमाचली टोपी और शॉल पहनाकर उनका सम्मान किया गया। ओंकार शर्मा ने कहा कि वे जनहित और सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## हवान में कथित धर्मांतरण गतिविधियों के विरोध में लोगों ने करवाई एफआईआर

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के घुमारवीं उपमंडल की ग्राम पंचायत हवान में कथित धर्मांतरण गतिविधियों के विरोध में ग्रामीणों ने एकजुट होकर घुमारवीं थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ईसाई मशीनरियों द्वारा क्षेत्र में धर्मांतरण के लिए लोगों को पैसों, नौकरी तथा अन्य प्रकार के प्रलोभन दिए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच करने तथा दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

उनका कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से इस प्रकार की गतिविधियों की शिकायतें सामने आ रही थीं, जिसके चलते लोगों ने सामूहिक रूप से पुलिस प्रशासन का दरवाजा खटखटाया। इस अवसर पर तुषार डोगरा, विशाल नड्डा, सत्यन शर्मा, लक्की शर्मा, अजीत, प्रवीण, संदीप, पूजा, चम्पा देवी, सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता से जांच कर क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। वहीं पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सुंगल में बाघ के आतंक से ग्रामीणों में दहशत, पालतू कुत्ते को बनाया शिकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के सुंगल क्षेत्र में बाघ (तेंदुए) की लगातार बढ़ती गतिविधियों से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। हाल ही में सुंगल गांव निवासी सतपाल डोगरा के पालतू कुत्ते को बाघ ने अपना शिकार बना लिया, जिसके बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में लोगों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार बाघ पिछले कुछ समय से आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास लगातार देखा जा रहा है। शाम ढलते ही लोग अपने घरों के दरवाजे बंद कर लेते हैं और अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बच रहे हैं। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर परिवारों में विशेष चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि अंधेरा होते ही पूरे क्षेत्र में सन्नाटा पसर जाता है और लोग भय के कारण घरों में ही दुबकने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सतपाल डोगरा का पालतू कुत्ता घर के समीप ही था, जिसे बाघ उठाकर ले गया। इस घटना के बाद पशुपालकों और पालतू पशु रखने वाले परिवारों में भी डर का माहौल है। लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते वन्यजीव को नियंत्रित नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ी घटना भी हो सकती है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए तथा बाघ को पकड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। लोगों का कहना है कि वन विभाग को प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाकर पिंजरे लगाने और विशेषज्ञ टीम भेजने की व्यवस्था करनी चाहिए।

# उपायुक्त ने जिप सदस्यों को दिलाई शपथ

## विकास और जनसेवा के प्रति निष्ठा से कार्य करने का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला परिषद बिलासपुर के नवनिर्वाचित सदस्यों ने आज पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कर अपने जनप्रतिनिधि दायित्वों की औपचारिक शुरुआत की। जिला मुख्यालय में आयोजित गरिमामय समारोह में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने सभी निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नव-निर्वाचित सदस्यों ने संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखते हुए क्षेत्र के समग्र विकास, पारदर्शी प्रशासन और जनकल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

समारोह के दौरान जिला परिषद के विभिन्न वार्डों से निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की विकासात्मक आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

जिला परिषद के जिन सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, उनमें बरमाणा वार्ड से अशोक कुमार शर्मा, नम्होल से सुरभि, जुखाला से लेखराम ठाकुर, स्वाहण से रतन, कोटखास से तरसेम सिंह, घंडालवीं से जमना देवी, गाहर से रक्षा कुमारी, कुठेड़ा से निशु देवी, ननावां से प्रमिला देवी, बड़गांव से नरेंद्र, रोहल से जरनेल सिंह, जेजवीं से आशा, जांगला से देवांश तथा बामटा से सपना कुमारी शामिल हैं।

उपायुक्त राहुल कुमार ने इस अवसर पर सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला परिषद ग्रामीण विकास व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी है और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से ही सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने सदस्यों से अपेक्षा जताई कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही जिला परिषद बिलासपुर के नए कार्यकाल का औपचारिक शुभारंभ हो गया है, जिससे जिले में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## मिनर्वा स्टडी सर्किल ने किया हिमक्वेस्ट 2026 का आगाज, टॉपर्स को मिलेगा इसरो जाने का मौका

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** मिनर्वा स्टडी सर्किल द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान हिम क्वेस्ट-2026 टैलेंट सर्च परीक्षा को आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर दिया गया है। इस विशेष कार्यक्रम में पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जिन्होंने मिनर्वा स्टडी सर्कल के मुख्य प्रबंध निदेशक राकेश चदेल के साथ मंच सांझा करते हुए इस प्रतिष्ठित परीक्षा का विधिवत शुभारंभ किया।

इस टैलेंट सर्च परीक्षा का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में छिपी हुई प्रतिभाओं और होनहार छात्रों की खोज करना तथा उन्हें आगे बढ़ने का मजबूत मंच प्रदान करना है। हिमक्वेस्ट 2026 रजिस्ट्रेशन अब आधिकारिक तौर पर शुरू हो चुके हैं और इच्छुक छात्र इसकी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। यह परीक्षा पूरे हिमाचल में 27 सितंबर 2026 को पूरी तरह से ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी, जिसमें कक्षा 8वीं से 10वीं के छात्र और कक्षा 11वीं व 12वीं के विज्ञान स्ट्रीम के छात्र भाग ले सकते हैं। इस टैलेंट सर्च परीक्ष ा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्रों के लिए राज्यस्तर पर बेहद आकर्षक पुरस्कारों और ट्यूशन फीस पर मिलने वाली भारी स्कॉलरशिप की घोषणा की गई है। इसके तहत सभी कक्षाओं में प्रथम रैंक हासिल करने वाले छात्रों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण पर जाने का अभूतपूर्व अवसर मिलेगा, साथ ही उन्हें ट्यूशन फीस पर शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जाएगी। वहीं, द्वितीय रैंक लाने वाले छात्रों को शानदार लैपटॉप और 75 प्रतिशत स्कॉलरशिप, तृतीय रैंक हासिल करने वालों को टैबलेट और 50 प्रतिशत स्कॉलरशिप तथा चैथी व पांचवीं रैंक पाने वाले छात्रों को स्मार्ट वॉच और 40 प्रतिशत स्कॉलरशिप से नवाजा जाएगा।

प्रतिभाओं को और प्रोत्साहित करने के लिए छठी से दसवी रैंक तक 30 प्रतिशत स्कॉलरशिप ग्यारहवीं से बीसवीं रैंक तक 25 प्रतिशत स्कॉलरशिप और इक्कीसवीं से पचासवीं रैंक तक के छात्रों को 15 प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ-साथ आकर्षक गिफ्ट हैं पर दिए जाएंगे, जबकि 51वींसे 150वी रैंक हासिल करने वाले छात्रों को भी ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त राज्यस्तरीय पुरस्कारों के साथ् ाही हर जिले के डिस्ट्रिक्ट टॉपर को एक डिजिटल राइटिंग पैड देकर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

## रेल विकास मुद्दों पर सोनल ने उठाई आवाज, हिमाचल के कई प्रोजेक्ट्स पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नॉर्दर्न रेलवे की डिविजनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी की बैठक में सदस्य सोनल शर्मा ने हिमाचल प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण रेल मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सदस्य मनोनीत किए जाने पर हमीरपुर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

बैठक में सोनल शर्मा ने भानुप्पली-बिलासपुर-बैरी रेल लाइन परियोजना की प्रगति, लागत और निर्माण कार्य की स्थिति, अम्ब-अंदौरा रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित वाशिंग लाइन, ऊना रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा दौलतपुर चौक-तलवाड़ा रेल लाइन निर्माण की प्रगति संबंधी मुद्दे उठाए।

इसके अलावा उन्होंने हिमाचल एक्सप्रेस को मथुरा या आगरा तक विस्तारित करने, बांद्रा-चंडीगढ़ एक्सप्रेस को अम्ब-अंदौरा तक बढ़ाने तथा दौलतपुर चौक से हरिद्वार-देहरादून तक नियमित रेल सेवा शुरू करने की मांग भी रखी। सोनल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के रेल नेटवर्क के विस्तार और यात्रियों की सुविधाओं में सुधार के लिए इन मांगों का पूरा होना आवश्यक है। रेलवे अधिकारियों ने उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक विचार कर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज करेगी हिमाचल किसान एवं जन कल्याण सभा



बैठक में उपस्थित प्रदेशाध्यक्ष बृज लाल, पदाधिकारी व सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** हिमाचल किसान एवं जन कल्याण सभा की प्रदेश स्तरीय बैठक घुमारवीं में प्रदेश अध्यक्ष बृज लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को जिला, उपमंडल और पंचायत स्तर तक मजबूत बनाने तथा प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में संगठन के कानूनी सलाहकार एडवोकेट देव राज राणा को सदस्यता अभियान को गति देने और संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने कहा कि किसानों, बेरोजगार युवाओं और आम जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए मजबूत जनमंच की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष बृज लाल शर्मा ने कहा कि किसानों को आवारा पशुओं से फसलों के नुकसान, स्मार्ट मीटरों को लेकर लोगों की आशंकाओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित बंदोबस्त कार्य जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इन मुद्दों के समाधान के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन प्रदेशभर में जनजागरण अभियान चलाएगा तथा विभिन्न जिलों में बैठकें और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा। जनहित के मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई न होने की स्थिति में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन चलाने पर भी विचार किया जाएगा।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राम प्रकाश वशिष्ठ, एडवोकेट देव राज राणा, एडवोकेट सुनील कुमार, एडवोकेट दीनानाथ, सुमन भारद्वाज, सोम प्रकाश संख्यान, सीताराम शर्मा सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 80 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 11 और 12 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिला रोजगार अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय बालू चंबा की ओर से तीसा और भरमौर में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जा रहे हैं। सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड, आरटीए हमीरपुर के माध्यम से सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइज़र के 80 पद भरे जाएंगे। 11 जून को उप रोजगार कार्यालय तीसा तथा 12 जून को पंचायत घर भरमौर में साक्षात्कार होंगे। इन पदों के लिए केवल पुरुष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक, आयु 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई कम से कम 165 सेंटीमीटर तथा वजन 56 से 95 किलोग्राम निर्धारित किया गया है। चयनित उम्मीदवारों को एक माह के प्रशिक्षण के बाद 19,000 से 24,000 रुपये मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। नियुक्तियां हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के विभिन्न स्थानों पर होंगी। इच्छुक अभ्यर्थी सभी मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो, रोजगार पंजीकरण प्रमाण पत्र और बायोडाटा के साथ सुबह 11 बजे निर्धारित स्थल पर उपस्थित हों।

### चंबा में 100 पदों के लिए 12 को होंगे इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिला रोजगार अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय बालू, चंबा द्वारा 12 जून को कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के तहत बार्बीक्यू नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड लगभग 100 रिक्त पदों को भरेगी। इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय बालू में आयोजित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं अथवा डिप्लोमा निर्धारित की गई है तथा आयु सीमा 18 से 30 वर्ष रखी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 19,600 रुपये प्रतिमाह (सीटीसी) वेतन के साथ निःशुल्क भोजन एवं आवास, पीएफ, ईएसआई, इंसेंटिव तथा अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को ऑन-जॉब ट्रेनिंग के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से होटल मैनेजमेंट में निःशुल्क डिप्लोमा अथवा डिग्री प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड प्रमाण-पत्र तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो साथ लाने होंगे। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7009060387 पर संपर्क किया जा सकता है।

### बच्चे भी उठा सकते हैं मुफ्त कानूनी सहायता का लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंबा के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एकांश कपिल ने बताया कि आम लोगों को न्याय सुलभ बनाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं आरंभ की हैं। इन योजनाओं में मुफ्त कानूनी सहायता योजना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में नालसा ने बच्चों के लिए भी चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रेन स्कीम 2024 आरंभ की है, जिसके तहत हर बच्चे के लिए मुफ्त कानूनी सहायता का प्रावधान किया गया है। वहीं, बच्चों को जानकारी पाने का अधिकार, अपना पक्ष रखने तथा उसके पक्ष को गंभीरता से सुनने तथा गोपनीयता का अधिकार दिया गया है। मुफ्त कानूनी सहायता के लिए नालसा ने टोल फ्री नंबर 15100 पर हेल्पलाइन आरंभ की है। इसके अलावा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर भी संपर्क किया जा सकता है, जबकि दिव्यांगों को भी मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए 14456 हेल्पलाइन नंबर आरंभ किया है।

### पुर्थी-छौ सड़क पर 9 से 11 जून तक रहेगा यातायात बंद

**अनंत ज्ञान, पांगी।** आवासीय आयुक्त पांगी एवं जिला दंडाधिकारी अमनदीप सिंह ने बताया कि विद्युत उप-मंडल साच के अंतर्गत पुर्थी से छौ तक लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी 33 केवी भूमिगत केबल बिछाने का कार्य किया जाएगा। इस कारण पुर्थी-छौ सड़क मार्ग पर वाहनों की आवाजाही तीन दिनों तक प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 9, 10 और 11 जून 2026 को प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। हालांकि एम्बुलेंस, पुलिस और अग्निशमन सेवाओं जैसे आपातकालीन वाहनों को छूट दी गई है। एचपीएसईबीएल को प्रमुख स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे यात्रा की योजना बनाते समय इस प्रतिबंध को ध्यान में रखें और सहयोग प्रदान करें।

# गुज्जर बहुल क्षेत्रों में खोले जाएं नए स्कूल

## गुज्जर कल्याण सभा ने डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** जिला गुज्जर कल्याण सभा चंबा का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष हसन दीन की अध्यक्षता में उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से मिला और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नाम एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने गुज्जर कल्याण बोर्ड की बैठक शीघ्र आयोजित करने की मांग करते हुए समुदाय से जुड़े विभिन्न लंबित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

ज्ञापन में कहा गया कि गुज्जर कल्याण बोर्ड के गठन को लगभग एक वर्ष का समय बीत चुका है, लेकिन आज तक बोर्ड की एक भी बैठक आयोजित नहीं की गई है, जबकि बोर्ड के सदस्यों द्वारा विभिन्न विकासात्मक और जनहित के मुद्दों से संबंधित एजेंडे सरकार को भेजे जा चुके हैं। बैठक न होने के कारण इन मांगों और प्रस्तावों पर कोई ठोस चर्चा नहीं हो पाई है।



गुज्जर भवन और जनजाति भवन में समुदाय को प्राथमिकता देने सहित कई मांगें उठाई। अनंत ज्ञान

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि गुज्जर बहुल क्षेत्रों में नए स्कूल खोले जाएं तथा शिक्षा सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए, ताकि दूरदराज के क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सके। इसके अलावा चंबा मुख्यालय में गुज्जर भवन के निर्माण की मांग भी उठाई गई, जिससे समुदाय की सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि चंबा स्थित जनजाति भवन में गद्दी और गुज्जर समुदाय को प्राथमिकता के आधार पर स्थान उपलब्ध करवाया जाए, क्योंकि दोनों समुदाय जनजातीय वर्ग से संबंधित हैं और ऐसे भवनों का उद्देश्य भी जनजाति समाज के हितों की पूर्ति करना है। सभा पदाधिकारियों ने कहा कि गुज्जर समुदाय के विकास, शिक्षा, रोजगार, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े अनेक मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं। इन पर प्रभावी निर्णय लेने के लिए गुज्जर कल्याण बोर्ड की बैठक जल्द बुलाना आवश्यक है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और ज्ञापन को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महासचिव मोहम्मद रफी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शमाउन खान, प्रेस सचिव अलादिता, ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद आवास, प्रवक्ता बशीर भट्टी, उपाध्यक्ष गुलाम नवी, बुरे हसन, रुकम दीन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जनगणना ड्यूटी के अतिरिक्त बोझ से अध्यापक परेशान

◆ प्रवक्ता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से लगाई गुहार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** हिमाचल प्रदेश प्रवक्ता संघ जिला चंबा के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को उपायुक्त चंबा से मुलाकात कर जनगणना कार्य में लगाए गए शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि प्रवक्ताओं को प्रगणक, पर्यवेक्षक सहित विभिन्न गैर-शैक्षणिक जिम्मेदारियों में लगाया जा रहा है, जिससे उन्हें विद्यालय समय के साथ-साथ अतिरिक्त कार्य भी करना पड़ रहा है और इस कारण उन पर मानसिक एवं शारीरिक दबाव बढ़ रहा है।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन यदि उनका अधिकांश समय गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगेगा तो इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 'शिक्षक कोई रोबोट नहीं हैं' और उनसे लगातार अतिरिक्त कार्य लेना उचित नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि दूरदराज क्षेत्रों में तैनात शिक्षकों को परिवहन सुविधा की कमी के कारण अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में शिक्षण कार्य और जनगणना जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाना कठिन हो गया है। प्रवक्ता संघ ने मांग की कि जनगणना कार्य को केवल कार्यालय समय तक सीमित रखा जाए, ऑफ-ऑवर ड्यूटी तत्काल बंद हो, अतिरिक्त कार्य के लिए उचित विश्राम एवं मुआवजा दिया जाए तथा शिक्षकों को पर्याप्त परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। साथ ही शिक्षण कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए संतुलित व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की गई। संघ ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो शिक्षक पुनः एकत्रित होकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के लिए बाध्य होंगे।

# खजियार दुनिया के श्रेष्ठ पर्यटक स्थलों में शुमार : ज्ञानेश कुमार



मुख्य निर्वाचल आयुक्त ज्ञानेश ने उठाया खजियार की खूबसूरती का आनंद।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को सुबह सपरिवार सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल खजियार की खूबसूरती का आनंद लिया।

उन्होंने कहा कि विश्व विख्यात पर्यटक स्थल खजियार दुनिया के श्रेष्ठ खूबसूरत पर्यटक स्थलों में से एक है तथा यहां की शांत वादियां, स्वच्छ वातावरण तथा मनमोहक खूबसूरती का दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार व जिला प्रशासन का मेहमान बाजी व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्य चुनाव आयुक्त इसके उपरांत खजियार से जिला कांगड़ा के लिए रवाना हुए। इस दौरान डीसी मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी, अतिरिक्त उपायुक्त अमित मेहरा, एसडीएम प्रियांशु खाती,हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन मुरारी लाल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# मामलों को आपसी सहमति से निपटाने का मौका, 31 जुलाई तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण चंबा एकांश कपिल ने बताया कि आम लोगों को सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान का शुभारंभ 21 अप्रैल 2026 को हुआ था, जिसके तहत लंबित मामलों का निपटारा आपसी सहमति, संवाद और मध्यस्थता के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान का समापन 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष लोक अदालतों के साथ होगा। वर्तमान में राज्य, जिला, तालुका और उच्च न्यायालय स्तर के मध्यस्थता केंद्रों में सुलह एवं मध्यस्थता बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिनमें पक्षकार व्यक्तिगत अथवा वर्चुअल माध्यम से भाग ले सकते हैं। एकांश कपिल ने अधिवक्ताओं और संबंधित पक्षकारों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि मामलों को विशेष लोक अदालत में शामिल करने के लिए गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया गया है। इच्छुक पक्षकार 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। किसी भी सहायता या जानकारी के लिए समाधान समारोह के वन स्टॉप सेंटर के दूरभाष नंबर 011-23115652, 011-23116464 तथा सीआरपी निदेशक के नंबर 011-23116465 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जनगणना की तैयारियों में तेजी, भरमौर कॉलेज में मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण




ज्ञापन सौंपते प्रभावित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के सफल एवं प्रभावी संचालन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच का समापन सोमवार को राजकीय महाविद्यालय भरमौर में हुआ। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ 5 जून को हुआ था।

इस बैच में पर्यवेक्षक व प्रगणकों को आगामी किए जाने वाले मकान सूचीकरण के लिए प्रशिक्षित किया गया, जिसमें 32 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ. राजिंद्र सिंह सहायक प्राध्यापक इतिहास और विशाल माहिर सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र राजकीय महाविद्यालय भरमौर ने भूमिका निभाई। इस तीन दिवसीय सत्र में प्रशिक्षुओं को जनगणना संबंधी सभी पहलुओं से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ उपमंडल अधिकारी भरमौर विकास शर्मा ने किया था। उन्होंने आम जनता से स्वगणना करने की अपील की है। हिमाचल प्रदेश में जनगणना के प्रथम सत्र का आगाज 16 जून से होगा जो 15 जुलाई तक रहेगा जबकि आम जनता 1 जून से 15 जून तक स्वगणना द्वारा अपनी जानकारी स्वयं se.cencus.gov.in आधिकारिक लिंक में जाकर कर सकते हैं। प्रथम सत्र के समापन समारोह में तहसीलदार भरमौर तेज राम भारद्वाज उपस्थित रहे।

### सीचेवाल ने गुरु साहिब के दिखाए रास्ते पर चलने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** पंजाब सरकार द्वारा कपूरथला के गुरु नानक स्टेडियम में श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित एक बड़ा कीर्तन कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। संतों और महापुरुषों की देखरेख में आयोजित होने वाले सालाना कार्यक्रमों की लड़ी में यह तीसरा बड़ा कीर्तन दरबार था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर गुरबानी कीर्तन सुना। राज्यसभा सदस्य संत बाबा बलबीर सिंह सीचेवाल ने खास तौर पर शामिल होकर पंजाब सरकार की इस पहल की तारीफ़ की और कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी की अनमोल शिक्षाओं और पवित्र बाणी को घर-घर तक पहुंचाने के लिए यह बहुत ही सराहनीय कदम है। उन्होंने भक्तों को गुरु साहिब के दिखाए रास्ते पर चलने का न्यौता दिया। पंजाब के कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि हम सब बहुत खुशकिस्मत हैं कि हमें इतिहास के इस महान दौर का हिस्सा बनने का मौका मिला है।

# धक्केशाही व बदले की राजनीति कर रही है पंजाब सरकार: बलबीर सिद्धू

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बलवीर सिंह सिद्धू की अगुवाई में पंजाब सरकार की जनविरोधी नीतियों, धक्केशाही और बढ़ती गुंडागर्दी के खिलाफ आयोजित धरने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सेक्टर-78 से सेक्टर-79 स्थित विधायक कुलवंत सिंह के कार्यालय की ओर विरोध मार्च निकाला। हालांकि रास्ते में भारी पुलिस बल तैनात कर प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए बलबीर सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथों में पंजाब सरकार और आम आदमी पार्टी की नाकामियों को उजागर करने वाले बैनर और तख्तियां थीं। विरोध जताते हुए कार्यकर्ताओं ने सड़क पर झाड़ू बिखेरकर यह संदेश दिया कि जिस प्रकार आज झाड़ू सड़क पर बिखरी है, उसी प्रकार आगामी विधानसभा चुनावों में पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी को बिखेर देगी।



उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग सरकार की नाकामियों, झूठे वादों और तानाशाही रवैये से तंग आ चुके हैं। सिद्धू ने आरोप लगाया कि पंजाब में लोकतांत्रिक मूल्यों को लगातार कुचला जा रहा है और आम आदमी पार्टी की सरकार हर उस आवाज़ को दबाने में लगी हुई है जो उसकी नाकामियों और जनविरोधी फैसलों के खिलाफ बोलती है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले टांडा के कांग्रेस कार्यकर्ता अरशदीप सिंह को झाड़ू की कथित 'बेअदबी' के नाम पर गिरफ्तार करना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि पंजाब सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों को डराने और दबाने के लिए पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि किसी राजनीतिक दल के चुनाव चिन्ह से जुड़े मामले में तुरंत कार्रवाई हो सकती है, तो फिर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी के वास्तविक दोषियों को आज तक सजा क्यों नहीं मिली?

सिद्धू ने कहा कि पंजाब सरकार विपक्षी दलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, कर्मचारी संगठनों और आम लोगों की जायज मांगों को सुनने के बजाय उनकी आवाज़ दबाने का प्रयास कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है।

### सीनियर पुरुष क्रिकेट खिलाड़ियों के चयन ट्रायल 11 जून को

**अनंत ज्ञान, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन मोहाली (डीसीएएम) द्वारा सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम के लिए चयन ट्रायल गुरुवार, 11 जून को डीसीए ग्राउंड, फेज-9, मोहाली (पी.सी.ए. स्टेडियम मोहाली के पीछे) में आयोजित किए जाएंगे। सभी खिलाड़ियों के लिए रिपोर्टिंग का समय प्रात: 9:30 बजे निर्धारित किया गया है। निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले खिलाड़ियों को ट्रायल में भाग लेने तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डी.सी.ए.एम. के सचिव श्री मनजिंदर सिंह बैदवान ने कहा कि एसोसिएशन जिले के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों की पहचान करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी पात्र खिलाड़ियों से ट्रायल में भाग लेने की अपील की। खिलाड़ियों को सलाह दी जाती है कि वे रिपोर्टिंग के समय अपनी आयु, शैक्षणिक योग्यता, निवास तथा अन्य पात्रता संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेज अपने साथ लेकर आएं। अधिक जानकारी के लिए खिलाड़ी जिला क्रिकेट एसोसिएशन मोहाली से संपर्क कर सकते हैं।

# चंडीगढ़ में जन औषधि केंद्र का उद्घाटन संजय टंडन ने बताया जनहितकारी पहल



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य संजय टंडन ने आज चंडीगढ़ के सेक्टर-20 में नवस्थापित जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। यह पहल उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयों को किफायती दरों पर उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और सस्ता बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

इस अवसर पर टंडन ने कहा, 'जन औषधि योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रत्येक नागरिक तक सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह केंद्र विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, क्योंकि यहां गुणवत्तापूर्ण दवाइयां बाजार मूल्य से 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध होंगी।'

टंडन ने इस जनकल्याणकारी केंद्र की स्थापना के लिए मोहित चावला और उनकी धर्मपत्नी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा स्थानीय निवासियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह केंद्र क्षेत्र के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संसाधन के रूप में उभरेगा और स्वस्थ तथा सशक्त भारत के निर्माण के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# पूर्व छात्रों व अभिभावकों का साझा मंच रयात बाहरा यूनिवर्सिटी में प्रेरक सम्मेलन

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह।** रयात बाहरा विश्वविद्यालय ने अपने स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज एंड साइंसेज के तहत एलुमनाई-पैरेंट कॉन्फ्रेंस 2026 का आयोजन किया, जिसमें पूर्व छात्रों, अभिभावकों, स्नातक विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों को एक साझा मंच पर एकत्रित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य संस्थागत संबंधों को मजबूत करना, शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना तथा सार्थक संवाद को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों के गर्मजोशीपूर्ण स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात अभिभावकों और पूर्व छात्रों द्वारा ज्ञान एवं प्रकाश के प्रतीक पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन समारोह का आयोजन किया गया।

डीन प्रो. (डॉ.) सिमरजीत कौर ने शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने में पूर्व छात्रों और अभिभावकों की सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की वास्तविक सफलता उसके स्नातकों की उपलब्धियों में परिलक्षित होती है।




चांसलर गुरविंदर सिंह बाहरा ने विश्वविद्यालय के उस दृष्टिकोण को दोहराया, जिसके तहत ज्ञान, नैतिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता से युक्त वैश्विक स्तर के दक्ष पेशेवर तैयार किए जाते हैं।

उन्होंने पूर्व छात्रों की सराहना करते हुए उन्हें विश्वभर में विश्वविद्यालय के ब्रांड एंबेसडर बताया। वाइस-चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक नवाचार, अनुसंधान उत्कृष्टता और उद्योगोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से उभरती वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर डीन एलुमनाई रिलेशंस डॉ. प्रिंस वोहरा ने विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन, पेशेवर नेटवर्किंग और करियर विकास के अवसरों को बढ़ावा देने में पूर्व छात्रों की निरंतर भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया।

सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण 'सक्सेस स्टोरी शेयरिंग सेशन' रहा, जिसमें पूर्व छात्रों और स्नातक विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक यात्राओं, पेशेवर उपलब्धियों और व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया। उनकी संघर्ष और सफलता की कहानियों ने उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान चांसलर और अभिभावकों के बीच एक संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्र कल्याण पहलों, करियर संभावनाओं और भविष्य की विकास योजनाओं पर चर्चा की गई।

# कैंसर से जंग जीत चुके मरीजों और उनके परिवारों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** सोहाना अस्पताल, सेक्टर-77, मोहाली द्वारा नेशनल कैंसर सर्वाइवर्स डे उत्साह और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर कैंसर से जंग जीत चुके मरीजों और उनके परिवारों का विशेष सम्मान किया गया।

रेडिसन रेड होटल में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें कैंसर सर्वाइवर्स, उनके परिवारजनों और डॉक्टरों ने भाग लिया। संगीत, नृत्य, खेलों और प्रेरणादायक अनुभवों की साझेदारी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. गौतम गोयल ने कहा कि बेहतर इलाज केवल दवाइयों तक सीमित नहीं होता, बल्कि उपचार खर्चों में पारदर्शिता और मरीजों का विश्वास जीतना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सर्वाइवर बनने की शुरुआत तब होती है जब मरीज डर के बजाय उम्मीद को चुनता है। मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सोनिया ढाका ने कहा कि प्रत्येक कैंसर सर्वाइवर साहस, विश्वास और आशा का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज, परिवार का सहयोग और आधुनिक तकनीक की मदद से कैंसर का सफलतापूर्वक मुकाबला किया जा सकता है।

ट्रस्ट सचिव सरदार गुरमीत सिंह ने कहा कि नई और आधुनिक उपचार पद्धतियों के कारण कैंसर उपचार के परिणाम लगातार बेहतर हो रहे हैं, लेकिन जागरूकता ही इस बीमारी के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने पंजाब में बढ़ते कैंसर मामलों को देखते हुए लोगों से समय पर जांच करवाने की अपील की।

रोबोटिक कैंसर सर्जन डॉ. श्याम सुंदर त्रेहन ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी की सहायता से जटिल ऑपरेशन अधिक सटीकता के साथ किए जा रहे हैं, जिससे मरीजों की रिकवरी भी तेज हो रही है। मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. नितिश गर्ग ने कहा कि अब प्रत्येक मरीज की आवश्यकता के अनुसार व्यक्तिगत उपचार योजनाएं तैयार की जाती हैं।

# पंजाब में बिजली कटौती जल्द ही बन जाएगी बीते समय की बात: तरुनप्रीत

अनंत ज्ञान

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री अमन अरोड़ा तथा बिजली मंत्री स तरुनप्रीत सिंह सौंद ने फोकल प्वाइंट, मुबारकपुर में नवनिर्मित व चालू किए गए 66 केवी ग्रिड सब-स्टेशन का उद्घाटन किया।

उल्लेखनीय है कि लगभग 9.60 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह 66 केवी ग्रिड सब-स्टेशन मुबारकपुर, डेराबस्सी और लालड़ू के तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक एवं आवासीय क्षेत्रों के बिजली बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। 40 एमवीए क्षमता से सुसज्जित यह ग्रिड बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता में महत्वपूर्ण सुधार करेगा ।

जनसभा को संबोधित करते हुए उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि कोई भी राज्य औद्योगिक विकास के बिना प्रगति नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रगतिशील नीतियों और



उद्योग-अनुकूल पहलों के माध्यम से पंजाब को उद्योग और निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य में बदल दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पंजाब चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 65,000 करोड़ रुपये के निवेश लक्ष्य को पार कर जाएगा। उन्होंने उद्योगपतियों के सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने घोषणा की कि औद्योगिक प्लॉटों से संबंधित निर्णय आगामी सप्ताह में लिया जाएगा, जबकि फोकल प्वाइंट के प्रवेश द्वार को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि लेबर इंस्पेक्टर की मैपिंग जीरकपुर के बजाय डेराबस्सी से करने तथा रामगढ़ रोड के नवीनीकरण से जुड़े मुद्दों का भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। सौंद ने औद्योगिक विकास के लिए पंजाब सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न महत्वपूर्ण कदमों पर प्रकाश डाला।

इनमें औद्योगिक प्लॉटों को नियमित करने के लिए ओटीएस योजना, प्लॉट संबंधी मामलों के लिए अपीलीय प्राधिकरण की स्थापना, प्लॉटों की क्लबिंग और डी-क्लबिंग की सुविधा, लीजहोल्ड प्लॉटों को फ्रीहोल्ड में बदलना, भवन उपविधियों में संशोधन तथा 26 औद्योगिक फोकल प्वाइंटों को स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी निगरानी, पेयजल, एसटीपी और अतिरिक्त बिजली जैसी सुविधाओं से सुसज्जित करना शामिल है। राज्य सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पंजाब के बिजली ढांचे को युद्ध स्तर पर उन्नत कर रही है और जल्द ही बिजली कटौती राज्य में अतीत की बात बन जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव में बिखरी लोक संस्कृति की छटा, कलाकारों ने बांधा समां

## स्कैंडल प्वाइंट से रिज मैदान तक रौनक; पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों पर झूमे पर्यटक, शबाब साबरी की सूफियाना प्रस्तुति ने बिखेरा जादू

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव का आगाज रंग-बिरंगे रंगों के साथ शुरू हो गया। सोमवार को राजधानी में रंगों, लोक संस्कृति, संगीत व उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही हिल्स क्वीन शिमला का ऐतिहासिक रिज मैदान, स्कैंडल प्वाइंट और माल रोड उत्सवी माहौल में सराबोर दिखाई दिए। हिमाचल की समृद्ध लोक परम्पराओं को जीवंत करते कलाकारों ने पारम्परिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों से ऐसा समां बांधा कि स्थानीय लोगों के साथ-साथ देश-विदेश से आए पर्यटक भी मंत्रमुग्ध हो उठे। स्कैंडल प्वाइंट के समीप लोक कलाकारों ने कर्नाल, रणसिंघा, ढोल, नगाड़ों और अन्य पारम्परिक वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों की वेशभूषा, लोकधुनों और सांस्कृतिक रंगों ने पूरे क्षेत्र को हिमाचली संस्कृति के जीवंत मंच में बदल दिया।

पर्यटक कलाकारों के साथ तस्वीरें खिंचवाते और वीडियो बनाते नजर आए, जबकि बच्चों और युवाओं ने भी कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

ग्रीष्मोत्सव के पहले दिन फ्लावर फेस्टिवल, श्यामला कवि सम्मेलन और रंग महोत्सव ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। दिनभर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के बीच शहर में उत्सव की विशेष चहल-पहल बनी रही। माल रोड और रिज मैदान पर शाम ढलते ही दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा क्षेत्र रोशनी तथा सांस्कृतिक रंगों से जगमगा उठा।



अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के प्रथम दिन पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों संग प्रस्तुति देते लोक कलाकार।

रात को आयोजित स्टार नाइट में प्रसिद्ध सूफी गायक शबाब साबरी ने अपनी दमदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। उनके लोकप्रिय सूफी गीतों और कव्वालियों पर हजारों दर्शक झूम उठे। जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ता गया, उत्साह और रोमांच भी चरम पर पहुंचता गया। रिज मैदान तालियों और वाहवाही से गूंज उठा तथा शिमला की वादियों में संगीत की मधुर स्वर लहरियां देर रात तक तैरती रहीं। कलाकार की प्रस्तुति ने ग्रीष्मोत्सव के पहले दिन को यादगार बना दिया। आयोजकों के अनुसार 12 जून तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में प्रतिदिन सांस्कृतिक, साहित्यिक और मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आने वाले दिनों में विभिन्न राज्यों के कलाकारों के साथ स्थानीय लोक कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। जिला प्रशासन को उम्मीद है कि इस बार ग्रीष्मोत्सव में बड़ी संख्या में पर्यटक भाग लेंगे और शिमला की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

### आज भी सजेंगे संस्कृति और मनोरंजन के रंग

**ग्रीष्मोत्सव** के आगामी कार्यक्रमों में लोकनृत्य, संगीत संध्याएं, कला प्रदर्शनियां, युवा प्रतिभाओं की प्रस्तुतियां तथा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजकों ने लोगों से बड़ी संख्या में कार्यक्रमों में शामिल होकर हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा बनने का आह्वान किया है।

# खेलों से युवा शक्ति को देंगे नई दिशा : सीएम

## मुख्यमंत्री ने संजौली में 3.18 करोड़ रुपए से बने बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक संजौली मैदान में सोमवार को खेल, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के एक नए अध्याय का साक्षी बनते हुए प्रदेश को एक बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यहां 3.18 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम का उद्घाटन किया। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस स्टेडियम में खुला खेल मैदान, ओपन हॉल, रसोईघर तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई गई हैं, जिससे युवाओं को बेहतर खेल वातावरण मिल सकेगा। अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला के अंतर्गत आयोजित हिमाचल प्रदेश की पहली 'चिट्टा जागरूकता वॉलीबॉल प्रतियोगिता' का शुभारंभ भी मुख्यमंत्री ने किया। उन्होंने प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण करते हुए विजेता टीम को एक लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। प्रदेश के



संजौली में बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम का उद्घाटन करने के बाद खिलाड़ियों के साथ सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

विभिन्न जिलों से पहुंची 13 टीमों ने मार्चपास्ट में भाग लिया, जिसकी सलामी मुख्यमंत्री ने ली। इस अवसर पर खिलाड़ियों और युवाओं को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को खेलों से जोड़कर नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के लिए निरंतर

**◆ हिमाचल प्रदेश की पहली 'चिट्टा जागरूकता वॉलीबॉल स्पर्धा' का शुभारंभ, विजेता को एक लाख**

कार्य कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि संजौली मैदान के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए विभिन्न कार्य किए जाएंगे। साथ ही क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जाएगा तथा प्रसिद्ध संजौली होली मेले को जिला स्तरीय मेले का दर्जा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर की 'खेलो इंडिया' प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए सरकार गंभीर प्रयास कर रही है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि पहले ही बढ़ाई जा चुकी है और शीघ्र ही राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए भी नई प्रोत्साहन नीति लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिमला के निकट घटासनी में लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक स्टेडियम का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

### खिलाड़ियों के हित में सरकार के बड़े फैसले

**अपने** छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह खिलाड़ियों की आवश्यकताओं और चुनौतियों को भलीभांति समझते हैं। इसी सोच के तहत खिलाड़ियों की डाइट मनी में वृद्धि की गई है। अब प्रदेश के भीतर प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रतिदिन 400 रुपए तथा राज्य से बाहर प्रतियोगिताओं में भाग लेने वालों को 500 रुपए प्रतिदिन दिए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 200 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा के लिए हवाई यात्रा की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

## नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार और गुटबाजी के लगाए आरोप

# हार छिपाने को झूठ बोल रहे सीएम : जयराम

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर चुनावी हार की असफलता छिपाने के लिए झूठ का सहारा लेने का आरोप लगाया है। मंडी जिला परिषद के नवनिर्वाचित भाजपा समर्थित 29 सदस्यों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में जयराम ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार 12 में से 10 जिला परिषदों में भाजपा समर्थित नेतृत्व बनने जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू और कांग्रेस नेता नीरज भारती के बीच चल रही बयानबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दोनों नेताओं की टिप्पणियों ने सरकार के नशामुक्त अभियान की पोल खोल दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि नीरज भारती नशे के आदी थे तो कांग्रेस ने उन्हें लंबे समय तक पार्टी का उपाध्यक्ष क्यों बनाए रखा। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा पर गुटबाजी के आरोप लगाने वाले मुख्यमंत्री स्वयं एक गुट की सरकार चला रहे हैं, जबकि कांग्रेस के भीतर ही वरिष्ठ नेता सरकार के खिलाफ खुलकर बोल रहे हैं।



मंडी जिला परिषद के नवनिर्वाचित भाजपा समर्थित 29 सदस्यों के साथ जयराम ठाकुर।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिन बातों की चर्चा पहले चौक-चौराहों पर होती थी, अब उन्हें कांग्रेस के नेता भी सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं। जयराम ने दावा किया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और इसकी वजह से हिमाचल की छवि प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि मंडी जिला परिषद की 36 सीटों में से 25 पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार जीते थे, जबकि बाद में कुछ अन्य सदस्य भी समर्थन में आने से संख्या बढ़कर 29 हो गई। उन्होंने इसे भाजपा के प्रति जनता के विश्वास का प्रमाण बताया। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने गृह जिला हमीरपुर और विधानसभा क्षेत्र नादौन में भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने दावा किया कि स्थानीय निकाय और पंचायती राज चुनावों के नतीजे सुक्खू सरकार के खिलाफ जनमत हैं और इसका असर 2027 के विधानसभा चुनावों में भी दिखाई देगा। इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा, विनोद कुमार, पूर्ण चंद, प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा और भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद सहित अन्य नेता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवाओं को यूएई में नौकरी का सुनहरा मौका

**अनंत ज्ञान ,ऊना/मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से प्रदेश के 10वीं पास युवाओं को विदेश में रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा व मंडी जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहानने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात की किंग्सटन होल्डिंग कंपनी में जनरल हेल्पर/ फैक्टरी हेल्पर के विभिन्न पद भरे जाएंगे। इसके लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 12 जून, 2026 तक ऑनलाइन लिंक के माध्यम से अपना पंजीकरण कर सकते हैं। अभ्यर्थी की आयु 21 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा वैध पासपोर्ट अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 1375 दिरहम प्रतिमाह आय प्राप्त होगी, जिसमें 1075 दिरहम मासिक वेतन तथा प्रतिदिन 3 घंटे के ओवरटाइम से लगभग 300 दिरहम अतिरिक्त आय शामिल है (भारतीय रुपए के हिसाब से लगभग 35,681 रुपए प्रतिमाह)। इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा आवास, कंपनी की नीति के अनुसार मेडिकल बीमा, प्रत्येक दो वर्ष में एक बार हवाई टिकट तथा दुबई श्रम कानून के अनुसार ग्रेच्युटी की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 12 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

### नगर परिषद सुंदरनगर के 13 पार्षदों ने ली शपथ

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को गरिमामयी माहौल में संपन्न हुआ। एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने सभी नए चुनकर आए पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।शपथ ग्रहण के साथ ही नगर परिषद का नया कार्यकाल औपचारिक रूप से प्रारंभ हो गया। समारोह के दौरान सभी पार्षदों में अपने-अपने वार्डों के विकास कार्यों को लेकर उत्साह देखने को मिला। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद परिषद के आगामी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर भी स्थिति साफ हो गई है। आगामी 15 जून को सर्वसम्मति से तय की गई तारीख पर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा। एसडीएम अमर नेगी ने बताया कि नगर परिषद एक्ट में हुए नए संशोधनों के तहत इस बार चुनाव के लिए उपयुक्त तिथि का चयन किया जाना था। शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रशासन ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान सभी पार्षदों की सर्वसम्मति से आगामी 15 जून की तारीख चुनाव के लिए तय की गई है।

### अनुशासनहीनता पर कांग्रेस पार्टी सख्त : जिंटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस ने पार्टी के भीतर अनुशासनहीनता और वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशों का हवाला देते हुए संगठन महामंत्री विनोद जिंटा ने कहा कि पार्टी की छवि और नेतृत्व को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ संगठनात्मक नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विनोद जिंटा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मीडिया और सोशल मीडिया में पार्टी के एक पूर्व पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा केंद्रीय नेतृत्व के खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार, तथ्यहीन और भ्रामक हैं। उन्होंने कहा कि इन आरोपों में तनिक भी सच्चाई नहीं है और यह केवल मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने तथा प्रदेश सरकार को बदनाम करने की सोची-समझी कोशिश प्रतीत होती है। जिंटा ने कहा कि कांग्रेस एक अनुशासित संगठन है और प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता को संगठनात्मक मर्यादाओं का पालन करना होगा। यदि किसी को कोई शिकायत या आपत्ति है तो उसे मीडिया अथवा सोशल मीडिया के बजाय पार्टी के निर्धारित मंचों पर उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पदाधिकारी को यह अधिकार नहीं है कि वह पार्टी नियमों की अवहेलना करते हुए वरिष्ठ नेताओं पर सार्वजनिक रूप से आरोप लगाए।

### ईको क्लब फॉर मिशन 'लाइफ' गतिविधि कैलेंडर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल के स्कूलों में पर्यावरण शिक्षा को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की गई है। यूनेस्को व हिमाचल प्रदेश सरकार ने संयुक्त रूप से 'इको क्लब फॉर मिशन लाइफ' गतिविधि कैलेंडर 2026-27 जारी किया है, जो पूरे शैक्षणिक वर्ष के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा। यह कैलेंडर केवल एक वार्षिक कार्यक्रम सूची नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इसके माध्यम से बच्चों में सतत जीवनशैली अपनाने और पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान में योगदान देने की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा।

# सड़कों पर उतरीं आंगनबाड़ी वर्कर्स-हेल्पर्स

## ग्रेच्युटी और मानदेय वृद्धि को लेकर राजधानी शिमला में किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स ने सोमवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर राजधानी शिमला में जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स यूनियन (सीटू) के आह्वान पर आयोजित एक दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब चार हजार आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स शिमला पहुंचीं और अपनी मांगों के समर्थन में विशाल रैली एवं प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर, यूनियन की राष्ट्रीय महासचिव ऊषा रानी, सीटू हिमाचल प्रदेश के महासचिव प्रेम गौतम, कोषाध्यक्ष जगत राम, यूनियन की प्रदेशाध्यक्ष नीलम जसवाल, महासचिव बीना शर्मा और अन्य नेताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मी वर्षों से समेकित बाल विकास सेवा परियोजना को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन उन्हें आज भी सम्मानजनक वेतन, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन के बाद यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री धनी राम शांडिल से मुलाकात कर मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मंत्री ने कई महत्वपूर्ण मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मियों को ग्रेच्युटी का लाभ उपलब्ध करवाने की दिशा में सरकार आवश्यक कार्रवाई करेगी।


मांगों को लेकर शिमला में प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स।

आंगनबाड़ी वर्कर्स ने मोबाइल रिचार्ज के लिए दी जाने वाली राशि को वर्तमान दो हजार रुपये वार्षिक से बढ़ाकर चार हजार रुपये वार्षिक करने पर सहमति बनी। इसके अलावा आंगनबाड़ी कर्मियों को नए स्मार्ट फोन उपलब्ध करवाने के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें यूनियन के महासचिव को भी शामिल किया जाएगा। हरियाणा की तर्ज पर आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स के मानदेय में बढ़ोतरी के मुद्दे पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। मंत्री ने इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। मंत्री ने ईपीएफ के विषय पर सकारात्मक संकेत देते हुए कहा कि सरकार इस दिशा में संभावनाओं का अध्ययन कर रही है। उन्होंने आंगनबाड़ी कर्मियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली लागू करने का प्रस्ताव भी रखा। यूनियन नेताओं ने स्पष्ट किया कि इस विषय पर संगठन के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

सरकार और यूनियन के बीच सहमति बनी कि सभी मांगों पर विस्तृत चर्चा तथा आगे की कार्रवाई तय करने के लिए 20 और 21 जुलाई को पुन: बैठक आयोजित की जाएगी।

# पंचायत प्रतिनिधियों को साधने में जुटीं राजनीतिक पार्टियां

**अनंत ज्ञान, भौर।** पंचायत चुनावों के परिणाम आने के बाद नवनिर्वाचित प्रधानों, उपप्रधानों और वार्ड सदस्यों को अपने पक्ष में करने के लिए राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। क्षेत्र में चर्चा है कि दोनों प्रमुख राजनीतिक दल अपने-अपने समर्थकों की संख्या बढ़ाने और भविष्य की राजनीतिक रणनीति मजबूत करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दिन-रात फोन कॉल, व्यक्तिगत संपर्क और बैठकों का सिलसिला जारी है। शाम होते ही विभिन्न स्थानों, रेस्ट हाउसों और निजी ठिकानों पर राजनीतिक बैठकों और मेल-मिलाप का दौर शुरू हो जाता है। जानकारी के अनुसार भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल नव-निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को अपने साथ जोड़ने के प्रयासों में लगे हुए हैं। एक निर्दलीय विजयी प्रधान ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों को अपने पक्ष में करने के लिए तरह-तरह के प्रस्ताव और आश्वासन दिए जा रहे हैं। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन क्षेत्र में इस प्रकार की चर्चाएं लगातार सुनने को मिल रही हैं। कुछ नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का कहना है कि उनसे बड़े-बड़े विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं और भविष्य में राजनीतिक सहयोग के वादे किए जा रहे हैं। वहीं कई प्रतिनिधि सोच-समझकर किसी राजनीतिक दल के साथ जाने की रणनीति बना रहे हैं।

# रेलवे प्रोजेक्ट को लेकर प्रदेश सरकार नहीं गंभीर : अनुराग

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल सरकार पर भानुपली-बिलासपुर-वरमाणा-लेह रेलवे लाइन के निर्माण में अनदेखी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जमीन अधिग्रहण के मामले में इस सरकार ने प्रोजेक्ट का मुआवजा देने के मामले में रेलवे मंत्रालय की मदद नहीं की है। 2000 करोड़ से ज्यादा की देनदारी हिमाचल सरकार की इस प्रोजेक्ट के मामले में हो चुकी है। वर्ष 2027 तक केंद्र सरकार का इस राष्ट्र हित वाली सबसे महत्वपूर्ण परियोजना के पहले चरण को मुकम्मल करने का लक्ष्य रखा गया था, मगर सरकार की अनदेखी इसमें आड़े आ रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट का भूमि अधिग्रहण का सारा हिस्सा प्रदेश सरकार को देना था लेकिन परियोजना के जो पैसे हिमाचल को आए, उसमें से ही राज्य सरकार ने मुआवजा चुकाने का प्रयास किया। चाहिए तो यह था की सेंट्रल ग्रांट से हिमाचल को जो पैसा मिल रहा है, उसी से ही इस मामले की यदि भरपाई हो जाती, तो इतनी देनदारी अभी तक नहीं होती और यह



परियोजना अच्छे तरीके से समयबद्ध रूप में मुकम्मल हो जाती। मगर सरकार की अनदेखी इस प्रोजेक्ट पर भारी पड़ रही है। मगर इसके बावजूद भी केंद्र सरकार इस प्रोजेक्ट को लेकर मुकम्मल तौर पर संजीदा है और वह अपना काम निर्धारित समय में पूरा करने में हर संभव प्रयास करेगी।

**◆ भूमि अधिग्रहण मुआवजे में 2000 करोड़ से ज्यादा की देनदारी हिमाचल की**

नंगल-तलवाड़ा रेलवे लाइन के बीच के हिस्से को जोड़ने का भी प्रयास चल रहा है। मीडिया के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अब कुछ ही हिस्सा इसमें रहा है। भूमि अधिग्रहण हो चुका है और बहुत जल्दी उसका काम मुकम्मल हो जाएगा। हमीरपुर में आयोजित 'मोदी सरकार के 12 साल: विकास के नाम' कार्यक्रम से पहले पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि बीते एक दशक से अधिक समय में केंद्र सरकार ने भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन और जवाबदेह शासन की नई कार्यसंस्कृति स्थापित की है।

# नगर निगम मंडी में रविदास समुदाय से बने मेयर : चमन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा है कि मंडी जिले में रविदास समुदाय की उल्लेखनीय जनसंख्या होने के बावजूद उसे राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि नगर निगम मंडी में रविदास समुदाय से महापौर पद का प्रतिनिधित्व का अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और समावेशी राजनीति की भावना को मजबूत करने के लिए सभी वर्गों को उनकी भागीदारी के अनुरूप सम्मानजनक प्रतिनिधित्व मिलना आवश्यक है। चमन राही ने जिला परिषद मंडी के चेयरमैन पद को लेकर भी अपनी मांग दोहराते हुए कहा कि वर्तमान में यह पद आरक्षित श्रेणी के लिए निर्धारित है और सुंदरनगर उपमंडल को इसका नेतृत्व करने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिला परिषद चुनाव भी इसी उद्देश्य के साथ लड़ा था ताकि सुंदरनगर उपमंडल को उसका अधिकार दिलाया जा सके। उनका कहना है कि जिले के अन्य उपमंडलों को पूर्व में जिला परिषद चेयरमैन पद का प्रतिनिधित्व मिल चुका है, जबकि सुंदरनगर अब तक इस अवसर से वंचित रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी क्षेत्रों को समान अवसर मिलना चाहिए और इस बार जिला परिषद चेयरमैन का पद सुंदरनगर उपमंडल को दिया जाना चाहिए।

**रेशम उत्पादन** नीलामी बाजार में कोकून का रिकॉर्ड 1960 रुपए प्रति किलो मिला मूल्य

# हिमाचल के रेशम किसानों ने रचा इतिहास

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के रेशम उत्पादन क्षेत्र ने एक नया इतिहास रच दिया है। राज्य के कोकून उत्पादक किसानों को खुले नीलामी बाजार में अपने उत्पाद का रिकॉर्ड 1960 रुपये प्रति किलोग्राम मूल्य प्राप्त हुआ है, जो प्रदेश के रेशम उद्योग के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक मूल्य माना जा रहा है। इस उपलब्धि से प्रदेश के हजारों रेशम किसानों में उत्साह का माहौल है और इसे राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों का सकारात्मक परिणाम माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर रेशम किसानों, विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रस्तुत बजट में 'हिम सिल्क मिशन' के लिए दो



**◆ 'हिम सिल्क मिशन' से रेशम उत्पादन को मिलेगा विस्तार**

करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत रेशम उत्पादन, शहतूत पौधारोपण, आधुनिक तकनीक, महिला एवं युवा भागीदारी तथा विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा।

### रेशम उत्पादन में हिमाचल को अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य

**उद्योग** मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने इसे प्रदेश के रेशम किसानों के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि विभाग द्वारा गुणवत्तापूर्ण रेशम बीज, तकनीकी प्रशिक्षण, रोग प्रबंधन और विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराने से कोकून की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी नीलामी व्यवस्था के कारण किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है। बता दें कि यह रिकॉर्ड मूल्य न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि देश के अन्य रेशम उत्पादक राज्यों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण है और आने वाले समय में 'हिम सिल्क मिशन' प्रदेश में ग्रामीण समृद्धि, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर हिमाचल के लक्ष्य को नई गति देगा।